वर्ष : 16 अंक : 344 लखनऊ शनिवार, 21 दिसंबर 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4

**मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय | : | 06:51 |
| सूर्यास्त | : | 05:18 |
| अधिकतम | : | 25:00° |
| न्यूनतम | : | 10:00° |

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड



धूम मचाने को तैयार हैं कियारा आडवाणी 10

सनातन सुरक्षित तो दुनिया भी सुरक्षित: योगी 2 | बाबा साहब के नाम पर बंद होनी... 6 | उत्तराखंड के अवैध मदरसों पर होगी... 12

## एक नजर

### पूर्व सीएम ओम प्रकाश चौटाला का निधन



**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री इंडियन नेशनल लोकदल नेता ओम प्रकाश चौटाला का गुरुग्राम में शुक्रवार को हृदयाघात से निधन हो गया। श्री चौटाला 89 वर्ष के थे।

### किसानों को मिलेगा बढ़ाकर मुआवजा

**लखनऊ।** जेवर एयरपोर्ट के निर्माण के अंतिम चरण में किसानों से ली गयी जमीन के एवज में अब उन्हें 3100 रुपये के बजाए 4300 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से मुआवजे का भुगतान किया जाएगा। किसानों को 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा मिलेगा।

### संसद विवाद : क्राइम ब्रांच करेगी जांच

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने संसद परिसर धक्का-मुक्की केस क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दिया है। इस मामले में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ 6 धाराओं में प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

### जंगल में मिला 10 करोड़ कैश व 52 किलो सोना

**भोपाल।** भोपाल के जंगल में मिले करीब 10 करोड़ कैश और 52 किलो सोने के 'धनकुबेर' मालिक का पता चल गया है। सूत्रों के मुताबिक, सोने और कैश का मालिक आरटीओ का पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा है।

### अरिहंत प्रकाशन के ठिकानों पर छापा

**नई दिल्ली।** देश के शीर्ष पांच प्रकाशकों में शामिल अरिहंत प्रकाशन के ठिकानों पर आयकर विभाग ने शुक्रवार को छापामार कार्रवाई की जिसमें अरबों रुपए की संपति मिलने की सूचना है।

### बढ़ाई एमएसपी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 855 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय के साथ 2025 सत्र के लिए खोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 422 रुपये तक की वृद्धि कर इसे 12,100 रुपये प्रति क्विंटल करने की घोषणा की है।

# एक्शन: सपा सांसद बर्क के घर पर चला बुलडोजर

## बिजली चोरी केस के बाद नई मुसीबत, 24 घंटे में पांचवीं कार्रवाई

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**संभल।** संभल में समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर रहमान बर्क के दीपा सराय स्थित घर पर बुलडोजर की कार्रवाई हुई है। प्रशासन और नगर पालिका की टीम ने शुक्रवार दोपहर घर के बाहर बनी सीढ़ियों को ध्वस्त कर दिया। सांसद पर 24 घंटे में यह पांचवी कार्रवाई है।

इससे पहले बिजली विभाग ने छापेमारी की। सांसद बर्क पर बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई, फिर उनके पिता पर अफसरों को धमकाने का केस दर्ज हुआ। घर का कनेक्शन काटा। अब उनके घर बुलडोजर चला है। अवैध निर्माण के आरोप में जिला प्रशासन की तरफ से पहले ही उन्हें नोटिस थमाया जा चुका है।



संभल में शुक्रवार को सपा सांसद जियाउर रहमान बर्क के आवास पर बुलडोजर की कार्रवाई।

इस पर सासंद के वकील की तरफ से एक माह के समय की मांग की गई थी। इसी दौरान अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर सासंद की सीढियां ध्वस्त कर दी गई। इस तरह, जहां एक तरफ आज जुमे की नमाज की तैयारी चल रही थी वहीं दूसरी तरफ बुलडोजर एक्शन चल रहा था। संभल पिछले कई दिनों से चर्चा में है। पहले जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा को लेकर यह सुर्खियों में रहा। इसके बाद सपा सांसद जियाउर रहमान बर्क के घर बिजली चोरी के आरोप लगे। प्रशासन ने उनके घर जांच की और उन्हें बिजली चोरी का दोषी पाते हुए एक करोड़ 91 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। बिजली विभाग के इंजीनियर विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि सांसद बर्क के घर पर 2-2 किलोवॉट के दो कनेक्शन थे। एक सांसद के नाम से और दूसरा इनके दादा जी के नाम से था। 6 महीने की इनकी बिजली खपत जीरो आ रही थी।

सपा सांसद के पिता ममलूकुर्रहमान बर्क के खिलाफ जूनियर इंजीनियर वीके गंगल और अजय शर्मा ने जांच के दौरान धमकाने का आरोप लगाया। उन्होंने नखास थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसमें बताया कि हम सांसद बर्क के घर में बिजली उपकरणों की जांच कर रहे थे, तो उनके पिता ने हमसे कहा कि हमारी सरकार आई, तो तुम लोगों का कबाड़ा कर देंगे। संभल में शाही मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद से बर्क खबरों में बने हुए हैं। उन पर भीड़ को भड़काने के आरोप हैं। हालांकि सांसद खुद को निर्दोष बता रहे हैं।

## जामा मस्जिद में घुसने की कोशिश, युवक हिरासत में

**संभल।** शाही जामा मस्जिद में शुक्रवार की नमाज के लिए तैनात पुलिस ने मस्जिद के पास से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। जिस व्यक्ति को हिरासत में लिया गया उनसे दावा किया कि वह मस्जिद में भोलेनाथ का दर्शन करने के लिए जा रहा था। पुलिस के अनुसार शाही जामा मस्जिद में शुक्रवार को जुमे की नमाज के कारण सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गयी थी और इसी दौरान पुलिस ने अजय शर्मा (30) नाम के एक युवक को हिरासत में लिया। जुमे की नमाज से पहले कड़ी सुरक्षा के बीच भगवा गमछा ओढ़े और माथे पर तिलक लगाए युवक शाही जामा मस्जिद की सीढ़ियों तक पहुंच गया, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा होने के बावजूद युवक का मस्जिद की सीढ़ियों तक पहुंचने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। मस्जिद की सीढ़ियों पर भगवा गमछाधारी युवक को देख मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नाराजगी जताई। युवक ने पत्रकारों से कहा कि मेरा नाम अजय शर्मा है। यह पूछे जाने पर कि वह कहां जा रहा था, शर्मा ने कहा कि मैं 'भोलेनाथ' के दर्शन करने जा रहा था। जब शर्मा से पूछा गया कि वहां कोई मंदिर नहीं है तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने बताया कि पकड़ा गया



अजय शर्मा मानसिक रूप से बीमार है। वह संभल के जामा मस्जिद के निकट कोट पूर्वी मोहल्ले का निवासी है। उन्होंने बताया कि जहां जामा मस्जिद है, वह आम रास्ता है और शर्मा वहां से गुजर रहा था। अधिकारी ने बताया कि शर्मा को रोककर उससे पूछताछ की जा रही है और उसके बाद कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि शाही जामा मस्जिद में शुक्रवार की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से हुई।

## पीपी चौधरी बनाए गए 'एक देश, एक चुनाव' की जेपीसी के अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** देश में संसदीय और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने यानी एक देश एक चुनाव का प्रावधान वाले विधेयक पर विचार के लिए संसद ने शुक्रवार को 39 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन कर दिया है, जिसकी अध्यक्षता की जिम्मेदारी पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद पीपी चौधरी को दिया गया है। राज्यसभा में इस समिति के 12 सदस्यों को नामित करने के प्रस्ताव को ध्वनि मत से मंजूरी दिए जाने के साथ ही 39 सदस्यीय समिति का गठन हो गया।

इससे पहले, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने निचले सदन में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले 'संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024' और उससे जुड़े 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' को संसद की संयुक्त समिति के विचार के लिए भेजे जाने का प्रस्ताव रखा था, जिसे ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई।

## राम मंदिर बनवाने से कोई हिंदू नेता नहीं बन जाता : संघ प्रमुख

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि राम मंदिर तो हिंदुओं के लिए एक आस्था का विषय था। हिंदुओं का विश्वास था कि राम मंदिर बनना ही चाहिए, लेकिन ऐसा हो जाने से कोई हिंदू नेता नहीं बन जाता। दरअसल, संघ प्रमुख मोहन भागवत एक बार फिर अपने बयान की वजह से चर्चा में आ गए हैं। एक कार्यक्रम में उन्होंने दो टूक कहा है कि अगर किसी ने राम मंदिर का निर्माण भी करवा दिया है, उससे वह हिंदू नेता नहीं बन जाता।

भागवत ने कहा कि राम मंदिर तो हिंदुओं के लिए एक आस्था का विषय था। हिंदुओं का विश्वास था कि राम मंदिर बनना ही चाहिए, लेकिन ऐसा हो जाने से कोई हिंदू नेता नहीं बन जाता। हम बात करते हैं विश्वगुरु बनने की, महाशक्ति बनने की नहीं। ऐसा इसलिए, क्योंकि हमे पता है कि महाशक्ति बनने के बाद कोई कैसा व्यवहार करने लग जाता है। महाशक्ति की आड़ में अपने निजी स्वार्थ साधने की कोशिश करना हमारा रास्ता नहीं हो सकता। भागवत ने अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कहा कि



» हम नफरत की पराकाष्ठा तक पहुंच जाएं, यह ठीक नहीं

जैसा भी इतिहास रहा हो, इसका मतलब यह नहीं है कि हम नफरत की पराकाष्ठा तक पहुंच जाएं। हर चीज को शक से देखें और लगातार ऐसे मुद्दे उठाते रहें। समाधान क्या है, बस यही कि हम दुनिया को दिखा सकें कि हम एक हैं, हम एकजुट रह सकते हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि बाहर से आए कुछ समूह अपने साथ कट्टरता लेकर आए और वे चाहते हैं कि उनका पुराना शासन वापस आ जाए, लेकिन अब देश संविधान के अनुसार चलता है। इस व्यवस्था में लोग अपने प्रतिनिधि चुनते हैं, जो सरकार चलाते हैं। आधिपत्य के दिन चले गए। अब ऐसा बयान संघ प्रमुख की तरफ से तब आया है, जब कई राज्यों में मंदिर-मस्जिद को लेकर विवाद चल पड़ा है।

# नए कानूनों के प्रभावी अमल पर सीएम का जोर

## हर हाल में पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण अगले वर्ष मार्च तक हो पूरा

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस साल जुलाई से लागू तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी को लागू तीन नये कानूनों की प्रगति पुलिस कर्मियों का प्रशिक्षण अगले साल मार्च तक पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि नये कानूनों के क्रियान्वयन के लिए उपयोगी सभी उपकरणों की उपलब्धता यथाशीघ्र क्रय कर लिया जाए। मुख्यमंत्री ने नये कानूनों के बारे में व्यापक जनजागरूकता फैलाने की भी जरूरत बताई है।

शुक्रवार की रात हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश के सभी आईपीएस, पीपीएस और प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्षों और टेक्निकल स्टाफ को तीन नये कानूनों के संबंध में शत-प्रतिशत प्रशिक्षित किया जा चुका है।



वहीं 99 प्रतिशत निरीक्षकों, 95 प्रतिशत उपनिरीक्षकों तथा 74 प्रतिशत हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ-25 में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आएंगे। ऐसे में वहां नये कानूनों के प्रचार-प्रसार के लिए प्रदर्शनी लगायी जाए। इसके अलावा छोटे-छोटे वीडियो के जरिये श्रद्धालुओं को नये कानूनों की खूबियों के बारे में बताया जाए। साथ ही विशेष उपलब्धियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने के साथ विगत कुछ दिनों में उल्लेखनीय दंड के प्रकरण जिनमें कम से कम समय में अपराधियों को सजा दिलायी गयी, उनका प्रचार-प्रसार किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन नये कानूनों के अनुपालन में फॉरेंसिक का अहम रोल है। वर्तमान में प्रदेश के सभी जिलों में एक-एक फॉरेंसिक मोबाइल वैन ही संचालित हो रही है। ऐसे में सीएम ने जल्द से जल्द सभी जिलों में एक-एक और नयी फॉरेंसिक मोबाइल वैन की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक विशेषज्ञों की भर्ती प्रक्रिया को तेज किया जाए। इन कानूनों के क्रियान्वयन में उनकी अहम भूमिका है। इसे ध्यान में रखते हुए भर्ती प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। सीएम ने कारागार में वीसी यूनिट के अधिष्ठापन की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिये।

## मैंने जस्टिस शेखर की नियुक्ति का किया था विरोध : चंद्रचूड़

### कारण नेपोटिज्म, संबंधों और अन्य पूर्वाग्रहों से जुड़ा था





**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने विवादों में चल रहे इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव को लेकर बहुत बड़ा खुलासा किया है। चंद्रचूड़ ने कहा कि वे जस्टिस शेखर यादव की नियुक्ति को लेकर शुरू से विरोध में थे। उन्होंने इसके लिए तत्कालीन सीजेआई को पत्र भी लिखा था। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के एक कार्यक्रम में कथित तौर पर मुसलमानों के खिलाफ विवादास्पद बयान देने को लेकर न्यायाधीश शेखर कुमार यादव चर्चा में हैं। इस सिलसिले में वह मंगलवार को उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम के समक्ष पेश हो चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चंद्रचूड़ ने बताया कि उन्होंने तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम को पत्र लिखकर शेखर कुमार यादव की इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज के तौर पर नियुक्ति का कड़ा विरोध किया था। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, यह सच है कि मैंने शेखर कुमार यादव के साथ-साथ कई अन्य नामों का भी विरोध किया था। इसका कारण नेपोटिज्म, संबंधों और अन्य पूर्वाग्रहों से जुड़ा हुआ था। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि किसी न्यायाधीश का रिश्तेदार होना स्वतः ही अयोग्यता का कारण नहीं है, लेकिन नियुक्ति योग्यता के आधार पर होनी चाहिए।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने न्यायमूर्ति शेखर यादव के हालिया विवादास्पद बयानों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि एक मौजूदा न्यायाधीश को हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि वह क्या बोल रहा है, चाहे वह अदालत के अंदर हो या बाहर। न्यायाधीश के बयान से ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए, जिससे न्यायपालिका के पक्षपाती होने की धारणा बने।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की उस टिप्पणी पर भी अपनी असहमति जताई, जिसमें कहा गया था कि धार्मिक सभाओं में धर्मांतरण को नहीं रोका गया, तो भारत की बहुसंख्यक आबादी अल्पसंख्यक हो जाएगी। उन्होंने कहा कि न्यायालय को किसी भी समुदाय के खिलाफ पूर्वाग्रह नहीं रखना चाहिए। कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश द्वारा बेंगलुरु के एक क्षेत्र को पाकिस्तान कहने के मामले का जिक्र करते हुए जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि इस टिप्पणी के बारे में पता चलते ही मैंने तुरंत कर्नाटक उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार से रिकॉर्ड मंगवाया। जब यह पुष्टि हुई कि ऐसी टिप्पणी की गई थी तो मैंने खुले न्यायालय में कहा था कि ऐसी टिप्पणियां अस्वीकार्य हैं।

## कार से युवक की मौत पर नायब तहसीलदार निलंबित

**बहराइच।** बहराइच के नायब तहसीदार की गाड़ी से एक युवक की मौत हो गई। टक्कर के बाद गिरा युवक नायब तहसीदार की गाड़ी में फंस गया और 30 किलोमीटर तक घसीटता चला आया। हादसा रामगांव इलाके में हुआ। मामले की जानकारी के बाद नायब तहसीलदार को निलंबित कर दिया गया है। हालांकि गाड़ी उनका ड्राइवर चला रहा था। घटना गुरुवार की रात हुई।

मामले को गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने नायब तहसीलदार शैलेश कुमार अवस्थी को निलंबित कर दिया है। सीओ नानपारा प्रदुम्न सिंह ने बताया कि चालक पर केस दर्ज कर लिया गया है। विवेचना में अन्य का नाम बढ़ाया जा सकता है। पुलिस के अनुसार घटना के संबंध में और सबूत इकट्ठा करने के लिए टोल प्लाजा और अन्य स्थानों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

## पाक से ज्यादा क्रूर बांग्लादेश हिंदुओं पर किए 2200 हमले

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने के बाद अंतरिम सत्ता में आए शांति के पुरोधा मोहम्मद युनुस के शासन में हिंदुओं के खिलाफ जमकर हिंसा हो रही है। भारत सरकार ने हिंसा पर बांग्लादेश के झूठ की पोल खोल दी है। बांग्लादेश हिंदुओं के खिलाफ पाकिस्तान से भी ज्यादा क्रूर बन गया है। संसद में दिए एक जवाब में विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने बताया है कि इस साल आठ दिसंबर तक बांग्लादेश में हिंदुओं समेत अल्पसंख्यकों के खिलाफ 2200 हमले हुए हैं, जबकि अक्टूबर तक पाकिस्तान में इस साल हिंदुओं पर 112 हमलों की घटनाएं सामने आई हैं।

विदेश राज्य मंत्री ने संसद में आंकड़े जारी करते हुए बताया कि बांग्लादेश में साल 2022 में जहां 47 हमले हिंदुओं





» संसद में खुली शांति के पुरोधा मोहम्मद यूनुस की पोल

और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ सामने आए, तो पाकिस्तान में यह संख्या 241 थी। इसके बाद 2021 में बांग्लादेश में 302 मामले सामने आए और पाकिस्तान में 103। वहीं, इस साल बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। आठ दिसंबर, 2024 तक बांग्लादेश में हिंसा के 2200 मामले सामने आ चुके हैं और पाकिस्तान में यह संख्या 112 है।

## 46 साल बाद खुले कार्तिक महादेव मंदिर का सर्वे शुरू

**संभल।** संभल के मुस्लिम इलाके में 46 साल बाद खुले कार्तिक महादेव मंदिर का पुरातात्विक विभाग (एएसआई) ने सर्वे शुरू कर दिया है। शुक्रवार को चार सदस्यीय टीम मंदिर का सर्वे करने पहुंची। इस टीम ने मंदिर के साथ ही यहां के 5 तीर्थों और 19 कुओं की भी जांच की है। यह सर्वेक्षण कई घंटे तक चला है। फिलहाल कुल 24 क्षेत्रों का सर्वे किया गया है। इसकी रिपोर्ट जल्द ही डीएम राजेंद्र पैसिया को सौंपी जाएगी।

डीएम ने भी मंदिर मिलने के बाद इसका एएसआई से सर्वे का फैसला लिया था। डीएम ने तब बताया था कि यह मंदिर एक हजार साल पुराना हो सकता है। डीएम डॉ राजेंद्र पेंसिया ने कहा कि चार सदस्यीय टीम ने सर्वे किया है। संभल में 5 तीर्थों और 19 कुओं की एएसआई द्वारा निगरानी की गई। जो नया मंदिर मिला है, उसकी भी निगरानी की गई। सर्वेक्षण 8-10 घंटे चला है। जो प्राचीन मंदिर खुला था, उसका भी सर्वेक्षण किया गया।

## जयपुर टैंकर ब्लास्ट में 11 जिंदा जले

**एजेंसी**

**जयपुर।** शुक्रवार सुबह दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास एलपीजी टैंकर और ट्रक की भीषण टक्कर में 11 लोग जिंदा जल गए। हादसे में 35 लोग झुलसे हैं। हादसे के करीब 6 घंटे बाद तक लोगों को घुटन व आंखों में जलन महसूस हो रही थी।

टैंकर फटने के बाद लगी आग की लपटें इतनी ऊंची थीं कि कई पक्षी तक जल गए। बस और ट्रक के साथ हाईवे पर कई गाड़ियां भी आग की चपेट में आईं हैं। आग की तपिश से एक बाइक सवार का हेलमेट उसके चेहरे से चिपक गया और उसकी आंखें तक जल गईं। घायलों के बीच एक ऐसी लाश भी हॉस्पिटल पहुंची जिसका केवल धड़ था। सिर और पैर गायब था।

शुक्रवार सुबह एलपीजी से भरा टैंकर अजमेर की तरफ से जयपुर आ रहा था। भांकरोटा में डीपीएस स्कूल के सामने से टैंकर यू-टर्न ले रहा था। जयपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने गैस के टैंकर के नोजल



» 200 मीटर का एरिया गैस का चैंबर बना

में टक्कर मार दी। नोजल से करीब 18 टन गैस हवा में फैल गई और 200 मीटर का एरिया गैस का चैंबर बन गया।

इसके कुछ सेकेंड बाद ही टैंकर में जोरदार धमाका हुआ और आसपास की गाड़ियों में आग फैल गई। गेल इंडिया के डीजीएम ने बताया कि हादसा स्थल से करीब 100 मीटर दूर कच्चे तेल की पाइपलाइन भी है, लेकिन वो सेफ है। लेकसिटी ट्रैवल की बस गुरुवार रात 9 बजे उदयपुर से निकली थी।

## अराजकता संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में 54 .5 तो राज्यसभा में 40 प्रतिशत ही काम हो पाया

# शोर शराबा, हल्ला-हंगामा और धक्का-मुक्की की भेंट चढ़ गया सत्र

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र हंगामेदार रहा और विपक्ष के विरोध प्रदर्शनों के बीच समाप्त हो गया। अमित शाह की आंबेडकर पर टिप्पणी और राहुल गांधी पर आरोपों ने विवाद खड़ा किया। धक्का-मुक्की की घटनाओं के बीच, 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विधेयक को संयुक्त समिति के पास भेजा गया और अडानी मुद्दे पर भी हंगामा हुआ।

फिलहाल संसद का विंटर सेशन खत्म हो चुका है। लोकसभा और राज्यसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया जा चुका है। संसद के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को विपक्षी सांसदों ने विजय चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। विपक्षी धड़ा

» पहले अदाणी, फिर अमित शाह की आंबेडकर पर टिप्पणी को लेकर बवाल, विपक्ष का सदन के अंदर-बाहर विरोध प्रदर्शन

कथित तौर पर बीआर आंबेडकर का 'अपमान' मामले में गृह मंत्री अमित शाह से माफी मांगने के साथ ही इस्तीफा देने पर अड़ा रहा। विपक्षी दलों ने विजय चौक से संसद तक विरोध मार्च भी निकाला। यह विरोध प्रदर्शन आंबेडकर के कथित अपमान को लेकर विपक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों द्वारा अलग-अलग मार्च के एक दिन बाद हुआ है।

इससे पहले आंबेडकर के ही मुद्दे पर



गुरुवार को संसद परिसर में धक्का-मुक्की हुई। इसमें बीजेपी सांसद प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि बीजेपी सांसदों ने उन्हें धक्का देकर ज़मीन पर गिरा दिया जिससे उनके घुटने में चोट लग गई। दोनों पक्षों की तरफ से पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई गई। दिल्ली पुलिस ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की। गुरुवार को संसद में हुई हाथापाई के बाद, बीजेपी की महिला सांसद कोन्याक ने दावा किया कि संसद में विरोध प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी की तरफ से कथित तौर पर उन पर चिल्लाने के बाद वह 'असहज' हो गईं। कोन्याक ने राज्यसभा में कहा कि गांधी उनके बहुत करीब आ गए थे जो उन्हें विपक्ष के नेता के लिए 'अनुचित' लगा। उन्होंने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से सुरक्षा की भी मांग की।

इस बीच शुक्रवार को केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने संसद के शीतकालीन सत्र में व्यवधान डालने के लिए विपक्ष की आलोचना की। सदन में हंगामे के कारण कामकाज में गिरावट आई। संसद के इस सत्र में लोकसभा में 54.5 प्रतिशत तो राज्यसभा में 40 प्रतिशत प्रॉडक्टिविटी रही। केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष से आगामी बजट सत्र में इसी तरह की रुकावटों से बचने का आग्रह किया। रिजिजू ने कहा कि विपक्ष की तरफ से गड़बड़ी के कारण संसद की उत्पादकता कम हो गई। उन्होंने कहा कि हमने संसद के सुचारु कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए बहुत प्रयास किए। मैं उम्मीद करता हूं और विपक्ष से अनुरोध करता हूं कि वे बजट सत्र में इसी तरह की रुकावटें न डालें।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की डॉ. बीआर आंबेडकर पर की गई टिप्पणी के बाद संसद में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। मंगलवार को राज्यसभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा था कि अभी एक फैशन हो गया है- आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। इस बयान का पूरे देश में छिटपुट विरोध हुआ। लोकसभा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने से पहले सदन ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर दो विधेयकों को 27 लोकसभा सांसदों और 12 राज्यसभा सांसदों वाली संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया। गौरतलब है कि दोनों सदनों में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विधेयक को लेकर हंगामा हुआ था। इसमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का प्रस्ताव था।

# अब आरपार की लड़ाई के मूड में बिजली कर्मी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

» ऊर्जा मंत्री घाटे को लेकर विरोधाभाषी बयान दे रहे : संघर्ष समिति

» 22 को लखनऊ में होगी बिजली पंचायत

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने ऊर्जा निगमों के घाटे को लेकर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री द्वारा दिये गये बयानों को भ्रामक बताते हुए कहा कि ऊर्जा मंत्री घाटे को लेकर विरोधाभाषी बयान दे रहे हैं। संघर्ष समिति ने यह भी कहा कि ऊर्जा निगमों के किसी भी श्रम संघ ने निजीकरण का समर्थन नहीं किया है। इस सम्बन्ध में ऊर्जा मंत्री गलत बयानी कर रहे हैं। संघर्ष समिति के आह्वान पर निजीकरण के विरोध में आगामी 22 दिसम्बर को लखनऊ में विशाल बिजली पंचायत का आयोजन किया गया है।

लखनऊ में होने वाली बिजली पंचायत में देश के सभी बिजली कर्मचारी महासंघों और ऑल इण्डिया पॉवर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन एवं ऑल इण्डिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महामंत्री सम्मिलित होंगे। इस बिजली पंचायत में प्रदेश के सभी जिलों एवं परियोजनाओं से बड़ी संख्या में बिजली कर्मी संविदा कर्मी और अभियन्ता सम्मिलित होंगे। पंचायत में उपभोक्ता संगठनों और किसानों का भी प्रतिनिधित्व होगा। बिजली पंचायत में निजीकरण के विरोध में संघर्ष के अगले कदमों की घोषणा की जायेगी।

ऊर्जा मंत्री द्वारा विद्युत वितरण निगमों में घाटे के दिये गये आंकड़ों पर सवाल उठाते हुए संघर्ष समिति ने कहा कि पॉवर कारपोरेशन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016-17 में वितरण निगमों की एटीएण्डसी हानियां 41 प्रतिशत थीं। 2017 में योगी आदित्यनाथ सरकार आने के बाद 2021-22 में एटीएण्डसी हानियां घट कर 27.23 प्रतिशत रह गयी थीं। वर्ष 2023-24 में एटीएण्डसी हानियां 17 प्रतिशत हो गयी हैं। इस प्रकार 7 वर्षों में एटीएण्डसी हानियां में 24 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी आयी है। इसके विपरीत ऊर्जा मंत्री घाटे के बड़े-बड़े भ्रामक आकड़े देकर निजीकरण की दुहाई दे रहे हैं। जबकि निजीकरण के कारण आगरा में पॉवर कारपोरेशन को टोरेंट कम्पनी को बिजली देने में ही 2434 करोड़ रूपये का नुकसान हो चुका है और आगरा जैसे औद्योगिक और व्यवसायिक शहर से होने वाले राजस्व की हानि 5 हजार करोड़ रूपये से अधिक की है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों राजीव सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय,सुहैल आबिद, पी.के.दीक्षित, राजेंद्र घिल्डियाल, चंद्र भूषण उपाध्याय, आर वाई शुक्ला, छोटेलाल दीक्षित, देवेन्द्र पाण्डेय, आर बी सिंह, राम कृपाल यादव, मो वसीम, मायाशंकर तिवारी, राम चरण सिंह, मो. इलियास, श्रीचन्द, सरयू त्रिवेदी, योगेन्द्र कुमार, ए.के. श्रीवास्तव, के.एस. रावत, रफीक अहमद, पी एस बाजपेई, जी.पी. सिंह, राम सहारे वर्मा, प्रेम नाथ राय एवं विशम्भर सिंह ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में काम कर रही निजी कम्पनी नोएडा पावर कम्पनी का लाईसेंस निरस्त कराने के लिए उप्र सरकार मा. सर्वोच्च न्यायालय में मुकदमा लड़ रही है। ऐसे में नोएडा पॉवर कम्पनी का ऊर्जा मंत्री द्वारा गुणगान किया जाना समझ के परे है। आगरा में काम कर रही टोरेंट पॉवर कम्पनी के विरोध में सीएजी ने अनियमितता के गम्भीर आरोप लगाये हैं।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूछताछ के लिए तलब

## प्रदर्शन में प्रभात की मौत का मामला

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस द्वारा 18 दिसम्बर को विधान भवन का घेराव और प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस मुख्यालय में मृत पाये गये कार्यकर्ता प्रभात पांडेय का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है।

पुलिस ने अपनी जांच तेज करते हुये कांग्रेस के कई नेताओं सहित कार्यालय में काम करने वालों को भी बयान दर्ज कराने के लिये नोटिस जारी करके बुलाया है। इसमें मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय भी शामिल हैं। पुलिस इस केस में कुछ बिंदुओं पर फोकस कर जांच आगे बढ़ायेगी। पुलिस की जांच के मुख्यबिंदुओं में कांग्रेस कार्यालय में मौजूद काम करने वाले या देखभाल करने वाले और अन्य मौजूद लोगों से पूछताछ करना, प्रदर्शन का ऐलान करने वाले नेताओं व प्रदर्शन में शामिल हुये कार्यकर्ताओं के बयान दर्ज करना, प्रभात पांडेय को किसने फोन करके बुलाया था और प्रभात के साथ और कौन कौन कार्यकर्ता गोरखपुर से आये थे आदि हैं।

इनकी जांच के लिये अपनी सर्विलांस टीम की भी मदद ले रही है। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि घटना की जांच की जा रही है, जो भी जिम्मेदार होगा उसको बख्शा नहीं जायेगा।

### पुलिस की भूमिका पर उठाया सवाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बीती 18 दिसम्बर को विधान भवन घेराव व प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता प्रभात पाण्डेय की मौत को लेकर जांच कर रही पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को अपने बयान में कहा कि पुलिस दल ने कांग्रेस पार्टी पर साक्ष्यों से छेड़छाड का आरोप लगाया है जो नियाहत ही दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है।

## अयोध्या में हुए अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद्भागवत पाठ और पंच नारायण महायज्ञ में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# सनातन सुरक्षित तो दुनिया में सभी सुरक्षित: योगी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

» औरंगजेब के खानदान पता चला कोलकाता के पास रिक्शा चला रहा था

» कभी उसने ईश्वर की दुर्गति नहीं की होती तो उसकी औलादों को ये दिन न देखना पड़ता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है। सनातन धर्म सुरक्षित तो दुनिया में सब कोई सुरक्षित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत तब तक भारत है जब तक यहां सनातन धर्म सुरक्षित है। विश्व मानव सभ्यता को बचाना है तो सनातन का सम्मान करना ही होगा। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि मनीषियों ने हजारों वर्ष पहले वसुधैव कुटुम्बकम की बात कही। दुनिया के अंदर सनातन धर्म ही ऐसा धर्म है जिसने हर मत मजहब को विपत्ति के समय शरण दिया है, लेकिन क्या ऐसा हिंदुओ के साथ ऐसा होता है क्या? क्या हुआ बांग्लादेश में उससे पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान में क्या हुआ था..? काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में,कभी संभल में कल्कि अवतार की हरिहर भूमि,कभी भोजपुर में...हर समय हिंदुओ के मंदिरों को तोड़ा गया। औरंगजेब के खानदान पता चला कोलकाता के पास रिक्शा चला रहा था,कभी उसने ईश्वर की दुर्गति नही की होती तो उसके औलादों को ये दिन न देखना पड़ता।

उन्होंने जोर देकर कहा कि इसकी रक्षा के लिए इसके संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर के कार्य करना होगा। यह एक शाश्वत धर्म है, सृष्टि के साथ चला हुआ धर्म है हो सकता है कि किसी कालखंड में कुछ विसंगतिया आई हो लेकिन, विसंगती का परिमार्जन भी हमारे ऋषि मुनि संतो के माध्यम से समय-समय परमहापुरुषों के द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करते हुए हम करेंगे। कहीं भी हम आपसी उन फूट का, आपसी बंटवारे का, आपसी विभाजन की गलतियों को पूरे देश और पूरे धर्म को नहीं भुगतने देंगे, इस संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ना होगा। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने अयोध्या धाम के अशर्फी भवन आश्रम में आयोजित अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद्भागवत पाठ और पंच नारायण महायज्ञ में भाग लिया। सीएम योगी ने महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए आहुतियां अर्पित की।



इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति के माध्यम से समाज में सकारात्मकता और शांति का प्रसार होता है। ऐतिहासिक मंदिरों पर आक्रमण की घटनाओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग इन पवित्र स्थलों को नष्ट करने का काम करते थे, उनका कुल और वंश नष्ट हो गया। योगी ने कहा कि औरंगजेब के परिवार के लोग आज रिक्शा चला रहे हैं। यह उनकी दुर्गति है। अगर उन्होंने पुण्य किए होते और मंदिरों को न तोड़ा होता, तो क्या उनकी ऐसी स्थिति होती? उन्होंने कहा कि विश्व शांति की स्थापना केवल सनातन धर्म के माध्यम से हो सकती है। यह शाश्वत धर्म है, जो सृष्टि के आरंभ से ही चला आ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विरासत और विकास के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए। उन्होंने अयोध्या में हो रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार ने संतों के मार्गदर्शन में अयोध्या के वैभव को पुनः स्थापित करने का कार्य किया है।

### सीएम ने दिया मिल्कीपुर उपचुनाव जीत का मंत्र

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने श्री रामलला और हनुमानगढ़ी के दर्शन के करने के बाद धार्मिक अनुष्ठान पंच नारायण महायज्ञ में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरयू अतिथि भवन में लगभग डेढ़ घंटे तक अयोध्या के विकास और मिल्कीपुर उपचुनाव के साथ ही महाकुंभ और श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर गहन विचार विमर्श किया। सीएम योगी ने यहां महाकुम्भ 2025 को लेकर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उचित व्यवस्था का निर्देश दिया। सीएम ने यहां मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर बीजेपी पदाधिकारियों और स्थानीय नेताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर गंभीर हैं। इसी के मद्देनजर उन्होंने यहां सरकार के मंत्रियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के साथ मिल्कीपुर चुनाव में अब तक की तैयारियों की समीक्षा की।

# सदन में चर्चा न हो तो संविधान की रक्षा नहीं हो सकती : महाना

» शसत्र के दौरान विपक्ष के रवैये पर विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना का रूख



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा है कि प्रश्न प्रहर में व्यवधान हो अथवा नोटिस आदि और सदस्यों द्वारा जो प्रश्न पूछे जाते हैं उन पर सदन में चर्चा न हो, तो इससे संविधान की रक्षा किसी भी पहलू से नहीं की जा सकती। यह स्थिति अत्यंत निराशाजनक है।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्ष के सदस्यों के धरना अवरोध और प्रदर्शन से असहजता की स्थिति को सत्र समाप्ति पश्चात आज पत्रकारों से साझा किया। अध्यक्ष महाना का कहना था कि संसदीय लोकतंत्र की व्यवस्था के उन्नयन राजनीतिक दल उनके नेता अपने सदस्यों को इस बात के निर्देश दें कि वह सदन में अपना आचरण संसदीय गरिमा एवं उच्च परम्पराओं के अनुसार निर्वहन करें। सदन में नारे व्यवधान धरने से कदाचित सदन संचालन दुरूह हो जायगा। पांच दिवसीय विधानसभा सत्र के तीसरे दिन के सत्ता विपक्ष सदस्य मंत्रियों में वाकयुद्ध से सदन की कार्यवाही बाधित प्रभावित होने के फलस्वरूप गुरुवार दोपहर को एक सदस्य को मार्शल की मदद से बाहर किया और आवश्यक विधायी कार्य और अनुपूरक बजट के पारित होने के साथ ही विधानसभा के शीतकालीन सत्र की कार्यवाही को अनिश्चित काल के लिये स्थगित कर दिया गया। विधानसभा की तरफ से उपलब्ध सूचना के अनुसार वर्ष 2024 के तीन सत्रों में 1054 सूचनाएं प्राप्त हुईं और 696 को स्वीकृत किया गया, 1496 नियम 51 में 116 सूचनाओं में 23 को सुना गया। तीसरे सत्र में 2809 प्राप्त हुए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर शासन ने सदस्यों को पब्लिक पोर्टल पर उपलब्ध कराया गया।

# सिंचाई में कोताही बर्दाश्त नहीं : स्वतंत्र देव

» कहा–11 सहायक अभियन्ताओं के रिक्त पदों पर हो रही कार्रवाई

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**लखनऊ।** प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा है कि विभागीय अभियन्ताओं को, जिन जिलों में तैनाती की कार्यवाही की जा रही है वे तत्काल कार्यभार ग्रहण करते हुये विभागीय योजनाओं का अधिकाधिक लाभ कृषकों को प्रदान किये जाने में अपना सहयोग दें। जल शक्ति मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह ने यह निर्देश लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंताओ के पदस्थापन के अवसर दिया। कार्यक्रम का आयोजन राणाप्रताप मार्ग स्थित जल निगम ग्रामीण के कार्यालय में आयोजित किया गया। जलशक्ति मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि किसान हमारे अन्न दाता हैं उन्हें समय से सुनिश्चित सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि सिंचाई में कोताही बर्दाश्त नहीं।

पदस्थापन प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रोन्नति के फलस्वरूप रिक्त हुये पदों पर सहायक अभियन्ताओं के पदस्थापन किया गया। कार्यक्रम में लघु सिंचाई विभाग के 11 सहायक अभियन्ताओं के विभिन्न रिक्त जनपदों में पदस्थीकरण की कार्यवाही की गयी। विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव द्वारा अपने संबोधन में अभियन्ताओं से विभागीय जनोपयोगी कार्यों को ईमानदारी के साथ सीधे कृषकों तक पहुंचाने की दिशा में कार्य करने एवं उनके आय में बढ़ोत्तरी किये जाने का आवाहन किया गया। उन्होंने कहा कि भूजल स्तर में बढ़ोत्तरी हेतु विभाग द्वारा वर्षा जल संचयन व संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किया जाना है। विशेष सचिव प्रभाष कुमार के द्वारा सरकार की मंशा के अनुरूप योजनाओं पर प्रदत्त अनुदान का लाभ किसानों तक ससमय पहुंचाने की विशेष आवश्यकता बतायी गयी।

## डॉ. आम्बेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं : सुदर्शन

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी बाबा साहेब आंबेडकर वाहनी के राष्ट्रीय महासचिव राम बाबू सुदर्शन ने कहा कि डॉ.भीमराव अम्बेडकर पर गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की गयी अपमानजनक टिप्पणी से देश भर के लोगो में बढ़ते आक्रोश के चलते गृह मंत्री को तत्काल माफ़ी मांगनी चाहिए। देश के गृह मंत्री जैसे सम्मानजनक पद पर रहते हुए, संविधान के शिल्पकार डॉ. अम्बेडकर का मजाक उड़ाना पद की गरिमा को शोभा नहीं देता है। सुदर्शन ने कहा कि बाबा साहेब देश के शोषित, वंचित, पीड़ित समाज में पूजनीय हैं। दलितों आदिवासियों पिछडो को बाबा साहब ने ही उनके हक़ अधिकारों की लड़ाई लड़ी, गृह मंत्री की बाबा साहब पर की गयी टिप्पणी बताती हैकि भाजपा किस तरह से सविधान और डॉ. अम्बेडकर जी से नफरत करती है।

# गृहमंत्री को मांगनी चाहिए माफी : अखिलेश

» नयी दिल्ली में विजय चौक से संसद परिसर तक किया गया प्रदर्शन

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि राज्य सभा में चर्चा के दौरान गृह मंत्री का जो भाव था वह बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का अपमान है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर की गई टिप्पणी के लिए गृहमंत्री को माफी मांगनी चाहिए। उन्हें सभी सांसदों की मांग माननी चाहिए। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी हम सभी लोगों, पिछड़ों, दलितों, गरीबो, शोषितों, वंचितों के लिए पूज्यनीय है। पीडीए के लोग बाबा साहब को पूजते हैं। हर समाज के लोग उन्हें भगवान की दृष्टि से देखते है। बाबा साहब के लिए इस तरह की भाषा का प्रयोग निंदनीय है। गृह मंत्री जी को अपने शब्द वापस लेना चाहिए।

इससे पहले समाजवादी पार्टी के सांसदों ने भाजपा नेता एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के प्रति की गई अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में नई दिल्ली में विजय चौक से लेकर संसद भवन तक मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी के सभी सांसदों ने लाल टोपी लगाकर बाबा साहब का चित्र लेकर नारे लगाते हुए मार्च किया।

### बयान के विरोध में सपा का आज जिलों में प्रदर्शन

**लखनऊ।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर पर आपत्ति जनक टिप्पणी के विरोध में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा सभी जिला मुख्यालयों पर 21 दिसम्बर को गृहमंत्री को पद से हटाने तथा जनता से उनके द्वारा क्षमा मांगने के सम्बन्ध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

## वाराणसी में सौ दिनों से चल रहा धरना समाप्त

**लखनऊ।** धनाढ्यों की संपत्ति पर समुचित टैक्स लगाने, शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार की गारंटी करने, सरकारी विभागों में खाली पदों को भरने और हर नागरिक के सम्मानजनक जीवन के संवैधानिक अधिकार को सुनिश्चित करने के सवालों पर उत्तर प्रदेश में रोजगार अधिकार अभियान संवाद की शुरुआत की गई है। यह घोषणा वाराणसी के शास्त्री घाट पर सर्व सेवा संघ के 100 दिन के धरने के समापन के अवसर पर आयोजित सभा में ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के संस्थापक सदस्य अखिलेन्द्र प्रताप सिंह ने की। कहा कि इन सवालों के साथ गांधी विचारों के केंद्र सर्व सेवा संघ की वाराणसी के राजघाट पर स्थित स्मारक, पुस्तकालय, हाल और सम्पत्ति आदि को भाजपा-आरएसएस सरकार द्वारा तहस-नहस करने के सवाल को भी मजबूती से उठाया जाएगा।

## ऊर्जा मंत्री ने चिनहट विद्युत उपकेन्द्र का किया औचक निरीक्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने शुक्रवार दोपहर लगभग दो बजे चिनहट के शिवपुरी विद्युत उपकेन्द्र पहुंचकर एकमुश्त समाधान योजना के अन्तर्गत लगे शिविर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ओटीएस रजिस्टर और बिलिंग काउन्टर का भी निरीक्षण किया। वहां पर मौजूद उपभोक्ताओं से उनकी समस्याओं की भी जानकारी लेने के साथ ही ओटीएस योजना के तहत लाभ लेने में किसी भी प्रकार की परेशानी आने की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ओटीएस योजना के लाभ के लिये बकायेदार उपभोक्ताओं को लाभ लेने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। योजना के बारे में अधिक से अधिक लोगों के बीच प्रचार-प्रसार भी किया जाए।

# गन्ने का राज्य परामर्शी मूल्य तय करने को मुख्य सचिव ने की बैठक

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

» किसानों ने गन्ना मूल्य बढ़ाने की मांग की तो मिलों के प्रतिनिधियों ने किया विरोध

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चालू पेराई सत्र 2024-25 में गन्ने का राज्य परामर्शी मूल्य तय करने के बारे में शुक्रवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में अहम बैठक हुई। बैठक में राज्य में गन्ने की ज्यादा उपज देकर सम्मानित हुए किसान प्रतिनिधि और निजी चीनी मिलों के संगठन उत्तर प्रदेश शुगर मिल्स एसोसिएशन के पदाधिकारी शामिल हुए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य सचिव ने गन्ना मूल्य तय किये जाने के बारे में दोनों पक्षों के तर्क सुने। जहां एक ओर किसानों ने अपनी उत्पान लागत बढ़ने का तर्क देते हुए गन्ने का राज्य परामर्शी मूल्य बढ़ाने की मांग की। वहीं दूसरी तरफ चीनी मिलों के संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि मिलों में गन्ने से चीनी बनाने की लागत बढ़ती जा रही है इसलिए गन्ने का राज्य परामर्शी मूल्य बढ़ाना उचित नहीं होगा। इन प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि अगर प्रदेश सरकार गन्ना मूल्य बढ़ाती है तो फिर भविष्य में किसानों को समय से गन्ना मूल्य भुगतान करने में दिक्कतें आएंगी। बताते चलें कि अभी हाल ही में विधान सभा के शीतकालीन सत्र में राज्य के गन्ना मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने एक सपा विधायक द्वारा पूछे गये प्रश्न के उत्तर में कहा था कि चालू पेराई सत्र के लिए गन्ने का राज्य परामर्शी मूल्य तय करने की प्रक्रिया चल रही है।

## सरायन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी ने रेवोल्यूशनरी अवार्ड जीता

**लखनऊ।** डालमिया भारत फाउंडेशन (डीबीएफ) द्वारा प्रोत्साहित एवं सुविधा प्रदत्त सरायन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (एसएफपीसीएल) को एफपीओ के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिष्ठित रेवोल्यूशनरी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उत्तर प्रदेश के रामगढ़ और आसपास के गांवों में मूंज घास आधारित शिल्प को बढ़ावा देकर ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में फाउंडेशन के उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया है। सरायन कलेक्शन एक ऐसी पहल है जो मूंज उत्पादों के पारंपरिक शिल्प को पुनर्जीवित करती है, जो मानसून के दौरान नदी के किनारे पाई जाने वाली एक स्थानीय जंगली घास (मूंज) से बनाए जाते हैं।

## हरियाणा के पूर्व सीएम के निधन पर जताया शोक

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनके निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा कि ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों एवं उनके समर्थकों को विपदा की इस घड़ी में संबल प्रदान करें।

## सहायक परिवहन अधिकारी के 36 व सहायक वाहन निरीक्षक के 391 पद स्वीकृत

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (साधारण वेतनमान) एवं सहायक मोटर यान निरीक्षक (एएमवीआई) के पदों का सृजन किया है। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा सप्ताह की जानकारी तहसील,ग्राम पंचायत ग्राम सभाओं के माध्यम से आम जनता को देने के निर्देश दिए है। यह जानकारी देते हुए परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के 36 एवं सहायक मोटरयान निरीक्षक के 391 पदों की स्वीकृति हुई है।


# कार्यालय नगर पंचायत ठिरिया निजावत खां बरेली

पत्रांक-624/न0पं0ठि0नि0खां0/2024-25 दिनांक - 20/12/2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ०प्र० शासन, नगर विकास अनुभाग-9, द्वारा जारी अधिसूचना संख्या-912/नी-9-2024-85ज/05टी०सी०-1 दिनांक 28 जून 2024 के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली 2024 को अन्तिम रूप से प्रख्यापित कर दिया गया है। यह नियमावली उ०प्र० के समस्त नगर पालिका परिषदों व नगर पंचायतों पर लागू होगी। उक्त नियमावली के प्रस्तर-5 में प्रत्यायोजित शक्ति का प्रयोग करते हुये अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ठिरिया निजावत खां (बरेली) द्वारा उक्त अधिसूचना में प्राविधित उपबन्धों के अधीन मासिक किराया दर एवं कलेक्टर द्वारा निर्धारित सर्किल दर के आधार पर वर्गवार/श्रेणीवार भवन / भूमि समूह के लिये प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) हेतु न्यूनतम मासिक किराया दर निर्धारित किया जाता है। जिस भी व्यक्ति, संस्था/ गैर सरकारी संस्थान / सरकारी विभाग को निर्धारित मासिक, किराया दर पर आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट तथा कार्यालय अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ठिरिया निजातव खां (बरेली) में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। आपत्तियों का निस्तारण अधिसूचना के प्रस्तर-5 (ख) में विहित प्रक्रियाधीन अधिशासी अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

## वार्ड वार निर्धारित मासिक किराये की दर (प्रति वर्ग फुट)

| क्र0 सं0 | वार्ड का नाम | 24 मी0 से अधिक चौड़े मार्ग पर | | | 12-24 मी0 तक चौड़े मार्ग पर | | | 9-12 मी0 तक चौड़े मार्ग पर | | | 9 मी0 से कम चौड़े मार्ग पर | | | भूमि के संबंध में स्थिति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आर0सी0सी0 छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | आर0सी0सी0 छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | आर0सी0सी0 छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | आर0सी0सी0 छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | 24 मी0 से अधिक चौड़े मार्ग पर स्थिति | 12 से 24 मी0 तक चौड़े मार्ग पर स्थिति | 12 मी0 से कम चौड़े मार्ग पर स्थिति | 9 मी0 तक चौड़े मार्ग पर स्थिति |
| 1 | वार्ड सं0 1 से वार्ड सं0 14 तक समस्त वार्ड | 0.60 | 0.50 | 0.30 | 0.50 | 0.40 | 0.20 | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.20 | 0.16 | 0.10 | 0.10 |

अधिसूचना के प्रस्तर-7 के अधीन भवन/भूमि के वार्षिक मूल्य की गणना की जायेगी। वार्षिक मूल्य का 10 प्रतिशत सामान्य गृहकर 7.5 प्रतिशत जलकर 2.5 प्रतिशत जल निकास कर लागू होगा।

अधिशासी अधिकारी
न0पं0 ठिरिया निजावत खां
बरेली

अध्यक्ष
न0पं0 ठिरिया निजावत खां
बरेली


**पहल** महाकुम्भ में पुराने वृक्षों और जीवों का होगा संरक्षण, चलेगा रेस्क्यू ऑपरेशन

# पुराने वृक्षों के संरक्षण को चलेगा ऑपरेशन शतकवीर

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

» वन्य जीवों को उनके स्थल तक पहुंचाने के लिए वन विभाग ने तैयार किया प्लान

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ में पहली बार श्रद्धालुओं के साथ साथ वन्य जीवों और वन वनस्पतियों के भी हितों का ध्यान रखा जा रहा है। इसके अंतर्गत पुराने वृक्षों और वन्य जीवों के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए जाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 100 से अधिक वर्ष की आयु पूरी कर चुके वृक्षों के संरक्षण की योजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर पुरातन वृक्षों को संरक्षित किया जाएगा। इसके अलावा सीएम के निर्देश पर वन्य जीवों को उनके प्रवाह स्थल तक पहुंचाने के लिए वन विभाग ने एक स्पेशल प्लान बनाया है। दूसरी ओर श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर रोड, पार्किंग स्थल, टेंट क्षेत्र आदि में लगे पुराने वृक्षों को अपग्रेड करने का भी काम किया जा रहा है, जिससे देश दुनिया से महाकुम्भनगर आने वाले लोग इन प्राणवायु के दाता का महात्म प्रत्यक्ष रूप से देख सकें।

महाकुम्भनगर में बड़ी तादात में 100 से अधिक वर्ष के वृक्ष हैं। इनको संरक्षित करने के लिए पूरे प्रदेश में योगी सरकार विशेष ध्यान दे रही है। इसी क्रम में प्रयागराज में वन विभाग ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इन वृक्षों का घेरा बनाकर उन्हें मजबूती दी जाएगी। इसके साथ ही उनके चारो तरफ मजबूत पक्की चौकी बनाए जाने की योजना है, जिससे पेड़ मजबूती से टिका रहे। संगम क्षेत्र में स्थित पुराने




वृक्षों की सुरक्षा पर वन विभाग का विशेष जोर है। इसके अलावा श्रद्धालुओं के आवागमन को सुलभ बनाने के लिए पेड़ों की कटाई-छटाई भी बड़े पैमाने पर की जा रही है। इसके साथ ही पेड़ों के सौंदर्यीकरण का काम भी प्रमुखता से किया जा रहा है। वहीं, मेला क्षेत्र में वन्य जीवों की सुरक्षा और उनके रेस्क्यू का कार्य भी किया जा रहा है। इस परियोजना के लिए 20 लाख रुपए का बजट प्रस्तावित है। इसमें वन्य जीवों से श्रद्धालुओं की भी सुरक्षा प्रदान करना तथा वन्य जीवों को उनके प्रवाह स्थल तक पहुंचाए जाने का कार्य प्रमुख हैं।

### पॉलिथीन मुक्त महाकुम्भ के लिए आगे आए संत

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस बार महाकुम्भ में श्रद्धालुओं को शुद्ध जल, शुद्ध वायु और पॉलिथीन मुक्त वातावरण मिलने जा रहा है। प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने बताया कि इस बार का महाकुम्भ पूरी तरह पॉलिथीन मुक्त रहेगा। श्रद्धालु शुद्ध जल और शुद्ध वायु का यहां पर पूरा आनंद ले सकेंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस अभियान के लिए साधु संतों का पूरा सहयोग लिया जा रहा है। इसके अलावा इस बार साधु संतों के साथ साथ श्रद्धालुओं से भी प्रसाद और फूल पॉलीथिन में नहीं लाने का आह्वान किया है।

## एक नजर

### जिले के 25 महकमे हुए पेपर लेस

**अंबेडकरनगर।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा पूरे प्रदेश की सरकारी कार्यालयो को पेपर लेस किए जाने की अभियान के तहत ई – ऑफिस की शुरुआत की गई। इसी क्रम में जनपद अंबेडकर नगर में जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला के सराहनीय प्रयास से विकास विभाग के 25 विभागों को ई – ऑफिस के अंतर्गत लाइव किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ई – ऑफिस की शुरुआत होने से अब फाइलों के संचालन में तेजी आने के साथ ही साथ पेपर की बचत व पर्यावरण की रक्षा होगी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ई – ऑफिस प्रणाली के लागू होने से अब फाइलों के मूवमेंट एवं ट्रैकिंग में सुगमता होगी।इससे दफ्तर में पेपर लेस कामकाज होता है, जिससे कागज की खपत कम होगी और इससे पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी तथा दस्तावेजों की सुरक्षा पहुंच अधिकारियों का प्रबंध आसान होगा। फाइलों का स्थानांतरण डिजिटल माध्यम से होने से समय की बचत होगी। इससे कार्यों में तेजी आएगी और दक्षता बढ़ेगी।

### नहर सफाई न होने से अंबेडकरनगर में पानी की समस्या

**अंबेडकरनगर।** जनपद अंबेडकर नगर सिंचाई खंड टांडा शारदा सहायक बसखारी से आरोपुर नहर में सफाई न होने से जनता नाराज़। प्राप्त जानकारी के अनुसार नहर में देखने को मिला कि खार पतवार एवं तमाम प्रकार केघास दिखाई दे रहे हैं कब सफाई होगी कौन विभाग करेगा कैसे करेगा या पता नहीं लेकिन अभी तक साफ सफाई न होने से लोग परेशान, बसखारी से रामनगर तक रजवाहा में सफाई नहीं होने का मामला प्रकाश में आया है नहर की सफाई न होने से पानी टेल तक नहीं जाता।

### ट्रक लूट गैंग का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर।** जिले में पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के एजेंट का रूप धारण कर ट्रक लूट करने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक दिन पहले लूटे गए ट्रक को बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। सभी को जेल भेज दिया गया है।सीओ सदर देवेंद्र कुमार ने बताया कि एक दिन पहले अकबरपुर थाना क्षेत्र के न्योतरिया इलाके में ट्रक ड्राइवर के साथ मारपीट कर ट्रक लूट की घटना हुई थी। पीआरबी से मिली सूचना पर तुरंत अकबरपुर पुलिस, स्वाट टीम, और सर्विलांस पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। ट्रक में लगे जीपीएस की मदद से पुलिस ने कलवारी पुल, थाना अलीगंज के पास से लूटी गई ट्रक को बरामद किया।पुलिस ने मौके से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें शिवम दुबे, अविनाश वर्मा, विकास श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार और रिया नाम की एक महिला शामिल हैं। पकड़े गए मुख्य आरोपी शिवम दुबे ट्रक चला रहा था।सीओ ने बताया कि यह गैंग फाइनेंस कंपनियों की गाड़ियों पर नजर रखता था। वे ऐप के माध्यम से ऐसी गाड़ियों की जानकारी प्राप्त करते, जिनकी किस्तें बकाया होती थीं।

### ग्राम पंचायत में सचिव की तैनाती की मांग

**बीकापुर –अयोध्या।** विकासखंड क्षेत्र पातूपुर पंचायत में करीब डेढ़ महीने से ग्राम पंचायत अधिकारी का पद रिक्त होने से ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो गया है। बताया गया कि यहां तैनात रही ग्राम पंचायत अधिकारी सृष्टि सिंह करीब डेढ़ महीना पूर्व मातृत्व अवकाश पर चली गई हैं। उसके बाद ग्राम पंचायत में नई तैनाती नहीं हुई है जिसके चलते ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों का भुगतान एवं विकास कार्य बाधित हुआ है। परिवार रजिस्टर की नकल जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र राशन कार्ड सत्यापन सहित अन्य कई जरूरी कर के लिए ग्रामीण परेशान है और विकासखंड का चक्कर लगा रहे हैं। गांव निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं बीडीसी संघ के जिला उपाध्यक्ष राहुल दुबे द्वारा मुख्य विकास अधिकारी और खंड विकास अधिकारी से शिकायत करके ग्राम पंचायत में नई पंचायत सचिव की तैनाती किए जाने की मांग की है।

### लापरवाही पर 24 संविदा कर्मियों की सेवा समाप्त

**अंबेडकरनगर।** निर्धनतम परिवारों का चिह्नांकन करने में कर्मचारियों द्वारा बड़ी लापरवाही सामने आई है। 36 ग्राम पंचायतों में कार्य शुरू नहीं किया गया। वहीं, सात ग्राम पंचायतों में तकनीकी कारणों से काम नहीं शुरू हो सका। इस पर सीडीओ ने बसखारी, कटेहरी, भीटी व टांडा ब्लॉक के 24 से अधिक संविदा कर्मियों की सेवा समाप्त कर दी। साथ ही कटेहरी व बसखारी ब्लॉक के 12 अफसर व कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।सीडीओ ने एक दिन पहले की समीक्षा की। इसमें विकासखंड बसखारी की प्रगति खराब होने पर अतिरिक्त कार्यक्रमाधिकारी मनरेगा प्रमोद कुमार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत बृजेश कुमार सिंह, ब्लॉक मिशन मैनेजर इंद्रेश कुमार के साथ ही दो अन्य कर्मियों अंजू वर्मा व एहसान को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। बढ़ियानी कला की बीसी सखी नीलम देवी, जमऊपुर के पंचायत सहायक कृष्ण कुमार तिवारी, पिपरी विशुनपुर की पंचायत सहायक रीता देवी, पृथ्वीपुर की बीसी सखी किरन सिंह व सुलेमपुर परसावां की बीसी सखी नंदिनी द्वारा काम शुरू नहीं पाया गया। इन सभी की सेवाएं समाप्त करने के निर्देश दिए गए।कटेहरी के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अमरजीत, सहायक विकास अधिकारी दिनेश मिश्र, ब्लॉक मिशन मैनेजर रोहित, वैभव श्रीवास्तव, प्रीती सागर व कृष्णलाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

# लापरवाही बरतने पर भीटी सीएचसी प्रभारी का होगा तबादला

## डीएम ने दायित्वों का ठीक ढंग से निर्वहन न करने वाले स्वास्थ्य अधिकारियों की सेवाएं समाप्त करने के निर्देश दिए

विश्ववार्ता संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता और सीडीओ आनंद शुक्ल की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने दायित्वों का ठीक ढंग से निर्वहन न करने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की सेवाएं समाप्त करने के निर्देश दिए।



काम में लापरवाही मिलने पर सीएचसी भीटी के प्रभारी के तबादले का निर्देश दिया।डीएम ने दवाओं की उपलब्धता के बारे में सीएमओ राजकुमार से जानकारी ली। सीएमओ ने बताया कि मानक के अनुसार सभी दवाइयां उपलब्ध हैं। 23 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किए जाने की जानकारी दी। डीएम ने शेष गांवों को टीबी मुक्त बनाने के लिए जनपद स्तर, तहसील स्तर और खंड विकास स्तर के अधिकारियों को टीबी रोगियों को गोद लेकर चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। खराब प्रगति पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी भीटी के स्थानांतरण के निर्देश दिए।जहांगीरगंज प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को आयुष्मान आरोग्य मंदिर की खराब प्रगति पर जमकर फटकार लगाई। सीडीओ ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि टेली कंसल्टेशन में वास्तविक मरीजों का ही डाटा ओपीडी पोर्टल पर दर्ज करें।

काल्पनिक नाम दर्ज करने पर कार्रवाई की जाएगी। राज्य स्तर से स्वीकृत 85 नए उपकेंद्रों की स्थापना करने के निर्देश प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को दिए। लंबे समय से अपने कार्यस्थल से बिना किसी सूचना के अनुपस्थिति रहने पर भीटी ब्लॉक की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सिमरन पर डीएम ने तत्काल सीएमओ को कार्रवाई करने का निर्देश दिया।24 जन आरोग्य समितियों में छह खातों का ही केवाईसी कराने से नाराज डीएम ने समस्त संबंधित चिकित्सा अधिकारियों का वेतन केवाईसी पूर्ण नहीं होने तक के लिए रोक दिया है। ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के स्तर पर अधिक मात्रा में धनराशि का व्यय नहीं किया गया है।

इस पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक आशाओं की समीक्षा कर संबंधित ग्राम प्रधान से समन्वय स्थापित कर संपूर्ण धनराशि का सदुपयोग सुनिश्चित कराए। इस दौरान सीएमओ डॉ. राजकुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 11 हजार के सापेक्ष केवल 249 घरों में ही लग सके सोलर पैनल

विश्ववार्ता संवाददाता

» कागजात में गड़बड़ी समेत अन्य समस्याओं के चलते 1351 को योजना का लाभ नहीं मिल सका

**अंबेडकरनगर।** केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर योजना के लिए जिले में 1600 से अधिक आवेदन आए, लेकिन सिर्फ 249 लोगों के घर पर ही अभी तक सोलर पैनल लग सका है। कागजात में गड़बड़ी समेत अन्य समस्याओं के चलते 1351 को योजना का लाभ नहीं मिल सका। इसमें सुधार को लेकर विभाग की तरफ से कोई कोशिश नहीं की गई।

न ही योजना का सही ढंग से प्रचार-प्रसार किया गया। इसी के चलते लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।जनपद की 23 लाख से अधिक की आबादी है। इन घरों को बिजली से रोशन करने के लिए सरकार ने 42 बिजली उपकेंद्रों की स्थापना की है। इन बिजली घरों पर चार लाख 10 हजार बिजली उपभोक्ता हैं। इन सभी घरों को रोशन करने में 70 से 80 मिलियन यूनिट बिजली हर माह खर्च होती है। गर्मी में यह आंकड़ा 85 से 90 मिलियन यूनिट तक पहुंच जाता है। बिजली की बढ़ती खपत और कोयले की कमी के चलते केंद्र सरकार ने फरवरी माह में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है।इस योजना के तहत 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाती है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत एक किलोवाट क्षमता के रूफटॉप पर केंद्र सरकार की ओर से 30 हजार रुपये और प्रदेश सरकार की ओर से 15 हजार रुपये (कुल 45 हजार रुपये) का अनुदान दिया जाता है।

ऐसे ही दो किलोवाट के लिए केंद्र से 60 हजार और प्रदेश सरकार द्वारा 30 हजार यानी 90 हजार रुपये का अनुदान दिया जाता है। वहीं तीन किलोवाट और उससे अधिक के लोड के लिए केंद्र द्वारा 78 हजार और राज्य सरकार द्वारा 30 हजार रुपये (1.08 लाख रुपये) का अनुदान दिया जाता है।

# आंबेडकर जी हम लोगों के भगवान है

विश्ववार्ता संवाददाता

» दलितों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : विजय

**देवरिया।** आज दलितों ने कमला प्रसाद के नेत्रितव मे दलित बस्ती बनकटिया मे बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की मुर्ती के सामने विरोध प्रदर्शन कर गृह मंत्री अमित शाह से इसस्तिफा माँगा इस दौरान समाजवादी पार्टी के नेता विजय रावत ने दलितो को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के द्वारा सदन में बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के प्रति की गई अपमानजनक टिप्पणी की हम सब निंदा करते हैं।

उन्होंने कहा कि जिनका मन 'विद्वेष' से भरा है, वो 'देश' क्या चलाएँगे। वह सिर्फ़ बाबा साहेब का ही नहीं, उनके दिये संविधान का भी अपमान है। ये भाजपा की नकारात्मक मानसिकता का एक और चरम बिंदु है। देश ने आज जान लिया है कि भाजपाइयों के मन में बाबासाहेब को लेकर कितनी कटुता भरी है। भाजपाई बाबा साहेब के बनाये संविधान को अपना सबसे बड़ा विरोधी मानते हैं क्योंकि उनको लगता है कि वो जिस प्रकार ग़रीब, वंचित, दमित का शोषण करके, उनके ऊपर अपना प्रभुत्व कायम करना चाहते हैं।

उनकी इस बद मंशा के आगे संविधान ढाल बनकर खड़ा है। विकास यादव ने कहा गया कि भाजपा जातिवादी है। उसने बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के संविधान में दी गई आरक्षण व्यवस्था से भी खिलवाड़ किया है। पीडीए को हर तरह से नुकसान पहुंचाया जा रहा है। पीडीए के भगवान बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी हैं।

### अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**गाजीपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाज़ीपुर में अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अटल बिहारी वाजपेई एवं सुशासन' विषय पर महाविद्यालय की स्नातक- स्नातकोत्तर की छात्राओं ने अपने विचार रखे। खुशी सिंह, आयुषी यादव, ब्यूटी यादव, अंजली कुमारी, संध्या राजभर, निक्की कुमारी, साक्षी सिंह, बबली कुमारी, पायल, प्रज्ञा वर्मा, शांति सोनी, राजश्री मोदनवाल सहित लगभग दो दर्जन छात्राओं ने 'अटल बिहारी वाजपेई एवं सुशासन' विषय पर अपने विचारों को मंच से अभिव्यक्ति दी। निर्णायक मंडल द्वारा छात्राओं के भाषण का 'कथ्य' 'प्रस्तुति' एवं 'प्रभाव'के आधार पर मूल्यांकन किया गया।

# संत के दर्शन मात्र से मिट जाते हैं कष्ट

विश्ववार्ता संवाददाता

**रामपुरभगन , अयोध्या।** जीव जब आस्था और भक्ति के साथ साधना के पथ पर चलता है तो उसे गुरु की खोज नहीं करनी पड़ती गुरु रास्ते में स्वत मिल जाते हैं। किसी संत के दर्शन करने मात्र से आपके अंदर उसके चरणों में समर्पित होने का भाव जग जाए तो समझो आपको सच्चा सदगुरु मिल गया।



उक्त व्याख्यान रामपुर भगन में कृष्णा प्रसाद कसौधन द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में व्यास पीठ से डॉ प्रभंजनानंद शरण महाराज ने ध्रुव एवं नारद संवाद प्रसंग पर दिया। उन्होंने कहा कि पिता महाराज उत्तानपाद की गोद से ध्रुव को सौतेली माता सुरुचि द्वारा उपेक्षा पूर्वक उतार दिए जाने के पश्चात अपनी माता सुनीति के कहने पर वह जंगल के रास्ते तप साधना करने के लिए चल पड़े रास्ते मे महर्षि नारद जी मिल गए उन्होंने राजकुमार ध्रुव से कहा कि चलो मैं तुम्हें पिता की गोद दिलाऊंगा साथ ही महल और आधा राज पाठ भी दिला दूंगा इस बात को सुनकर राजकुमार ध्रुव ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे तप के रास्ते पर चलने से ही पिता की गोद और आधा राज पाठ मिल रहा है तब तो तप करने पर भगवान मिल जाएंगे इसलिए मैं अब राजमहल वापस नहीं जाऊंगा ध्रुव के दृढ़ निश्चय और आस्था को देखकर नारद जी ने उन्हें अपना शिष्य बनाते हुए जाप करने के लिए मंत्र दिया। कथा व्यास ने मनु शतरूपा बाराह अवतार की कथा का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मनोज कुमार सिंह प्रदीप कुमार गुप्ता आलोक कुमार मोनू संजय मनोज वैष्णवी राज रानी शुभम गुप्ता राजेंद्र मंत्री राधेश्याम गुप्ता दीपक कसौधन कुलदीप वीरेंद्र कुमार अनिल कुमार रामगोपाल दिनेश तिवारी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### क्षय रोग मुक्त ग्राम योजना के तहत ग्राम प्रधानों को किया गया प्रशिक्षित

**कुशीनगर ।** क्षय रोग मुक्त ग्राम योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाजिलनगर विकास खंड कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में फाजिलनगर विकास खंड के ग्राम प्रधानों को क्षय रोग के उपचार एवं इससे बचाव का प्रशिक्षण दिया गया।इस कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर के रूप में मौजूद रहे वरिष्ठ क्षय रोग लैब पर्यवेक्षक सत्येन्द्र पाण्डेय व वरिष्ठ क्षय रोग उपचार पर्यवेक्षक आदित्य प्रकाश त्रिपाठी द्वारा टीबी रोग के लक्षणों के बारे में जानकारी व बचाव के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुरेश पटेरिया , जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एसएन त्रिपाठी व फाजिलनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ.उमाशंकर नायक के निर्देश पर आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी आते रहना ,एक महीने तक बुखार होना ,लगातार वजन में कमी आना आदि क्षय रोग के लक्षण हैं।

# ठंड में भी बिना स्वेटर के स्कूल आने को मजबूर हैं नौनिहाल

विश्ववार्ता संवाददाता

» बच्चों की समस्या से शिक्षक व बेसिक शिक्षा विभाग भी अवगत है लेकिन इसका समाधान नहीं हो पा रहा

**अंबेडकरनगर।** कड़ाके की ठंड में भी 10 हजार से अधिक नौनिहाल बिना स्वेटर ही स्कूल जा रहे हैं। बच्चों की समस्या से शिक्षक व बेसिक शिक्षा विभाग भी अवगत है लेकिन इसका समाधान नहीं हो पा रहा। कहीं, विभाग तो कहीं अभिभावक की लापरवाही के चलते खाते में रुपये नहीं पहुंचे और बच्चे ठिठुरने को विवश हैं। जनपद में 1063 प्राथमिक विद्यालय, 235 उच्च प्राथमिक और 285 कंपोजिट विद्यालय समेत 1583 परिषदीय स्कूल में दो लाख से अधिक छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। इन स्कूलों में सरकार शिक्षा के साथ-साथ पुस्तक, ड्रेस, जूता- मोजा, स्वेटर तथा मध्याहन भोजन जैसी सुविधाएं मुफ्त में मुहैया करा रही हैं। शैक्षिक सत्र 2021-22 में व्यवस्था में किए गए बदलाव के तहत सरकार की तरफ से इन मदों में खर्च होने वाली रकम को सीधे अभिभावकों के खाते में भेजने की व्यवस्था कर दी गई, ताकि अभिभावक बच्चों को समय पर उनके हिसाब से यह संसाधन उपलब्ध करा सकें। इसके बावजूद बच्चों को सरकार द्वारा भेजी जाने वाली राशि न मिल पाने का सबसे बड़ा कारण आधार कार्ड बना हुआ है। परिषदीय विद्यालय में जो बच्चे इन दिनों बिना स्वेटर के पहुंच रहे हैं उनमें 70 फीसदी का आधार कार्ड ही नहीं बन सका है। अकबरपुर में राबीबहाउद्दीन निवासी सुरेश राजभर ने बताया कि बेटे का आधार कार्ड ही नहीं बन पा रहा है।

### भाजपा के डीएनए में है संविधान व डॉ . आंबेडकर का विरोध : माले

**बलिया।** संसद में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर के बारे में दिए गए व्यतव्य के खिलाफ भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के जिला सचिव लाल साहब के नेतृत्व में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में स्थित डॉ. आंबेडकर संस्थान में स्थापित डॉ. आंबेडकर के प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय धरना देकर बाबा साहब का संसद भवन में गृहमंत्री द्वारा दिए गए बयान का विरोध करते हुए राष्ट्रपति से गृहमंत्री को बर्खास्त करने की मांग जिलाधिकारी के प्रतिनिधि वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

इस मौके पर धरने को संबोधित करते हुए पार्टी के नेता लक्ष्मण यादव ने कहा कि भाजपा और आरएसएस ने समय-समय पर संविधान में संशोधन की मांग की जाती रही है।

# समाजसेवी के साथ जिला अस्पताल पहुंचकर दंपति ने किया रक्तदान



विश्ववार्ता संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** समाजसेवी बरकत अली के साथ अकबरपुर कोतवाली में पोस्ट हेड कांस्टेबल गौरव यादव अपनी पत्नी रीनम यादव के साथ जिला अस्पताल पहुंचकर ब्लड बैंक में रक्तदान किया हेड कांस्टेबल गौरव यादव ने कहा हमारे ब्लड से किसी का जीवन बचेगा मैं देखता हूं। सोशल मीडिया के माध्यम से समाजसेवी बरकत अली लोगों को ब्लड उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाते हैं। उनकी इस मुहिम का हिस्सा बनने के लिए मैं अपने पत्नी के साथ जिला अस्पताल पहुंचकर ब्लड डोनेट किया हेड कांस्टेबल गौरव यादव की पत्नी रीनम यादव ने कहा महिलाएं ब्लड डोनेट कम करती है मैं आज महिलाओं से निवेदन करना चाहती हूं आप लोग भी ब्लड डोनेट करें ब्लड डोनेट करने से स्वयं के बहुत से फायदे हैं मुझे आज गर्व महसूस हो रहा है कि मैं अपनी पति के साथ ब्लड डोनेट कर रही हूं हम लोगों के ब्लड से किसी का जीवन बचेगा।

# नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता में अयोध्या के खिलाड़ियों ने लहराया परचम



खिलाड़ियो के साथ मौजूद कोच शनि वर्मा

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** जिला रायफल क्लब के सानिध्य में प्रैक्टिस कर रहे दो खिलाड़ियों, मेहविश खान और ध्रुव सिंह, ने नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त कर अयोध्या का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता क्वालीफाई कर आज वापस लौटने पर इनका जोरदार स्वागत किया गया।दोनों खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और कोच शनि कुमार वर्मा के मार्गदर्शन से यह उपलब्धि हासिल की। इनकी सफलता पर डीएम अयोध्या और एडीएम प्रशासन व सिटी समेत कई अधिकारियों ने शुभकामनाएं दीं। खिलाड़ी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### स्योर सक्सेस डिजिटल लाइब्रेरी में छात्र-छात्राओं को शॉल व कंबल का वितरण

**अयोध्या।** स्योर सक्सेस डिजिटल लाइब्रेरी में आज संस्था द्वारा छात्र-छात्राओं को शॉल और कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बी एन अकादमी स्कूल के प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव, स्वदेश कन्या विवाह अनुदान समिति की अध्यक्ष प्रतिभा यादव, और स्योर सक्सेस डिजिटल लाइब्रेरी के निदेशक राहुल श्रीवास्तव मौजूद रहे।राहुल श्रीवास्तव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि संस्था हर साल की तरह इस बार भी ठंड से बचाव के लिए गरीब और असहाय लोगों को कंबल और स्वेटर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी जरूरतमंद इस ठंड में परेशान न हो।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, और छात्रों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# डीएम ने की विकास कार्यो की समीक्षा



विश्ववार्ता संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में "CM DASHBOARD" के माध्यम से विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय से निगरानी की नियमित निगरानी की जाती है और इसी के आधार पर जनपदों तथा अधिकारियों की रैंकिंग निर्धारित की जा रही है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विकास से संबंधित विभागों समाज कल्याण, लघु सिंचाई, पशुपालन, महिला कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, अल्पसंख्यक विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, पंचायती राज, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना, श्रम विभाग, कृषि विभाग, लोक निर्माण विभाग, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारियों से प्रत्येक बिंदु पर गहन समीक्षा की गई।

उन्होंने जन सामान्य की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उपरांत अंतर्गत विभागीय पोर्टल पर फीड कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी विकास से संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।

# 20 हजार जरूरतमंदों को दिए जाएंगे कंबल

## स्व . प्रभात सिंह की पुण्यतिथि पर कंबल व साइकिल का किया जाएगा वितरण

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** जिले के पूरा ब्लॉक की मड़ना ग्रामसभा में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी आगामी पांच जनवरी को विशाल कंबल वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। परंपरागत तरीके से होने वाला यह आयोजन इस बार भी स्व. प्रभात सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित होगा। इस विशाल कार्यक्रम में 20 हजार निराश्रितों, दिव्यांगो और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कंबल के साथ ही हाईस्कूल के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को साइकिलें वितरित की जाएगी।



लोगों के साथ बैठक करते ब्लॉक प्रमुख शिवेंद्र सिंह

शुक्रवार को ब्लॉक से जुड़े सभी ग्राम सभा प्रधानों,क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा वरिष्ठ समाजसेवियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के बाद स्व. प्रभात सिंह के पुत्र जिला ब्लाक प्रमुख संघ अध्यक्ष व पूरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह ने बताया कि उनके पिता स्व. सिंह द्वारा अपने जीवन काल में प्रतिवर्ष निराश्रितों, दिव्यांगो और जरूरतमंदों को निःशुल्क कंबल वितरित किया जाता रहा है। उन्हीं की प्रेरणा से इस आयोजन को जीवंत रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से आज ब्लॉक परिसर में ग्राम प्रधान और पंचायत सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई है श्री सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में इस बार रामनगरी के पूज्य संतों, महंतों,धर्माचार्यो,प्रदेश के कई मंत्रियों तथा विभिन्न जनपदों के जनप्रतिनिधियों के साथ ही दर्जनों की तादात में समाजसेवी शामिल होंगे।श्री सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था और व्यवधान न उत्पन्न हो इसके लिए वॉलिंटियर्स की टीम तैयार की गई है।

**जन आंदोलन** सनातन सांस्कृतिक संघ द्वारा सनातन रक्षा यात्रा 2 .0 कर रही है भारतीय विरासत और मूल्यों की रक्षा का आह्वान

# अयोध्या पहुंची सनातन रक्षा यात्रा, लोगों ने किया जोरदार स्वागत

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** सनातन सांस्कृतिक संघ द्वारा 18 दिसंबर को झांसी से सनातन रक्षा यात्रा 2.0 का शुभारंभ किया गया, जिसे सनातनी भाइयों एवं बहनों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर अपना अभूतपूर्व समर्थन दिया। सनातन सांस्कृतिक संघ की अध्यक्षा हरिप्रिया भार्गव के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस जन आंदोलन का उद्देश्य भारत के सामने खड़ी सांस्कृतिक और धार्मिक चुनौतियों से निपटने के लिए समस्त सनातनियों को एकजुट करना है।

यात्रा लखनऊ से निकलकर अयोध्या पहुंची। जहां यात्रा का हजारों लोगों ने स्वागत किया। अयोध्या में सभी लोगों के लिए सामूहिक मंत्रोच्चार और पूजा पाठ के साथ रामलला के दर्शन की व्यवस्था की गई है। रक्षा यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर मौजूद पत्रकारों से बात करते हुए हरिप्रिया भार्गव ने बताया, "इस रथ यात्रा में कम से कम ढाई तीन हजार लोग शामिल हैं। हम लगभग 50 बसों और 50 गाड़ियों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमारे साथ बाइक पर भी लोग चल रहे हैं। सब लोग मिलकर एक साथ इस यात्रा को इस उद्देश्य के साथ निकाल रहे हैं कि बांग्लादेश में सनातनी भाई बहनों के साथ जो नरसंहार हो रहा है,



सनातन रक्षा यात्रा की अगुवाई करती हरिप्रिया भार्गव

वहाँ के सनातनी मंदिरों, जिनालय, गुरुद्वारों का जो विध्वंस किया जा रहा है, गौ माता की जो हत्या हो रही है, वो भी खुले आम, इस सबके खिलाफ हम सबको मिलकर आवाज उठानी है, और यही आवाज सरकार तक पहुँचाने के लिए हम यह रक्षा यात्रा निकाल रहे हैं।

यात्रा के अगले कार्यक्रम के बारे में हरिप्रिया भार्गव ने बताया कि यह रक्षा यात्रा लखनऊ से निकलकर अयोध्या पहुंची। जहां यात्रा का हजारों लोगों ने स्वागत किया। अयोध्या में सभी लोगों के लिए सामूहिक मंत्रोच्चार और पूजा पाठ के साथ रामलला के दर्शन की व्यवस्था की गई है। हरिप्रिया भार्गव ने कहा कि हमारी श्रृद्धा है कि जब हम लोग मिलकर पूरे भक्तिभाव से प्रार्थना करेंगे, तो निश्चित रूप से बांग्लादेश में हो रहा नरसंहार रुकेगा और सभी सनातनी बहन भाईयों और गौमाता की रक्षा होगी। क्या भारत सरकार इस मामले में चिंतित नहीं है या पहल नहीं कर रही है, पत्रकारों के इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, ''भारत सरकार पहले से कार्य कर रही है।

वो पहल कर रहे हैं। हम सारे सनातनी भाई-बहन मिलकर अपनी ओर से पहल कर रहे हैं। अपना एक संदेश जन-जन तक पहुँचा रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इससे जुड़ें और मिलकर, एक होकर अपनी आवाज सभी लोगों एवं सरकार तक पहुँचाएं।" इस रक्षा यात्रा में झांसी, ललितपुर, कानपुर, उरई और लखनऊ आदि सभी जगहों के लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रक्षा यात्रा में कई सारी गाड़ियों में कम से कम 3000 लोग आगे की ओर बढ़ रहे हैं। पत्रकारों के माध्यम से सभी सनातनियों को संबोधित करते हुए हरिप्रिया भार्गव ने कहा, "अभी मेरा सभी से एक ही अनुरोध है कि सभी लोग उठो, बाहर निकलो और एक साथ मिलकर चलो। आओ हम सभी मिलकर इस यात्रा को सफल बनाएं और जो हिंदू सनातनी भाई-बहन सोए हुए हैं।

उन सबसे मेरा आह्वान है कि अब सोने का वक्त नहीं है, अब जाग जाओ और अपने-अपने घरों से निकलकर सनातन की रक्षा के लिए अपनी आवाज उठाओ।" हरिप्रिया भार्गव के नेतृत्व में आयोजित यह सनातन रक्षा यात्रा 2.0 तीन मुख्य आह्वान कर रही है। पहला आह्वान है, बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा हो।

# एचआईवी पॉजिटिव व्यक्तियों के साथ भेदभाव न करें : विवेक श्रीवास्तव

विश्ववार्ता संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर विवेक श्रीवास्तव ने जागरूकता पर जोर दिया एचआईवी संक्रमण को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि एचआईवी पॉजिटिव व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि एचआईवी संक्रमण छूने, साथ रहने या दैनिक गतिविधियों के दौरान नहीं फैलता। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि एचआईवी के फैलने का मुख्य कारण असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई या गलत इंजेक्शन का इस्तेमाल है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में एचआईवी पॉजिटिव व्यक्तियों को स्वीकार करने और उनके साथ समान व्यवहार करने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया कि इस बीमारी के प्रति भय और भेदभाव को खत्म करें। मेडिकल कॉलेज में एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को उचित चिकित्सा और परामर्श देने की व्यवस्था की गई है। डॉक्टर ने बताया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति को सामाजिक समर्थन और मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखने के लिए परिवार और समाज की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

## एक नजर

### एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

**हमीरपुर।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज ब्रह्मानंद पीजी कांलेज राठ के वनस्पति विज्ञान विभाग में स्वर्गीय वाजपेई जी के जीवन वृत्त एवं उनकी प्रमुख कविताओं पर आधारित एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का प्रारंभ स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। निर्णायक की भूमिका में डा. ऋषि कुमार शर्मा एवं डा. विजय प्रताप गोतम ने प्रतिभागियों की समय सीमा, काव्य शैली और विषय वस्तु को ध्यान में रखते हुए परिणाम की घोसणा की। जिसमें बृजेश पाठक (ड.ैब एग्रीकल्चर) ने प्रथम स्थान, ज्योति कुमारी (ठैब तृतीय सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान व अजय कुमार त्रिपाठी (ठैब तृतीय सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डाक्टर सुरेंद्र सिंह सहित डा. डी. सिंह, डा. एएन शुक्ला, डा. ऋषि कुमार शर्मा, डा. वीपी गौतम, डा. जे साहू, डा. आरबी शर्मा व डा. शीला सिंह आदि प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

### नकलविहीन परीक्षा कराना हमारी जिम्मेदारीः डीएम

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 22 दिसंबर 2024 को आयोजित की जाने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2024 की तैयारियों के संबंध में समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, सह केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक, रिजर्व कक्ष निरीक्षक के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर समस्त सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, सह केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक, रिजर्व कक्ष निरीक्षक तथा परीक्षा के कार्य में लगाए गए अन्य संबंधित अधिकारियों को सम्मिलित राज्य ध्प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2024 को नकलविहीन, शांतिपूर्ण व निर्विघ्न रूप से संपन्न कराए जाने हेतु परीक्षा की बारीकियो के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने जनपद के सभी परीक्षा केंद्र की विभिन्न व्यवस्थाओं यथा सीटिंग प्लान, लाइट की व्यवस्था, शौचालय, पानी, हेल्प डेस्क, सीसीटीवी, जनरेटर, सुरक्षा व्यवस्था, उचित प्रकाश की व्यवस्था के बारे में सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट से पूंछताछ कर उसके संबंध में जरूरी निर्देश दिए।

### छत से उतरे चोरों ने उड़ा लिए दुकान से लाखों रुपये

**बरेली।** कुतुब खाने चौराहे से आगे गुप्ता डीजल स्पेयर्स अशोक सिंगला की दुकान से रात में 1 लाख 35 हजार की चोरी की गई दुकान की छत से लोहे की खिड़की तोड़कर दुकान के अंदर चोर चोरी करने उतरे गए कुतुब खाना चौकी इंचार्ज जितेंद्र चौधरी को बुलाया उन्होंने पुल के ऊपर और दुकान के अंदर से जाकर देखा और कहा मुकदमा दर्ज होगा बाजार में सब तरफ व्यापारी चर्चा कर रहे थे, कई दिन से पुल की लाइट बंद की गई है सड़क पर रात में चारों ओर अंधेरा ही अंधेरा रहता है। इसकी भरपाई पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को करना चाहिए। पुल के नीचे और लाइट लगाने की बजाए जलती हुई लाइटों को कई दिन से बंद किया गया है। फोन पर शिकायत की उसके बाद भी लाइट बंद है। व्यापारियों का व्यापार तबाह करने की साजिश की जा रही है। बाजार में ई–रिक्शा का चालकों का तांडव सड़क के बीच में सैकड़ो मोटरसाइकिल खड़ी की जा रही हैं व्यापारियों ने कहा जनहित के लिए एसपी ट्रैफिक बाजार में आए और सबके चालान प्रतिदिन करवा दे। ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही की वजह से जाम लग रहा है। चर्चा करने वालों में समाजसेवी नदीम शम्सी व्यापारी नेता दीपक अग्रवाल मशीनरी व्यापार मंडल के अध्यक्ष रवींद्र पुरी राहुल सिंगला व्यापारी मोती सिंह संजय अरोड़ा सोनू मनी साहनी सनी भसीन लक्ष्मण सिंह नीतू मोनू सोनू अरोड़ा नीरज चंद्र आदि उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने जाना अटल जी का महान व्यक्तित्व

**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस से पूर्व कुलपति प्रो.के.पी.सिंह के संरक्षण में विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। साथ ही साथ अटल जी के जीवन एवं उनकी प्रमुख कविताओं पर आधारित एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. ज्योति पाण्डेय , डॉ.सुनील कुमार, डॉ. सुरभि, डॉ. निष्ठा, डॉ. आकांक्षा, हिमांशु, कुलदीप, महक, संजय, ममता ,अभिषेक, हर्षित , वैष्णवी , स्वर्णिमा, पीयूष, संध्या, श्वेता, वरुण ,विवेक, श्रेय, विनय ,योगेंद्र, शिवम ,अंजलि, प्रतिमा , और राधिका मौजूद रहे।

### बाइक की टक्कर से एक की मौत

**बरेली।** रिश्तेदार के घर से मोटरसाइकिल पर अपने घर वापस लौट रहे एक ग्रामीण की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि पत्नी और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव रूपापुर बडेपुरा निवासी विशदेव की शुक्रवार सुबह तड़के बरेली बीसलपुर मार्ग पर भुता थाना क्षेत्र में स्थित गांव कमुआ के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि विशदेव अपने परिवार के साथ कल दिन में भुता के गांव म्यूड़ी निवासी अपने साढ़ू संतराम के घर गया था जहां से शुक्रवार की सुबह सभी लोग मोटरसाइकिल पर अपने घर वापस लौट रहे थे लेकिन कमुआ गांव के पास तेजी से आ रही मिनी बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे चारों बाइक सवार विषदेव पटेल , पत्नी नीरज, बेटा नवनीत , बेटी तनु पटेल जमीन पर गिर पड़े और विशदेव पटेल की मौके पर ही मौत हो गई दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने टक्कर मारने वाले वाहन को पकड़ कर पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी जो मौके पर पहुंची और पत्नी नीरज, बेटा नवनीत , बेटी तनु पटेल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करने के बाद मृतक के शव को जिला अस्पताल भेज दिया।

### पेड़ से लटका मिला महिला का शव, हत्या की आशंका

**बहेड़ी।** शुक्रवार की सुबह देवरनियां थाना क्षेत्र के अंतर्गत रिछा–जहानाबाद मार्ग किनारे स्थित एक पेड पर एक अज्ञात महिला का शव पेड़ से लटका मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। सब देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला की हत्या कर शव पेड़ से लटकाया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेज दिया है, और जांच–पड़ताल में जुट गई। शुक्रवार सुबह रिछा–जहानाबाद मार्ग किनारे गांव सिंधौरा के पास मिन्तरपुर को जाने वाले रास्ते के सामने स्थित एक 45 वर्षीय महिला का शव लटका हुआ मिला। महिला विवाहिता थी, और साड़ी पहने हुए थी। साड़ी के फंदे के सहारे जमीन से करीब पांच फीट ऊंचाई पर लटकी हुई थी। ऐसा प्रतिक होता है, कि उसकी हत्या कर लटकाया गया है, और घटना को आत्महत्या का रुप देने की कोशिश की गई है। लोगों और राहगीरों ने देखा तो भीड जमा हो गई। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी जुटाई तो देर शाम महिला की पहचान थाना अमरिया क्षेत्र के गांव नकटपुरा करगैना के उषा देवी के रुप में हुई। सूचना मिलने पर देवरनियां इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा रिछा व चौकी इंचार्ज कुशल पाल सिंह मौके पर पहुंचे।

# पीसीएस परीक्षार्थियों से ओवर रेंटिंग करने पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

## डीएम ने की तैयारियों की समीक्षा, परीक्षा हेतु सभी प्रबन्ध समय से करने के दिए निर्देश

विश्ववार्ता संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद में 22 दिसंबर को 16 केंद्रों पर आयोजित होने वाली राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा-2024 (पीसीएस) परीक्षा की तैयारियों के संबध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो यह सुनिश्चित किया जाए।

जनपद में 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें 6816 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रथम पाली का समय प्रातः 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली का समय अपराहन 2:30 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी जनपद में 21 दिसंबर को ही आना प्रारंभ हो जाएंगे उनके रहने साहित अन्य सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करली जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि रेस्टोरेंट, होटल, धर्मशाला आदि स्थानों पर खाने-पीने एवं रहने की दरें चस्पा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रेस्टोरेंट, होटल, धर्मशाला के स्वामियों द्वारा निर्धारित दरों से अधिक ओवर रेटिंग करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। रेलवे स्टेशन एवं बस स्टेशन सहित अन्य आवश्यक स्थान पर रैन बसेरा आलाव आदि की व्यवस्था होनी चाहिए। रेन बसेरो में पर्याप्त रजाई गद्दे उपलब्ध रहे।

रेलवे एवं बस स्टेशनों पर किराया सूची लगाई जाए जिससे परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक आने-जाने में निर्धारित किराया से अधिक न देना पड़े। उन्होंने कहा कि आलाव परीक्षाकेन्द्रों के अंदर एवं बाहर सहित सभी सार्वजनिक स्थलों पर जलते रहे। लड़की एवं लड़कों के रुकने की अलग-अलग व्यवस्था की जाए इस जानकारी हेतु बैनर एवं फ्लेक्सी जगह लगवाई जाए।

## यूनिटी क्लब के शपथ ग्रहण समारोह में समाज की एकता को बढ़ावा देने का संकल्प



विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** यूनिटी क्लब का बरेली में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। शहर के यूथ बिजनेस आईकन ने इस क्लब का गठन किया है। मुख्य अतिथि एसपी सिटी मानुष पारीक रहे। विशिष्ट अतिथि बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के चांसलर और रुहेलखंड व वरुण अर्जुन मेडीकल कालेज के चैयरमेन डॉ. केशव अग्रवाल और डीपीएस के प्रिंसिपल वीके मिश्र रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार और उद्यमी डॉ. पवन सक्सेना रहे। बरेली क्लब में हुए इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि एसपी सिटी मानुष पारीक ने कहा कि सोसायटी के लिए सहयोग करना भी एक तरह का इन्वेस्टमेंट है। ये इन्वेस्टमेंट सभी को करना चाहिए। क्लब का यूनिटी नाम बहुत सारगर्भित और अच्छा है।

यह समाज की यूनिटी के लिए काम करेगा, ऐसी मुझे आशा है। उन्होंने ऋग्वेद के एक श्लोक का जिक्र करते हुए उसका भावार्थ भी बताया। उन्होंने कहा कि ऋग्वेद में कहा गया है कि हम सब साथ चलें। हमारे वचन एक जैसे हों।

## जिलाधिकारी ने तहसील सदर का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश



विश्ववार्ता संवाददाता

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने तहसील सदर का भ्रमण कर वहां स्थित विभिन्न पटलों/कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

तहसील परिसर के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश संबंधित को दिए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने तहसील के विभिन्न पटलो के कर्मचारियों से उनके कार्यों के बारे में जवाब तलब किया तथा कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी समय से कार्यालय आकर अपने कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करे।

जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील परिसर में समुचित ढंग से साफ सफाई रखी जाए। उन्होने कहा कि कर्मचारियों द्वारा सम्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों का अच्छे ढंग से अभिलेखीकरण किया जाये तथा अभिलेखो का रखरखाव बेहतर ढंग से रखे।

## डुप्लीकेट संतोष टंडन के मामले में अग्रिम जमानत खारिज

**बरेली।** करोड़ों की जमीन के फर्जीवाड़े से जुड़े संतोष टंडन मामले में तीन आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई। आरोपियों द्वारा कोर्ट में पेश न होने के कारण अदालत ने उनकी जमानत अर्जी पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। इज्जतनगर क्षेत्र में करोड़ों रुपये की जमीन के फर्जीवाड़े का मामला सामने आया था। इस मामले में पीलीभीत के राइस मिलर अर्पित अग्रवाल और संतोष टंडन की बेटी प्रियंका टंडन ने अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई थीं। प्रियंका टंडन की शिकायत पर नितेंद्र नाथ मिश्रा, पुरुषोत्तम गंगवार, अंकुर कुमार जैसवार, राजकुमार, ओमप्रकाश, नन्हें अहमद और नरवीर शर्मा सहित अन्य को आरोपी बनाया गया था। इनमें से आरोपियों अंकुर जैसवार, राजकुमार, पुरुषोत्तम गंगवार, और ओमप्रकाश ने जिला न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी लगाई थी।

## श्री गंगा महारानी मंदिर से हटवाया अवैध कब्जा

### चौकीदार ने कर रखा था कब्जा, पुलिस की मौजूदगी में हुई कार्रवाई

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला कटघर में स्थित श्री गंगा महारानी मंदिर को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में खाली कराया जा रहा है। भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया है। वही सहकारी समिति के कर्मचारी भी मंदिर पर पहुंचे हुए हैं।

चौकीदार वाहिद ने मंदिर पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। इतना ही मंदिर की मूर्तियों को भी चौकीदार वाहिद अली ने हटा दिया था शुक्रवार को सहकारिता विभाग की टीम मन्दिर पहुंची, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति डॉली रघुवर दयाल विकास खंड क्यारा के सचिव विकास शर्मा ने मंदिर के बाहर नोटिस लगाया जिसमें उन्होंने अवैध कब्जेदार वाहिद अली को तत्काल उक्त स्थान खाली करने का आदेश



चस्पा किया। विकास शर्मा ने बताया कि वाहिद अली ने अपना घरेलू सामान बाहर निकालना शुरू कर दिया है। पुलिस प्रशासन की टीम शुक्रवार सुबह मंदिर पर पहुंच गई है। मंदिर से सभी सामान को हटाया जा रहा है। मौके पर भारी पुलिस फोर्स मौजूद है। दरअसल चौकीदार वाहिद अली ने श्रीगंगा महारानी मंदिर पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा था इसके बाद पुलिस प्रशासन ने अब इस मंदिर को वाहिद अली के जंगल से खाली करने का निर्णय लिया । दरअसल श्री गंगा महारानी मंदिर पर दौली रघुवर दयाल साधन सहकारी समिति लिमिटेड का ऑफिस था। और यहां पर लंबे समय तक खाद रखी जाती रही थी।

## नियमित स्टॉफ न होने से आ रही हैं परेशानी

### आकाशवाणी केंद्र के उद्घोषक व प्रस्तोता संघ ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

विश्ववार्ता संवाददाता



**बरेली।** भागम भाग जिंदगी के दौर में वर्तमान पीढ़ी तकनीकी ज्ञान का सदुपयोग कर रही है। टेक्नोलॉजी के कारण से पल भर में दुनिया के किसी भी कोने में बैठे लोगों को जानकारी प्राप्त हो जाती है। ऐसे ही सरकारी योजनाएं सूचना शिक्षा के साथ ही मनोरंजन कार्यक्रम जन-जन तक पहुंचने में आकाशवाणी केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अखिल भारतीय उद्घोषक एवं प्रस्तुत संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरदुआरी लाल वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। ज्ञापन में मांग की गई की रेगुलर स्टाफ के बहुत कम हो जाने से कई प्रकार की परेशानियां उठानी पड़ रही है। उद्घोष को और वार्ताकारों को समय से नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में इस बात पर भी नाराजगी जताई गई की कई आकाशवाणी केदो के कार्यालय के कामकाज को बंद कर क्लस्टर केंद्र बना दिए गए हैं। इसी कारण कई प्रकार की परेशानियां उठानी पड़ रही है। व्यापार में यह भी मांग की गई है की पूर्व की भांति सुबह दोपहर और शाम की तीनों सभाओं को सभी आकाशवाणी केदो पर प्रारंभ किया जाए। हरदयारी लाल वर्मा ने इस बात पर भी नाराजगी जताई की कई केदो पर एक बार दो सभाएं बंद कर दी गई है। उन्होंने मांग की है आकस्मिक उद्घोषकों के मानदेय में वृद्धि की जाए। ज्ञापन देने वालों में संजय मठ रोचना मिश्रा तेजपाल राकेश शर्मा नजमा प्रदीप मिश्रा नेमचंद शीशपाल राजपूत सुरेंद्र पटेल देवेंद्र रावत शामिल रहे।

## विवाहिता के साथ मारपीट कर दिया तीन तलाक, पांच पर रिपोर्ट दर्ज

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र देवरनियां के एक गांव में अपने मायके में रह रही विवाहिता ने बहेड़ी पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसकी शादी बीते 29 अप्रैल को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार इंकलाब पुत्र ताहिर निवासी जोखनपुर के साथ हुई थी। महिला का आरोप है कि उसका देवर शादाब उसे पर बुरी नजर रखता था और कमरे में घुसकर जबरदस्ती उसके साथ गलत काम करने की कोशिश करता था। जब महिला ने यह बात अपने पति व उसके परिवार वालों को बताई तो उसके पति, ससुर तथा सास ने उसे चुप रहने की धमकी दी और कहा कि तू अपने मायके से कुछ लेकर नहीं आई है। महिला की सास ने कहा कि हमारे लड़के की दूसरी जगह से शादी हो रही थी जिसमें कार व तीन लाख रुपए नगद मिल रहे थे।

## जनसुनवाई में आईं 25 शिकायतें



विश्ववार्ता संवाददाता

**हमीरपुर।** आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 25 शिकायते प्राप्त हुई। जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम ए खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ वर्चुअल/जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए।

इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमो से प्राप्त होने वाले प्रकरणो का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## चेयरमैन शकील ने सफाई कर्मचारियों को वितरित की जैकेट



विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद नगर पालिका परिषद जलालाबाद कार्यालय में चेयरमैन शकील अहमद खां ने अधिशाषी अधिकारी एच.एन.उपाध्याय के साथ मिलकर शीतकालीन मौसम में नगर जलालाबाद के सभी वार्डों में तैनात सभी सफाई कर्मचारियों को एस.बी.ए. कंपनी के सौजन्य से गर्म जैकेटों को वितरित किया, साथ ही चेयरमैन जलालाबाद ने सभी सफाई कर्मचारियों को नगर के सभी वार्डों में साफ सफाई व्यवस्था चुस्त एवं दुरुस्त रखने हेतु भी आदेशित किया!

इस दौरान लिपिक अवधेश सिंह,सुशील गुप्ता, नितिन शर्मा, मो.जीशान, साहिल,एस.बी.ए. कंपनी प्रभारी सत्यम तिवारी,सुधीर सिंह, सत्यम सिंह, अजीत श्रीवास्तव,नीतेश कटियार, सुधीर राठौर आदि उपस्थिति रहे।

## निरीक्षण में पाए गए बेसमेंट में एनआईसीयू तो सील होंगे अस्पताल

**बरेली।** शहर के सात प्राइवेट अस्पतालों को नोटिस जारी करते हुए सील करने की चेतावनी दी है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से शहर के सात अस्पतालों को नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें से एक अस्पताल में फायर सेफ्टी का कोई इंतजाम नहीं मिला जबकि छह अस्पतालों में बेसमेंट में एनआईसीयू चलता पाया गया था। स्वास्थ्य विभाग ने बेसमेंट से तुरंत एनआईसीयू शिफ्ट न करने पर अस्पताल सील करने की चेतावनी दी है।झांसी के मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू में हुए अग्निकांड के बाद शासन ने सभी सरकारी और गैरसरकारी अस्पतालों पर फायर सेफ्टी समेत सभी मानकों जांच करने का निर्देश दिया था। इसके बाद बरेली में अस्पतालों की जांच के लिए टीम गठित की गई थी जिसने पिछले 15 दिनों में शहर के करीब 30 अस्पतालों का निरीक्षण किया।

## 32 वर्षों से फरार चल रहे वारंटी को दबोचा

### साधु के भेष में घूम रहा था आरोपी, लूट के मामले में था वांछित

विश्ववार्ता संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जलालाबाद क्षेत्र में एक व्यक्ति को सराय साधऊ से उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह साधु के भेष में लोगों से गप्पे लड़ा रहा था. इस संबंध में पुलिस ने 32 साल से लूट के मुकदमे में फरार चल रहे वारंटी आरोपी रामाधार उर्फ धुरिया निवासी ग्राम सराय को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश होने के लिए भेज दिया इस बात की जानकारी पुलिस ने शुक्रवार दिन के 2:00 बजे दी।

जलालाबाद पुलिस ने दी जानकारी में बताया दिनांक 20.12.2024 को पुलिस टीम जलालाबाद द्वारा 01 स्थायी वारण्टी /अभियुक्त रामाधार उर्फ धरुआ पुत्र कडेर उम्र करीब 60 वर्ष निवासी ग्राम सराय साधौ पर मा0 न्या0 अपर सिविल जज / सी0डी0 / ए0 सी0 जे 0 जेम 0 कक्ष संख्या 20 शाहजहांपुर वाद स0 4787/21 अ0स0 315/1992 U/S - 392 IPC बनाम राजवीर आदि में फरार चल रहे। अभियुक्त रामाधार उर्फ धरुआ उपरोक्त अपने मसकन पर मौजूद मिला , जिसको कारण गिरफ्तारी का बताकर व वारण्ट दिखाकर अभियुक्त को नियमानुसार समय करीब 11.00 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। आरोपीय अपराधी किस्म का है और उसे पर विभिन्न धाराओं के 10 मुकदमे थाने में पंजीकृत हैं।

अभियुक्त रामाधार उर्फ धरुआ कंजड 32 वर्षों से साधु का भेष वदलकर लगातार फरार चल रहा था , थाना जलालाबाद पुलिस द्वारा अथक प्रयास व पता रसीसुरागरसी कर अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता पायी।

## आंबेडकर पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी का विरोध, पुतला फूंका



विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** संसद में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर जिला समाजवादी युवजनसभा के नेतृत्व में जमकर विरोध प्रदर्शन कर पुतला फूंका गया।

देश के संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संसद में चर्चा के दौरान राज्यसभा में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के प्रति अभद्र टिप्पणी व अमर्यादित व्यवहार किये जाने के विरोध में पुतला फूंका गया। विरोध प्रदर्शन में समाजवादी युवजनसभा जिलाध्यक्ष डॉ मोहित भारद्वाज, सचिन,आनंद , रितेश यादव, हिमांशु राज, जितेंद्र यादव ,सरीफ खान, सुनील यादव ,संदीप मौर्य, ललित आर्य, प्रभात सागर, सुमित सिंह ,संजीव कश्यप, उरमान यादव ,प्रशांत यादव, आदित्य यादव ,सुमित सिंह, सैयद हसन ,मुस्तफा ,रईस अहमद ,सोनू वाल्मीकि, आरिफ खान ,अमन प्रजापति आदि लोग मौजूद।

**बलिदान दिवस** शहीद अशफाक उल्ला खां स्मारक में छात्रों ने देशभक्ति गीत और प्रेरक प्रसंगों से शहीदों को किया याद

## काकोरी कांड के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि, बच्चों ने पेश किए कार्यक्रम

विश्ववार्ता संवाददाता



**शाहजहांपुर।** काकोरी केस के अमर क्रांतिकारियों के बलिदान दिवस पर शहीद अशफाक उल्ला खां मेमोरियल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत व शहीदों के प्रेरक प्रसंग सुनाकर सबकी तालियां बटोरी।

ऐमन जई जलाल नगर स्थित शहीद अशफाक उल्ला खां स्मारक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शहीद अशफाक उल्ला खां स्कूल के कक्षा 3 के छात्र मोहम्मद आहिल, कक्षा 4 की आमना, कक्षा 5 की समरा ने देश भक्ति कविता, कक्षा 8 की उमरा ने प्रेरक प्रसंग सुनाया। इनके अलावा कक्षा आठ की नूर अफशा, कक्षा 9 की अदीबा, कक्षा 11 की रूहीन व कहकशां ने राष्ट्र प्रेम से ओत प्रोत कविताएं प्रस्तुत की। नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रस्तुतियां पर सबने तालियां बजाकर उनका उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधान अध्यापक शादाब उल्ला खां, शिक्षिका अमरीन अख्तर, अफसाना, सामिया, मुस्कान, महशर, अलविया आदि का विशेष योगदान रहा। (5) पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में सैकड़ो की संख्या में लोग हुए सम्मिलित फोटो : शाहजहांपुर/अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आज गायत्री शक्तिपीठ ब्रम्हस्थली बंडा शाहजहांपुर के 38 वें वार्षिक उत्सव पर 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ पूर्णाहुति संपन्न हुई।

प्रथम दिवस कलश यात्रा गायत्री शक्तिपीठ से भगवान इंद्र देव की तपस्थली सुनासीर नाथ से कलश में जल लेकर बंडा चौराहा होते हुए गायत्री शक्तिपीठ यज्ञ स्थल पहुंची। कलश पूजन के साथ आरती सम्पन्न हुई। द्वितीय दिवस 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं सायं दीपमहायज्ञ संपन्न हुआ। तृतीय दिवस 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ संस्कार पूर्णाहुति संपन्न हुई। कार्यक्रम में मंच से टोली नायक सत्यप्रकाश शुक्ला, गायक जगदीश प्रसाद,अभय सिंह एवं वादक लाखन जी ने प्रज्ञा गीतों से सभी को भाव विभोर कर दिया। जिला समन्वयक सूरज वर्मा एवं जिला सह समन्वयक सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव बाबूजी जी ने सभी से ज्योति कलश यात्रा के संदर्भ में गुरुधाम शांतिकुंज का संदेश सुनाया।

एवं शक्तिपीठ के 38 वें वार्षिक उत्सव के लिए शुभकामनाएं दी। यज्ञशाला में युवा प्रकोष्ठ से संजीव भैया के साथ श्री गायत्री महाशक्ति संस्थान इंटर कालेज बंडा की छात्राएं सहयोग के लिए उपस्थित रही। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मस्थली बंडा के संस्थापक श्री श्यामलाल मिश्र एवं व्यवस्थापक विश्वनाथ त्रिपाठी जी ने सभी परिजनों का आभार व्यक्त किया। पूर्णाहूति के उपरांत कन्या भोज के साथ भंडारा संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में गायत्री परिजनों के साथ सृजल शुक्ला, शिवओम शुक्ला, राजेंद्र सिंह, दीपा शर्मा टीम के साथ सहयोग किया। जिला केंद्र गायत्री शक्तिपीठ गौहरपुरा से जिला समन्वयक सूरज वर्मा, ट्रस्टी, जिला मीडिया प्रभारी रंजीत कुमार वर्मा, महिला मंडल से अनीता गुप्ता, मंजू वर्मा उपस्थित रही।

जिला केंद्र गायत्री शक्तिपीठ गौहरपुरा शाहजहांपुर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राजाराम मौर्य जी ने शक्तिपीठ के 38 वें वार्षिक उत्सव पर सभी परिजनों को शुभकामनाएं दी।

## एक नजर

### किसान भाई केले की अच्छी फसल लेने के लिये उद्यान विभाग के सुझाव पर दे ध्यान

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि कृषक भाई केले की अच्छी फसल लेने के लिये दिसम्बर माह में उद्यान विभाग के सुझावों पर ध्यान अवश्य दें। उन्होने बताया है कि 20 दिसम्बर के पहले डीएपी 80 ग्राम, मैग सल्फ 8 ग्राम, फेरस सल्फेट 15 ग्राम, मैक्स 1 ग्राम, कैल्शियम नाइट्रेट 15 ग्राम प्रति पौध, पौधों के जड़ के पास देना चाहिये तथा पाले से बचाव हेतु कापर आक्सीक्लोराइड का 5 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करना चाहिये तथा 30 दिसम्बर तक एनपीके 20 :20 :20 :–75 ग्राम कोम्बीकाल 75 ग्राम, फर्टिसाल 75 ग्राम एवं स्टीकर 50 मिली0 प्रति टैंक की हिसाब से छिड़काव करें। पौधों को आवश्यकतानुसार पानी देते रहना चाहिये। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी से सम्पर्क कर सकते है।

### पूर्व सचिव की मौत पर कांग्रेसियों ने जताया दुख दी श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** गत दिवस लखनऊ में विधान सभा घेराव कार्यक्रम के दौरान पुलिस की मारपीट से घायल उप्र युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव प्रभात कुमार पाण्डेय की दु :खद मृत्यु पर पूर्वान्ह 1.00 बजे जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, इन्दिरा भवन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनकी तश्वीर पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। पश्चात आयोजित शोक सभा में कांग्रेसजनों ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की इस अवसर पर कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस साथी की शहादत को बेकार नहीं होने दिया जाएगा। उनहोने कहा कि उप्र सरकार गुंडई पर आमादा है, इसकी हर चाल का जवाब दिया जाएगा। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सरकार पीड़ित के परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा दे और घर के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दे, अन्यथा उसको न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। शोक संवेदना में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष इरफान अली, निवर्तमान उपाध्यक्ष डा0 वीके सिंह, निवर्तमान कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, राम रतन तिवारी, उपाध्यक्ष इम्तियाज़ अहमद, जिला सचिव बी पी त्रिपाठी, विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता मकरंद शुक्ला, पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, चंद्रनाथ शुक्ला, सलमान खान, संजय इस्तियाक, सुधीर तिवारी,महेंद्र मिश्रा, फतेह बहादुर सिंह, श्याम शंकर तिवारी, बेलाल अहमद, मो इदरीशी,सुरेश मिश्रा, रामू पाण्डेय, अब्दुल रहमान,अवध राज यादव,राम धन यादव,मतीन, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### कई पार्टियों के नेताओं ने गृहण की जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता



**बांदा।** शहर के जिला परिषद परिसर शुक्रवार को जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के जयकारों से गूंज उठा। जेडीयू के सदस्यता अभियान के दौरान भाजपा, सपा और बसपा छोड़कर लगभग 300 लोगों ने जेडीयू की सदस्यता ली। इस कार्यक्रम का आयोजन जेडीयू की संघर्षशील नेत्री शालिनी सिंह पटेल के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर और संविधान को नमन करते हुए हुई। इसके बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए शालिनी सिंह पटेल ने कहा, "जनता दल यूनाइटेड हमेशा शोषित, पीड़ति, दिव्यांग, महिलाओं, किसानों और युवाओं के साथ खड़ा रहेगा। जो भी इस संगठन में शामिल हुए हैं, उनका हम दिल से स्वागत करते हैं।" शालिनी सिंह पटेल ने मंच से दिव्यांगों के लिए पेंशन बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि इसे 1000 से बढ़ाकर 5000 प्रतिमाह किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बिजली, पानी और स्वास्थ्य सुविधाओं को नि :शुल्क करने की आवश्यकता है। अध्यक्षता कर रहे दिव्यांग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्री राम प्रजापति ने कहा कि जेडीयू ने दिव्यांगों को जो सम्मान दिया है, वह अन्य किसी पार्टी ने नहीं दिया। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष निहारिका मंगल ने कहा कि शालिनी सिंह पटेल के नेतृत्व में जेडीयू महिलाओं की आवाज को और बुलंद करेगा। जिला अध्यक्ष उमाकांत सविता ने अपने संबोधन में कहा कि जेडीयू जनता के हर वर्ग की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। वरिष्ठ दिव्यांग सेवक श्याम बाबू त्रिपाठी ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर हर संघर्ष में साथ देने का आह्वान किया। इनमें प्रमुख नाम हेमू सविता (महिला प्रकोष्ठ जिला महासचिव), रामप्यारी शुक्ला (नगर अध्यक्ष, बबेरू), और गुड्डू देवी (तहसील उपाध्यक्ष, बांदा) शामिल हैं। जेडीयू नेत्री शालिनी सिंह पटेल ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों और कार्यशैली से प्रभावित होकर बांदा जिले के लोग जेडीयू से जुड़ रहे हैं।

### नैनी पुलिस ने नशीले पदार्थ के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुराने पुल के पास घंटेश्वर मंदिर के निकट छोटा चाका निवासी मनोज कुमार पुत्र स्वर्गीय शिव बहादुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 63 ग्राम स्मैक, 57 ग्राम ब्राउन शुगर और 59 ग्राम (एमडी पाउडर) कुकीन बरामद किया। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया नशे के सौदागर के कब्जे से बरामद नशीला पदार्थ वह महाकुंभ मेला क्षेत्र में सप्लाई करने के लिए जा रहा था। हालांकि गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए उसका चालान कर दिया गया।

### शिप्रा कॉलेज में पांच स्कूलों के मैच का हुआ समापन



**प्रयागराज।** शिप्रा इंटर कॉलेज के ग्राउंड में पांच स्कूलों का मैच आज समापन हुआ। जिसमें कबड्डी के खेल में बॉयज ग्रुप के भोलानाथ इंटर कॉलेज पाल नगर लखनपुर प्रयागराज शिप्रा इंटर कॉलेज से विजई हुआ। जिसमें कबड्डी के खेल में गर्ल्स टीम ने शिप्रा इंटर कॉलेज ट्रिपल आईटी चौराहा भोलानाथ इंटर कॉलेज विजई हुई। तीसरा विमल बल भारती इंटर कॉलेज खो खो टीम में विजई रही। पांच स्कूलों का मैच हुआ जिसमें भोलानाथ इंटर कॉलेज लखनपुर प्रयागराज दूसरा डीआरएम पब्लिक स्कूल कटा हुआ गौसपुर प्रयागराज तीसरा स्कूल शिप्रा इंटर कॉलेज पीपल गांव झलवा प्रयागराज चौथा स्कूल अमर सिंह इंटर कॉलेज मंदिर बमरौली पांचवा स्कूल शिप्रा इंटर कॉलेज पीपल गांव झलवा प्रयागराज के तीन दिवसीय मैच आज समापन हुआ और बच्चों को पुरस्कार में टॉफी प्रमाण पत्र और मेडल पहना करके उनको प्रतिपादित किया गया।

# दो सहेलियों ने लगाई फांसी, मौत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» पहली युवती के फांसी लगाने के बाद दूसरी सहेली की आई मौत की खबर

**बांदा।** गर्म कपड़े न दिलवाने से नाराज एक युवती ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही सहेली ने भी फांसी लगाकर जान दी, मौत की खबर पर दोनों के घरवालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

देहात कोतवाली क्षेत्र के जारी गांव निवासी 19 वर्षीय गायत्री वर्मा पुत्री देवराज वर्मा ने शुक्रवार की भोर अटारी के ऊपर छप्पर की धन्नी में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। सुबह छोटी बहन प्रियंका काम के लिए जागने गई तो शव फंदे पर लटकता देख चीख पड़ी। शोर गुल सुनकर परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। फंदा काटकर उसे नीचे उतार लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। उधर मौत की खबर मिलते ही पड़ोसी सहेली 18 वर्षीय पुष्पा पुत्री छोटेलाल ने दिवार के मोखो में दुपटटा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। खेत से घर पहुंचे पिता ने शव देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के पिता ने बताया कि पुष्पा और गायत्री दोनों सहेलिया थी। गायत्री की मौत के बाद उसने भी यह घटना अंजाम दी। मौत का कारण अज्ञात है। उधर थानाध्यक्ष देहात कोतवाली आनंद सिंह ने बताया कि गायत्री अपने पिता ने गर्म कपड़े खरीदने के लिए कह रही थी। कपड़े न खरीदे जाने से नाराज होकर उसे यह घटना अंजाम दी।

### संदिग्धावस्था में मनरेगा मजदूर का खेत में मिला शव खलबली, पुलिस जांच में जुटी

**नवाबगंज-प्रयागराज।** इलाके के मकरी खोवा मजरा खिदिरपुर गांव के समीप खेत में मनरेगा मजदूर का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने पर खलबली मच गई है। वहीं खेत में शव मिलने की खबर पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि घटना के बाद स्वजनों में कोहराम मचा रहा। हालांकि पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के मकरी खोवा मजरा खिदिरपुर गांव निवासी विक्रम पटेल 42 पुत्र स्व. राम फल पटेल मनरेगा मजदूरी करने के लिए बुधवार को घर से निकला था। जिसके बाद घर वापस नहीं लौटने पर स्वजनों द्वारा खोजबीन की गई। जिसके बाद बृहस्पतिवार की सुबह दुलारे के आलू खेत में विक्रम पटेल का सुबह शव लोगों ने देखा तो खलबली मच गई। वहीं स्वजन भी रोते-बिलखते हुए मौके पर पहुंचे जहां कोहराम मचा रहा। उधर सूचना पाकर नवाबगंज की पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पीसीएस परीक्षा को लेकर लिया जायजा

» 22 को आयोजित पीसीएस परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के लिये दिशा निर्देश जारी

» परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी के पास कोई इलेक्ट्रानिक डिवाइस पाये जाने पर होगी कार्रवाई : एडीएम

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा दिनांक 22 दिसंबर 2024 को आयोजित यूपीपीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024 को जनपद प्रतापगढ़ में पवित्रता, शुचिता, निष्पक्ष एवं नकल विहीन संपन्न करने के लिए अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के लिये दिशा निर्देश जारी करते हुये कहा है कि परीक्षा हेतु प्रथम पाली में परीक्षा केंद्रों में प्रातः 8 बजे से 8:45 बजे तक और द्वितीय पाली हेतु अपरान्ह 1:00 से 1:45 के मध्य ही प्रवेश अनुमन्य होगा। इसके उपरांत किसी भी दशा में परीक्षा केन्द्रों में अभ्यर्थियों का प्रवेश वर्जित होगा। अभ्यर्थियों द्वारा ओ.एम.आर. पर केवल काले बॉल प्वाइंट पेन का ही इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त किसी अन्य कलर की कोई अन्य पेन वर्जित है। परीक्षा के उपरांत अभ्यर्थी अपने साथ प्रश्न पुस्तिका और ओएमआर की तीसरी नीली प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा की अवधि में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, कैलकुलेटर या कोई अन्य डिवाइस पूर्णतया निषिद्ध है। परीक्षा के दौरान किसी अभ्यर्थी के पास कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पाए जाने पर उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा के उपरांत अभ्यर्थियों से जब तक ना कहा जाए, तब तक वह परीक्षा कक्ष से बाहर नहीं जाएंगे। लोक सेवा आयोग द्वारा जारी अधिकृत फोटो युक्त प्रवेश पत्र के बिना किसी भी दशा में अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र में प्रवेश संभव नहीं है।

### कांग्रेसी नेताओं ने मोमबत्ती जलाकर दो नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित किया

**नैनी।** नैनी लखनऊ में कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान एक कार्यकर्ता की मौत को लेकर कार्यकताओं व नेताओं ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया। विधानसभा का बृहद घेराव किया, उसी दौरान एक दु :खद घटना हो गई, उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव प्रभात कुमार पाण्डेय का पुलिसिया उत्पीड़न से दम घुटने के कारण मृत्यु हो गई। यूथ कांग्रेस पार्टी के नेता स्व प्रभात कुमार पाण्डेय का बलिदान बेकार नहीं जाने देगी, वहीं दूसरी तरफ महानगर कांग्रेस के कैंप कार्यालय नैनी में महानगर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन की अध्यक्षता में शोक सभा कर श्रद्धांजलि दी गई। प्रयागराज में हुई जहां महानगर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के महानगर सचिव पण्डित वीरेंद्र शर्मा का हदयगति रुकने के कारण निधन हो गया इनके आत्मा की शांति के लिए नैनी के कैंप कार्यालय में मोमबत्ती जलाकर शोक सभा कर यूथ कांग्रेस नेता प्रभात पाण्डेय, शहर कांग्रेस के निवर्तमान शहर सचिव पंडित विरेंद्र शर्मा को श्रद्धांजलि दी गई।

# महिलाओं को दी गई विधिक शिविर में घरेलू हिंसा आदि की जानकारियां

## अपर जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में महिला जागरूकता शिविर का आयोजन

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**उरई।** महिलाओं को कानूनी जानकारी देने हेतु आज विकास खण्ड कोंच के सभागार में राष्ट्रीय महिला आयोग के सौजन्य से राष्ट्रीय/राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव के निर्देशन में आयोजित इस शिविर की अध्यक्षता करते हुये अपर जिला जज/सचिव राजीव सरन द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महिलाओं को बताया गया कि वैवाहिक/दाम्पत्य विवादों को प्रारम्भिक स्तर पर ही निपटाये जाने के लिये आवेदन पत्रों को अंगीकृत करने का सरल तरीका जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अपनाया जा रहा है। पति-पत्नी के मध्य मामूली विवाद को थाना, कोर्ट-कचहरी तक ले जाने से बचना चाहिये बल्कि मामूली विवाद या मतभेद को परस्पर मिल बैठकर निपटा लेना चाहिये। इनके अतिरिक्त महिलायें धारा-125 सी.आर.पी.सी., हिन्दू विवाह अधिनियम एवं घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत गुजारे भत्ते की मांग कर सकती हैं और तलाकशुदा पत्नी को भी अपने पति की पैतृक सम्पत्ति से हिस्सेदारी व दूसरी शादी करने तक भरण - पोषण लेने का अधिकार प्राप्त है। उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह द्वारा राष्ट्रीय/राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं/ परियोजनाओं की जानकारी देते हुये प्राधिकरण की संरचना, इसके उद्देश्य व कार्यों के विषय में उपस्थित महिलाओं को बताया गया। उन्होंने बताया कि पति और पिता की पुस्तैनी सम्पत्ति में उनको पूरा अधिकार प्राप्त है। शादी के बाद भी महिला को पिता की सम्पत्ति में कानूनी अधिकार प्राप्त है। इस कार्यक्रम का संचालन इं0 राजीव रेजा द्वारा किया गया। इसी कार्यक्रम में रिसार्स पर्सन/सदस्य बाल कल्याण समिति गरिमा पाठक ने कार्यस्थल पर छेड़छाड़ अथवा यौन उत्पीड़न, महिलाओं के अधिकारी आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। संविधान में महिलाओं के अधिकार, श्रमिक कानून, फैमिली लॉ इत्यादि विशयों की जानकारी महिलाओं एवं छात्राओं को दी गयी। राष्ट्रीय महिला आयोग की रिसोर्स-पर्सन चाइल्ड हेल्पलाइन कोर्डिनेटर प्रतीक्षा सिंह ने महिलाओं को राष्ट्रीय महिला आयोग के कार्यों एवं इसकी भूमिका और संविधान में महिलाओं को प्राप्त कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में तहसीलदार/सचिव तहसील विधिक सेवा समिति जितेन्द्र पटेल द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। वहीं खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि एवं पुलिस विभाग से उनि सुमन देवी द्वारा अपने-अपने विभागों से संचालित योजनाओं के विषय में जानकारी दी गयी। इस शिविर में प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी चन्द्रप्रभा खरे, महिला थानाध्यक्ष उमा सैनी, उपनिरीक्षक पूनम यादव, सहायक अध्यापिकायें प्रीति खरे, निधि निरंजन, आराधना निरंजन, श्रीमती सोनिया वर्मा आंगनबाड़ी सुपरवाईजर सीमा सहाय, सीमा देवी, लक्ष्मी देवी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन के कनिष्ठ लिपिक शुभम शुक्ला पीएलवी टीम लीडर जगपाल सिंह, स्नेशराजा, सीता तिवारी समेत तहसील के विभिन्न क्षेत्रों से आयी आशा बहुये, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सुपरवाईजर तथा दर्जनों छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को हुई 10 वर्ष की सजा व जुर्माना

**बांदा।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान '"ऑपरेशन कन्विक्शन"' के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में वर्ष-2019 में थाना बिसण्डा क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव में नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास व जुर्माने से दण्डित कराया गया।

गौरतलब हो कि थाना बिसण्डा क्षेत्रान्तर्गत एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने 24 मई 2019 को थाना बिसण्डा पर सूचना दी कि 22 मई 2019 को अभियुक्त मनोज यादव पुत्र कैलाश यादव निवासी बिलगांव द्वारा उनकी नाबालिग लड़की से दुष्कर्म किया गया। सूचना पर तत्काल थाना बिसण्डा पर मु.अ.सं. 100/19 धारा 376/504/506 भा.द.वि. व 4 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था जिसकी 'विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक मधुसुदन शुक्ल' द्वारा सम्पादित की गयी। विवेचक द्वारा प्रभावी विवेचना करते हुये साक्ष्य संकलन कर 06 जुलाई 2019 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। 'लोक अभियोजक कमल सिंह गौतम' द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई साथ ही 'कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी दीपक व महिला आरक्षी पुनीति भदौरिया तथा पैरोकार आरक्षी राजन' के अथक प्रयासों से अभियुक्त को न्यायालय द्वारा '10 वर्ष के कठोर कारावास व 12 हजार रुपये' के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

# पंचदशनाम आवाहन अखाड़ा की पेशवाई कल

## बैंडबाजा, हाथी–घोड़ा पालकी के साथ निकलेंगे संत



**महाकुम्भ नगर(प्रयागराज)।** सबसे प्राचीन अखाड़ा श्री पंच दशनाम अखाड़ा की पेशवाई भव्यता के साथ रविवार 22 दिसम्बर को निकलेगी।

पेशवाई शोभा यात्रा में सैकड़ों रथों पर सवार होकर साधु संत नैनी स्थिति मडोका आश्रम से निकलकर विभिन्न मार्गों से होते हुए काली मार्ग सेक्टर नंबर 20 पर पहुंचेंगे। इस शोभा यात्रा में हाथी घोड़ा पालकी के साथ देश भर के दर्जनों नामचीन बैंड भी शामिल होंगे यह जानकारी आवाहन अखाड़ा के महामंत्री महंत सत्य गिरी ने दी है। महंत गिरी ने बताया पेशवाई का नेतृत्व आवाहन अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधूत बाबा अरुण गिरी जी महाराज करेंगे। पेशवाई में शामिल होने के लिए बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ अशोक चौधरी भी आयेगे। गौरतलब हो कि आवहान अखाड़ा शंकराचार्य जी द्वारा स्थापित सबसे प्राचीन अखाड़ा हैं। महंत राहुल गिरि महाराज ने बताया कि पेशवाई की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। शोभायात्रा में अखाड़े के नागा संत आकर्षण का केंद्र रहेंगे। बैंड बाजा की धुनों पर नागा संत करतब दिखाएँगे। ज्ञात हो कि आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरि महाराज भी अपनी पर्यावरण प्रेम के कारण मेले में अलग पहचान रखते हैं।

### अटल पर आधारित काव्य पाठ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बांदा।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई जन्मदिवस के अवसर पर शासन द्वारा सुनिश्चित सुशासन सप्ताह के 18 से 25 दिसंबर अनुक्रम में महाविद्यालय में भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई के जीवन और उनकी कविताओं पर आधारित काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर दीपाली गुप्ता के दिशा-निर्देशन में यह कार्यक्रम समारोहिका डॉक्टर सबीहा रहमानी के संयोजन में आयोजित हुआ।

## निर्देश का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध चैकिंग अभियान चलाया



**उरई।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी(प्रवर्तन-I) राजेश कुमार ने बताया कि आज नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में अधोहस्ताक्षरी द्वारा परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। उक्त अभियान में कालपी केन्द्र के परमिट धारक उरई केन्द्र में अपने वाहन का संचालन करते पाये गये। ऐसे 06 ऑटोरिक्शा वाहनों का परमिट शर्तों के उल्लंघन में चालान कर आटा मण्डी में निरुद्ध किया गया। साथ उक्त अभियान में अन्य वाहनों पर भी विभिन्न अभियोगों (यथा-परमिट, बीमा, रिफ्लेटर, बिना एच0एस0आर0पी0 नम्बर प्लेट, बिना चालक लाइसेंस) में प्रवर्तन की कार्यवाही अमल में लायी गयी।

## विधायक आराधना ने किया कौडियाडीह में पुल का उदघाटन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने शुक्रवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र मे नवनिर्मित पक्के पुल तथा झील के पुनरोद्धार समेत ग्रामीण विकास से जुडी करोडो की सौगात सौपी। क्षेत्र के मादामई में विधायक आराधना मिश्रा मोना ने मनरेगा के जरिए विलुप्तप्राय नदियों के पुनरोद्धार के तहत झील व लोनी नदी के दो सौ करोड़ रूपये की स्वीकृत सौन्दर्यीकरण की परियोजना की आधारशिला रखी। वहीं कौड़यिाडीह में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित एक करोड़ चार लाख रूपये की लागत से लोनी नदी पर बने नवनिर्मित पुल का समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। कौडियाडीह में विधायक आराधना मिश्रा मोना ने इण्टरलाकिंग तथा पेयजल व स्वास्थ्य परियोजनाओं से जुडी करोडों की लागत के ग्रामीण विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक के मादामई में गुजवर मादामई झील एवं लोनी नदी के पुनरोद्धार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि



विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि इस परियोजना के जरिए जल संरक्षण को गति मिल सकेगी।

वही उन्होने कहा कि परियोजना के लिए वह स्वयं तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रयास से झील के सौन्दर्यीकरण को रामपुरखास के एक और नए पर्यटन स्थली के रूप में विकसित करायेंगी। शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी की ओर से प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह ने परियोजना के पूर्ण होने में सहयोग का भरोसा दिलाया। प्रारम्भ में परियोजना निदेशक दयाराम यादव ने बताया कि पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत जिले के रामपुर संग्रामगढ, लालगंज, बाबागंज, बिहार एवं लक्ष्मणपुर की पैंतीस ग्राम पंचायतें लाभान्वित होंगी। डीसी मनरेगा अश्विनी सोनकर ने परियोजना के प्रथम चरण की कार्ययोजना प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम लालगंज नैंनसी सिंह व संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। समारोह को डीडीओ श्रीकृष्णा, बीडीओ बाबागंज राजेन्द्र पाण्डेय ने भी संबोधित किया। इसके बाद विधायक मोना ने कौडियाडीह में लोनी नदी पर एक करोड चार लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित पुल का समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। यहां आयोजित जनसभा में वर्चुअल संबोधन में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने क्षेत्रीय विकास से जुडी परियोजनाओं मे तेजी लाने का ग्रामीणों को भरोसा दिलाया। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने क्षेत्र में ग्रामीण विद्युतीकरण तथा सड़क व शिक्षा तथा स्वास्थ्य आदि के क्षेत्र में रामपुर खास को आत्मनिर्भर आदर्श विकसित क्षेत्र बनाए जाने का ऐलान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य माता प्रसाद पाण्डेय व संचालन राकेश चतुर्वेदी ने किया। जनसभा को चंद्रपाल सरोज, भुवनेश्वर शुक्ल, अभय प्रताप सिंह, महेश पटेल, विजय कुमार सरोज, मो. सरवर, लक्ष्मीकान्त यादव, सतन सरोज, नन्हें लाल गौतम, विद्याधर पटेल ने भी संबोधित किया। इस मौके पर भगवती प्रसाद तिवारी, आशीष उपाध्याय, मोनू पाण्डेय, दिनकर पाण्डेय, पण्डित दुबे, मो. असलम, शिक्षक नेता राजेश पाण्डेय, गुडडू दुबे, आशीष तिवारी, रघुनाथ सरोज, लालजी यादव, अश्विनी उपाध्याय, जमुना पाण्डेय, मनोज सिंह, राजकुमार मिश्र, दिनेश सिंह आदि रहे।

**भरी हुंकार** सपा जिलाध्यक्ष की बैठक में प्रदर्शन को लेकर सपाईयों ने बनाई रणनीति

# कचहरी पर भाजपा सरकार के विरोध में आज आवाज बुलंद करेंगे सपाई

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**प्रयागराज।** राज्य सभा में चल रहे शीतकालीन सत्र में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री अमित शाह का बाबा साहब पर विवादित बयान समाजवादियों के गले से नहीं उतर रही है।

प्रदेश अध्यक्ष के आवाहन पर जिलाध्यक्ष यमुनापार पप्पू लाल निषाद और गंगापार जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने सरकार के खिलाफ हुंकार भरने की तैयारी कर ली है। सपा अपने प्रकोष्ठों के साथ शनिवार को जिला कचहरी भाजपा सरकार के खिलाफ हुंकार भरेंगे और जिलाधिकारी को राष्टपति और प्रधानमंत्री के नाम पर ज्ञापन देंगें। केंद्रीय गृहमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन की तैयारी सपाइयों ने कर ली है। शुक्रवार को सपा जिलाकार्यालय में सपा जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने साफ कहा कि गृहमंत्री ने बाबा साहब पर नहीं बल्कि लोकतंत्र पर हमला किया है। सपा इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन इतना जोरदार किया जाएगा कि भाजपा तानाशाह शासक की कुर्सी हिल जाएगी।

इसी क्रम में जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव ने कहा कि राजनीति अपनी जगह पर है लेकिन संविधान निर्माता बाबा साहब को लेकर अमित शाह के बेतुका बयान अक्षम्य है। इसका हर हाल में विरोध किया जाएगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राममूरत यादव उर्फ नाटे चैधरी, प्रभात यादव, जयशकर भारती,सोम दत्त पटेल, रमाकांत यादव, कुलदीप निषाद , महेंद्र ननकेश बाबू यादव, रंजीत सोनकर, मंगला प्रसाद पाल, गीता पासी, निर्मला यादव,रेनू , नगर अध्यक्ष मंजू यादव, जिलाध्यक्ष महिला सभा प्रतिमा रावत, सुधा यादव सहित पार्टी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

### बाबा साहब पर नहीं लोकतंत्र पर हमला : जिलाध्यक्ष यमुनापार



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी यमुनापार पप्पू लाल निषाद ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह के विवादित पर कडा ऐतराज जताया। कहा कि शाह ने बाबा साहब पर नहीं बल्कि लोकतंत्र पर हमला किया। देश के दलित, ओबीसी और असहाय की अंतरात्मा पर झकझोरा है। ऐसे में केंद्रीय मंत्री को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। नहीं इसकी सजा भाजपा भुगतने को तैयार रहे। यह समाज केंद्रीय मंत्री को कभी माफ नहीं करेगा।

### महिला सभा भी प्रदर्शन में होगा शामिल



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी की महिला प्रकोष्ठ भी गृहमंत्री के विरोध में जिलाकचहरी पर प्रदर्शन करेगी। नगर अध्यक्ष मंजू यादव ने कहा कि भाजपा की तानाशाही सरकार की ही नियत दलित, पिछडों और अल्पसंख्यकों को दबाना है। यह पीएम मोदी के इशारे पर गृहमंत्री अपने बयानों में दे रहे है। यदि ऐसा नहीं होता तो शायद गृहमंत्री का बयान बाबा साहब के लिए नहीं होता। जिला महिला अध्यक्ष प्रतिमा रावत ने कहा कि जिला कचहरी पर पुरजोर विरोध किया जाएगा और संदेश दिया जाएगा कि देश ऐसे आततायियों को रहने नहीं दिया जाएगा। जो संविधान बाबा साहब का अपमान करते हो। सपा की गीता पासी, निर्मला यादव,रेनू , आदि ने जोरदार प्रदर्शन कर सरकार को सबक सिखाने का निर्णय लिया।

## संपादकीय

# अमन की उम्मीद

अमेरिका में सत्ता परिवर्तन और नये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पदारूढ़ होने का समय जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है, रूस-यूक्रेन युद्ध के खात्मे और मध्य-पूर्व में शांति कायम होने के आसार बढ़ रहे हैं। इसके संकेत सिर्फ अमेरिका ही नहीं बल्कि रूस की तरफ से भी मिल रहे हैं। नये घटनाक्रम ने अमन की उम्मीद और बढ़ाई है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका में प्रेसिडेंट चुने गए डोनाल्ड ट्रंप के आते ही यूक्रेन पर समझौते का प्रस्ताव रख दिया है। ऐसा हुआ तो डोनाल्ड ट्रंप के लिए राष्ट्रपति पद संभालते ही यह बड़ी सफलता होगी। उन्होंने कहा है कि हम यूक्रेन पर समझौते के लिए तैयार हैं। डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत में रूस को आपत्ति नहीं है और अब यूक्रेन पर समझौता हो जाना चाहिए, लेकिन एक शर्त है कि इसमें यूक्रेन की ओर से वैध सरकार को ही शामिल करना चाहिए। व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस किसी के साथ भी बातचीत के लिए तैयार है। यहां तक कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ भी बातचीत संभव है। सरकारी टीवी चैनल को दिए सालाना इंटरव्यू में व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि मैंने सालों से डोनाल्ड ट्रंप से बात नहीं की है, लेकिन मिलेंगे तो यूक्रेन युद्ध पर भी बातचीत के लिए तैयार हैं। उन्होंने इस बात से भी इनकार किया कि रूस जंग में कमजोर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद से रूस लगातार मजबूत हो रहा है। पुतिन ने कहा कि समझौते के लिए यदि रूस सहमति दे रहा है तो फिर यूक्रेन को भी इसके लिए तैयार रहना चाहिए। हालांकि उन्होंने किसी अस्थायी युद्ध विराम की संभावना से इनकार कर दिया। व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि बातचीत का रास्ता तो पहले ही निकाल लेना चाहिए था, लेकिन हमारे रुख को यूक्रेन के कुछ नेताओं ने सरेंडर की तरह देखा। बता दें कि बीते करीब तीन सालों से जारी जंग में लाखों लोगों को विस्थापन झेलना पड़ा है। बड़े पैमाने पर कारोबार खत्म हुए हैं। पुतिन ने इस इंटरव्यू में यह जरूर साफ किया कि हमारा हमला गलत नहीं था। उन्होंने कहा कि नाटो जिस तरह से विस्तारवादी नीति अपना रहा है और रूस के खिलाफ आक्रामक है, उससे बचने की स्थिति में हमने हमला किया था। फिलहाल यूक्रेन के करीब 20 फीसदी हिस्से पर रूस ने कब्जा जमा रखा है। एक अहम बात यह है कि व्लादिमीर पुतिन ने यह भी स्वीकार किया कि रूस को जंग की और तैयारी करनी चाहिए थी। व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि मैंने रूस को स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए हैं। रूस के हितों को साधने के लिए ही हमारा हर फैसला रहा है। इसके अलावा पुतिन ने ओरेशनिक हाइपरसोनिक मिसाइल को लेकर कहा कि यदि पश्चिमी देश आगे बढ़े तो यूक्रेन पर हम फिर से हमला करेंगे। बता दें कि व्लादिमीर पुतिन के ट्रंप के साथ अन्य नेताओं की तुलना में अच्छे रिश्ते माने जाते हैं। उन्होंने कहा कि बातचीत की शुरुआत उस प्रारंभिक समझौते से होनी चाहिए जो युद्ध के शुरुआती हफ्तों में तुर्की में रूसी और यूक्रेनी वार्ताकारों के बीच हुआ था, लेकिन लागू नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि जल्द ही, मेरी राय में यूक्रेन में लड़ने वाले खत्म हो जाएंगे। हम तैयार हैं, लेकिन दूसरी तरफ को भी वार्ता और समझौतों के लिए तैयार होना चाहिए। ट्रंप समझौता कराने में माहिर माने जाते हैं। अपने चुनावी अभियान में वह बार-बार युद्ध खत्म करने का वादा करते रहे हैं। लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वह इसे कैसे करेंगे। पिछले महीने खबरें आयी थीं कि पुतिन ट्रंप के साथ यूक्रेन युद्धविराम पर बातचीत के लिए तैयार हैं। लेकिन उन्होंने बड़े क्षेत्रीय समझौते करने से इनकार किया और कहा कि यूक्रेन को नाटो में शामिल होने का ख्वाब छोड़ना होगा। पुतिन ने गुरुवार को कहा कि रूस को यूक्रेन के साथ बातचीत शुरू करने के लिए कोई शर्त नहीं चाहिए और वह राष्ट्रपति जेलेंस्की सहित किसी से भी बात करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी समझौता केवल यूक्रेन की वैध सरकार के साथ किया जा सकता है।

## कटाक्ष ▶ हसन जैदी




# बाबा साहब के नाम पर बंद होनी चाहिए राजनीति


राजेश कुमार पासी

संविधान पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने एक घंटा चालीस मिनट का एक भाषण दिया। इस भाषण में उन्होंने कांग्रेस पर तंज किया कि अम्बेडकर-अम्बेडकर चिल्लाना एक फ़ैशन बन गया है। उन्होंने कहा कि इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक का स्वर्ग मिल जाता। इसके बाद उन्होंने कहा कि आप लोग अम्बेडकर का नाम लेते हो, हमें इसका आनंद है लेकिन आप लोग जो उनके प्रति भाव रखते हो, वो मैं आपको बताता हूं। इसके बाद उन्होंने बताया कि कैसे कांग्रेस ने बाबा साहब का उनके जीवन और उनके महानिर्वाण के बाद उनका अपमान किया है। इस भाषण के कई घंटों बाद कांग्रेस की मीडिया टीम ने इस भाषण की सिर्फ 12 सेकंड की एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया में जारी कर दी और आरोप लगाया कि अमित शाह ने बाबा साहब का अपमान किया है। कितनी अजीब बात है कि विपक्ष के सांसदों के सामने अमित शाह ने डेढ़ घंटे से ज्यादा देर तक अपना भाषण दिया लेकिन किसी भी नेता को यह अहसास तब नहीं हुआ कि अमित शाह ने बाबा साहब का अपमान किया है। जब कई घंटे बाद किसी व्यक्ति ने बताया कि अमित शाह के भाषण का 12 सेकंड का ये अंश राजनीतिक फायदा दे सकता है तो उसका इस्तेमाल शुरू कर दिया गया। वास्तव में यह सच है कि उस क्लिप को देखने से ऐसा लगता है कि अमित शाह बाबा साहब का अपमान कर रहे हैं। अमित शाह सही बोल रहे थे लेकिन उनके बोलने का तरीका गलत था।

उनकी इसी गलती का कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दल फायदा उठाना चाहते हैं। अमित शाह की यह बात सही नहीं है कि अम्बेडकर की जगह भगवान का नाम लिया होता तो सात जन्मों का स्वर्ग मिल जाता। मेरा मानना है कि न सिर्फ अमित शाह और प्रधानमंत्री मोदी इस बात को समझ चुके हैं बल्कि पूरी भाजपा को यह समझ आ गया है कि उनसे बड़ी गलती हो गई है। मैं यह नहीं मान सकता कि अमित शाह बाबा साहब का अपमान करने की नीयत से ऐसा बोल गए हैं बल्कि भाषण की निरंतरता में बहकर उनसे यह गलती हो गई। वर्तमान भारतीय राजनीति का सच यह है कि कोई भी नेता और राजनीतिक दल बाबा साहब का अपमान करने की सोच भी नहीं सकता क्योंकि वो जानता है कि इस देश का दलित-आदिवासी और पिछड़ा समाज बाबा साहब का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकता। बाबा साहब का अपमान करना अपनी राजनीतिक जड़े खोदने के बराबर है। विपक्ष ने मुद्दे को लपक लिया है तो भाजपा सतर्क हो गई है। उसे पता है कि ये बहुत संवेदनशील मुद्दा है, इसे हल्के में लेना घातक साबित हो सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पांच ट्वीट करके कांग्रेस पर हमला किया है। इसके अलावा अपनी बात रखने के लिए खुद अमित शाह प्रेस के सामने आए और उनके साथ कई मंत्री भी सामने आए। अमित शाह ने मीडिया से कहा कि वो जनता को पूरा वीडियो देखने को कहे । कांग्रेस झूठ फैला रही है, मैं कभी सपने में भी बाबा साहब का अपमान नहीं कर सकता। एक कहावत है कि दूध का जला, छाछ भी फूंक-फूंक कर पीता है, यह कहावत भाजपा पर चरितार्थ हो रही है। भाजपा पिछले लोकसभा चुनाव में अमित शाह और मोदी जी के भाषणों में फेरबदल करके बनाये गए वीडियो से नुकसान उठा चुकी है। 2015 में संघ प्रमुख भागवत के आरक्षण की समीक्षा वाले बयान का नुकसान भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव में उठाया था। भाजपा नहीं चाहती कि इस क्लिप को वायरल करके विपक्ष उसे बाबा साहब का विरोधी साबित करने में सफल हो जाये।

दूसरी तरफ भाजपा यह भी जानती है कि विपक्ष भाषण का गलत इस्तेमाल कर रहा है, इसलिये वो इस मुद्दे पर रक्षात्मक होने की जगह कांग्रेस पर आक्रामक है। वो यह नहीं कह रही है कि उससे गलती हो गई है बल्कि वो कह रही है कि वो तो बाबा साहब का बहुत सम्मान करती है और इसके लिए वो बाबा साहब के लिए किये गए अपने कामों को गिना रही है। भाजपा देश को बता रही है कि कांग्रेस ने बाबा साहब का कितना अपमान किया है। नेहरू और इंदिरा ने खुद को ही भारतरत्न दे दिया था। राजीव गांधी की मौत के सिर्फ दो महीने बाद उन्हें भी भारत रत्न दे दिया गया था। जो कांग्रेस बाबा साहब को भगवान बनाने में लगी हुई है, उसकी सत्ता जाने के बाद बनी वीपी सिंह की सरकार ने बाबा साहब को भारत रत्न दिया था। इस सरकार को भाजपा बाहर से समर्थन दे रही थी। इस सवाल का जवाब आज तक कांग्रेस ने नहीं दिया है कि वो बाबा साहब को भारत रत्न के काबिल क्यों नहीं समझती थी। इसके अलावा भी बाबा साहब का अपमान नेहरू सरकार के दौरान कई बार हुआ था। बाबा साहब को मंत्री के रूप में काम नहीं करने दिया गया तो उन्होंने मंत्रिपद से त्यागपत्र दे दिया था। उनके जाने के बाद उनके परिवार के साथ भी कांग्रेस ने बहुत गलत व्यवहार किया था। मेरा मानना है कि पक्ष और विपक्ष इस मुद्दे पर सिर्फ राजनीति कर रहे हैं, उन्हें बाबा साहब के मान-सम्मान से कोई लेना देना नहीं है। आज भारतीय राजनीति में दलित, संविधान,आरक्षण और अम्बेडकर बहुत ही सवेंदनशील मुद्दा बन चुके हैं। हर राजनीतिक पार्टी इन पर बहुत सोच समझ कर बोलती है। दलित और पिछड़ों के लिए संविधान, आरक्षण और बाबा साहब बहुत संवेदनशील मुद्दा है इसलिये सभी राजनीतिक दल उन्हें लुभाने के लिए इनका इस्तेमाल करते हैं। आजकल तो विपक्ष संविधान को सिर पर उठाकर घूम रहा है लेकिन कई काम संविधान विरोधी कर रहा है। वास्तव में न सिर्फ राजनीतिक दल और नेता बल्कि दलित नेता और दलित संगठन भी बाबा साहब को भगवान बनाने की कोशिश में वर्षों से लगे हुए हैं। दलित बुद्धिजीवी वर्ग भी बाबा साहब को दलितों का भगवान बनाने के अभियान में शामिल हैं। ये सभी दलित हितों के लिए ऐसा कर रहे हैं, मुझे ऐसा नहीं लगता है। वास्तव में सभी अपने-अपने हितों की पूर्ति के लिए इस अभियान में शामिल हैं। जिस कांग्रेस ने बाबा साहब को न सिर्फ भारत रत्न के काबिल नहीं समझा बल्कि उन्हें और भी कोई राष्ट्रीय सम्मान नहीं दिया, वही कांग्रेस आज कह रही है कि बाबा साहब हमारे लिए भगवान हैं। बाबा साहब हिंदुत्व के सख्त विरोधी थे इसलिए संघ शुरु से उनके खिलाफ रहा है। आज उसकी राजनीतिक शाखा भाजपा भी बाबा साहब को भगवान बनाने पर तुली है। सवाल उठता है कि जो लोग कभी अम्बेडकर विरोधी थे, वही लोग आज बाबा साहब को भगवान क्यों बनाना चाहते हैं। उनके विचारों पर चलने की बात कहीं खो गयी है क्योंकि उन पर चलना आसान नहीं है। किसी महापुरुष को भगवान बनाने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि उसके विचारों पर चिंतन बंद कर दिया जाता है । संविधान को धार्मिक ग्रन्थ बनाने की कोशिश की जा रही है, इसलिए उसे बदलने का डर दिखाया जा रहा है। संविधान में तो लगातार बदलाव हो रहे हैं तो वो कैसे ग्रन्थ बन गया।

आज संघ और भाजपा अम्बेडकर का सम्मान इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उन्हें समझ आ गया है कि वो हिन्दू धर्म के विरोधी नहीं थे बल्कि हिन्दू धर्म की बुराइयों के विरोधी थे। कांग्रेस को समझ आ गया है कि नेहरू और गांधी के नाम पर आगे राजनीति नहीं कर सकती, इसलिए वो भी बाबा साहब पर अधिकार जता रही है। कितनी अजीब बात है कि जिस नेता को एक सांसद बनने से रोका जाता था,आज उसी नेता को सभी राजनीतिक दल देश का भगवान घोषित करने पर तुले हुए हैं। बाबा साहब को संविधान सभा में आने से रोका गया, सांसद बनने से रोका गया, मंत्री बनने से रोका गया और फिर इसके बाद काम करने से रोका गया। बाबा साहब को उनकी काबलियत के अनुसार काम करने का मौका नहीं दिया गया। कांग्रेस ने 1990 तक बाबा साहब की तस्वीर संसद के सेंट्रल हाल में नहीं लगने दी। आज बाबा साहब के अपमान के नाम पर सिर्फ राजनीति हो रही है। अमित शाह के भाषण की 12 सेकंड की विडियो क्लिप से साबित किया जा रहा है कि वो अम्बेडकर विरोधी हैं क्योंकि भाजपा भी ऐसा काम कांग्रेस के साथ कर चुकी है। राहुल गांधी के भाषणों में से क्लिप बनाकर उनका कई बार मजाक उड़ाया गया है। ये कहना बहुत मुश्किल है कि वर्तमान राजनीति में कौन अम्बेडकर विरोधी है और कौन उनका समर्थक है। वास्तव में बाबा साहब के नाम को सभी राजनीतिक दल अपने राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल करते हैं। जहां तक प्रधानमंत्री मोदी की बात है तो उन्होंने ही अम्बेडकर से सम्बंधित 5 स्थानों को पंच तीर्थ घोषित करके विकसित किया है। इसके अलावा मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सबसे ज्यादा दलितों और पिछड़ों को मिला है। मेरा मानना है कि बाबा साहब के नाम पर हो रही राजनीति बंद होनी चाहिए। **(लेखक के अपने विचार हैं)**

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# सांस्कृतिक राष्ट्र की अवधारणा और महाकुंभ


डॉ. विनोद बब्बर

सारी दुनिया जानती और मानती है कि भारत एक सांस्कृतिक राष्ट्र है। अपनी अति विशिष्ट भौगोलीय स्थिति के कारण भारत सदा से विश्व के लिए उत्सुकता का केन्द्र रहा है। हिमाच्छादित पर्वतों से रेगिस्तान तक, कल-कल बहती सदानीरा नदियों से पठार तक, प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर घाटियों से विशाल समुन्द्र तक, अंडमान सरीखे टापुओं से विशाल मैदानों तक जहां पानी और बानी कोस-कोस पर बदलती है। फसले भिन्न हैं तो खानपान भी भिन्न है। मौसम भिन्न है तो पहनावे का भिन्न होना भी स्वाभाविक है। परिस्थितियां और परिवेश भिन्न तो कार्यशैली और परिणाम भी जुदा हैं। समय-समय पर अनेक धार्मिक विचार भी यहां उदित हुए।

संतों, महापुरुषों, समाज सुधारकों का प्रभाव यहां सदा से रहा है। इतिहास साक्षी है कि यहां विभिन्न शासक आये। लूटरों और आक्रांताओं ने भी मेरे भारत को निशाना बनाया। आपसी फूट ने भी अपना रंग दिखाया। आज भी सारे विश्व के लिए यह आश्चर्य का विषय है कि इतनी विविधताओं के बावजूद आखिर भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोकर कैसे रख सका। इकबाल ने भी अकारण नहीं कहा, 'यूनान ओ मिस्र ओ रूमा सब मिट गए जहाँ से, अब तक मगर है बाक़ी नाम-ओ-निशाँ हमारा। कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी, सदियों रहा है दुश्मन दौर-ए-ज़माँ हमारा। सांस्कृतिक राष्ट्र के रूप में भारत की शक्ति है- कश्मीर से कन्या कुमारी तक, कच्छ से कामरूप तक सम्पूर्ण राष्ट्र में जब कोई व्यक्ति प्रातः स्नान करते हुए मन ही मन पवित्र नदियों का स्मरण करता है, 'गंगे! च यमुने! चौव गोदावरी! सरस्वति! नर्मदे! सिंधु! कावेरि! जलेस्मिन्‌ सन्निधिं कुरु।।' वह अपने स्थान देवताओं का वंदन करते हुए भी देश के विभिन्न भागों में स्थापित प्रसिद्ध तीर्थों का महात्म्य गाता है, 'अयोध्या मथुरा माया काशी कांची अवन्तिका। पुरी द्वारावती चैव सप्तैता मोक्षदायिका। देश के विभिन्न भागों के लोग मेलों में मिलते थे। महामेलों के रूप में पूरी दुनिया में ख्यात कुम्भ अपने ही राष्ट्र के भिन्न परिस्थितियों में रह रहे बंधुओं से संवाद का अनूठा अवसर था। यातायात और संचार के उन्नत साधन न होते हुए भी कुम्भ में देश ओर दुनिया के विभिन्न भागों से नियमित रूप से लाखों लोग कुम्भ के अवसर पर एकत्र होते थे। दुनिया हैरान होती रही कि कि इतना बड़ा आयोजन कौन करता है मगर पवित्र नदियों के तट पर टेंट, तम्बू, घास फूस की कुटिया बनाकर रहने वाले इन कल्पवासियों के न भोजन का कोई ठिकाना, न अन्य सुविधाओं का मगर वे प्रसन्नचित्त रहते थे। बिना बुलाये, अपनी पूर्वजों की परम्परा का पालन उन्हें आनंद देता रहा। इसीलिए मेले मेल कराते रहे। संतों - महापुरुषों के मार्गदर्शन का सुख उपलब्ध कराते रहे। अपनी समस्याओं और समय की चुनौतियों पर विमर्श प्राप्त कर एक नई ऊर्जा लेकर घर लौटने वाले कुम्भ की सार्थकता के समर्थक रहे हैं।

उनके अनुभवों ने अगली पीढी में अगले कुम्भ में भाग लेने का संकल्प जगाया। वह कोरी श्रद्धा और भक्ति नहीं बल्कि सदियों की परम्परा रूपी नदियों के प्रवाह में स्वयं को एक लहर के रूप में काल के प्रवाह से जोड़ना भी हैं। आज हमारे ही कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी कहते हैं कि संसदीय प्रणाली भारत को पश्चिम की देन है परंतु सत्य यह है कि हमने पूरी दुनिया को गणतंत्र की अवधारणा दी। सदियों से जारी कुम्भ में देश के विभिन्न भागों से आये विभिन्न मतों, विचारधाराओं के प्रतिनिधि सदियों से विमर्श और संवाद करते रहे हैं। उनकी संसद पवित्र नदी के तट पर साधना करने वालों की संसद थी जो शुद्ध अंतकरण से चिंतन करते थे। इसीलिए उनका प्रभाव था। आज की किसी संसद से उसकी तुलना संभव नहीं क्योंकि आज संसद प्रदूषित नदी की नगरी में है। जहां भ्रष्ट राजनीति के प्रतिनिधि गोल भवन में गोल-गोल वादे करते हुए केवल और केवल आत्मकेन्द्रित होकर दंभी व्यवहार करते है। इसीलिए वहां संवाद नहीं, बहस भी नहीं, अधिकांश हुडदंग होता हैं। कुम्भ वह आदि संसद है जहां साधन नहीं, साधना प्रधान थी। उसकी तुलना किसी पश्चिमी विचार से की ही नहीं जा सकती। सांस्कृतिक आदान- प्रदान के अवसर कुम्भ को इसलिए भी कहा गया है क्योंकि हमारी संस्कृति बहुआयामी मगर विकासोन्मुख रही है। इसकी पुष्टि दुनिया के विभिन्न भागों से भारत आने वाले व्यापारी और यात्री करते हैं। तब से आज तक हमने अपनी कला और संस्कृति के लगभग सभी पक्षों को न केवल सहेज कर रखा बल्कि उसे और संवारा है। इसीलिए डॉ. एएल बाशम 'भारत का सांस्कृतिक इतिहास' में कहते है कि 'सभ्यता के चार मुख्य उद्गम केंद्र पूर्व से पश्चिम की ओर बढ़ने पर, चीन, भारत, फर्टाइल क्रीसेंट तथा भूमध्य सागरीय प्रदेश, विशेषकर यूनान और रोम हैं, भारत को इसका सर्वाधिक श्रेय जाता है क्योंकि इसने एशिया महादेश के अधिकांश प्रदेशों के सांस्कृतिक जीवन पर अपना गहरा प्रभाव डाला है। इसने प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से विश्व के अन्य भागों पर भी अपनी संस्कृति की गहरी छाप छोड़ी है।' उनके अनुसार 'किसी समाज में गहराई तक व्याप्त गुणों के समग्र रूप जैसे उनके सोचने, विचारने, कार्य करने, खान-पान, बोलने, नृत्य, गायन, साहित्य, कला, वास्तु, परम्पराओं आदि के माध्यम से संस्कृति से साक्षात्कार होता है।' आज भी कुम्भ में सांस्कृतिक राष्ट्र और उसकी एकता से साक्षात्कार होता है। विभिन्न राज्यों के लोग अपनी- अपनी परम्पराओं का पालन करते हुए, अपनी कला, अपनी भाषा, अपनी विशिष्टता की छटा बिखेरते हैं। एक-दूसरे से अपरिचित होते हुए भी एक-दूसरे के सहयोगी होना हमारे गुणसूत्रों (डीएनए) में है।

इसलिए जब यूनेस्को संयुक्त राष्ट्र के सांस्कृतिक निकाय की विश्व धरोहर समिति ने दक्षिण कोरिया के जेजू द्वीप पर हुए 12वें सत्र में कुंभ को अपनी मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल करता है तो हमें कोई आश्चर्य नहीं होता।यह सर्वविदित है कि आगामी 13 जनवरी 2025 से प्रयागराज में कुंभ आरंभ हो रहा है जो 26 फरवरी तक जारी रहेगा। इस विशेष आयोजन में देश-विदेश के करोड़ों लोगइसमें सहभागिता करने वाले हैं। अपनी सुविधा अनुसार हम सभी संगम स्नान लाभ और प्रयागराज में हो रहे कुंभ में देश के प्रख्यात संतों के दर्शन और उनके प्रवचनों का लाभ ले सकते हैं। सदियों से हो रहे महाकुंभ ही भारतीय संस्कृति से साक्षात्कार का अवसर है जो हर 12 वर्ष में प्रयागराज हरिद्वार उज्जैन और नासिक मेंआयोजित किया जाता है। विशेष यह है कि संगम नगरी प्रयागराज और गंगानगरी हरिद्वार में लगने वाले कुंभ मेले के बीच 3 वर्ष का अंतर होता है। आओ सांस्कृतिक राष्ट्र के सजग सिपाही के रूप में हम अपने अपने तुच्छ स्वार्थो को तिरोहित करते हुए एकता में आबद्ध सुश्रृंखलित, तेजस्वी और सामर्थ्यवान बनें जहां नवशक्ति के प्रबल जागरण से राष्ट्र की प्रत्येक धमनी में केवल और केवल 'एकजुट भारत, सशक्त भारत, एक जननी भारत माता के पुत्र हम भारतीय' की भावना प्रवाहित होती हो। अपनी भावी पीढ़ियों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए कुम्भ के संदेश का आत्मसात करें। **(लेखक के अपने विचार हैं)**

## कविता


निधि श्रीवास्तव

### दुनियादारी

दुनियादारी के
इस दलदल में
हम लुटे हुए से बैठे हैं
थाम के अपना दिल हाथों में
हम टूटे हुए से बैठे हैं।
जो हमें देख कर मुस्काए
हम अपना मान के बैठे हैं
हम देख किसी को मुस्काएं
वो नज़र फेर कर बैठे हैं।
ख़ामोश हमारी आंखों को
जो शब्द मान कर बैठे थे
वो आज हमारी बोली को
बस मूक मान कर बैठे हैं।
जब त्याग दिया हमने उनको
अब मुंह की खाए बैठे हैं
लेने के लिए हर पल बदला
अब घात लगाए बैठे हैं।
दुनियादारी के
इस दलदल में
हम आज खुशी से बैठे हैं।

# आसन नहीं, अब दुनियाभर में होगा ध्यान


डॉ. श्रीगोपाल नारसन

भारत समेत दुनिया के कई देशों की पहल पर विश्व ध्यान दिवस 21 दिसंबर को मनाये जाने की शुरुआत हुई है। सन 2024 में विश्व ध्यान दिवस की थीम 'आंतरिक शांति, वैश्विक सद्भाव' है। पतंजलि के योगसूत्र से लेकर गीता के उपदेश तक हर जगह ध्यान को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। अभी तक कुछ लोग योग आसनों को ही ध्यान समझते रहे हैं, लेकिन देश दुनिया मे राजयोग के माध्यम से स्वयं को देहभान से परे कर आत्मस्वरूप में रहकर परमात्मा के प्रति ध्यान लगाने की विधि को ब्रह्माकुमारीज़ संस्था ने ही पहुंचाया है। शारिरिक आसन के द्वारा हम अपने शरीर को मजबूत करने के साथ ही रोग मुक्त बना सकते हैं ताकि ध्यान लगाकर हम एक साथ तन-मन को लाभ पहुंचा सकते हैं। हमारा शरीर एक जगह पर स्थिर हो और ध्यान की प्रक्रिया आसानी से हो सके इसके लिए श्रीमद् भगवद् गीता में ध्यान को लेकर महत्वपूर्ण बातें बताई गई हैं, और साथ ही इससे होने वाले लाभ का भी गीता में उल्लेख किया गया है।

भगवद् गीता में ध्यान को एक योगक्रिया माना गया है। जो आपको आत्म अनुशासन की ओर ले जाता है। निरंतर इसका अभ्यास करने से एकाग्रता बढ़ती है, तनाव से मुक्ति मिलती है। मानसिक स्थिरता और संतुलन भी ध्यान करने से प्राप्त होता है। विकारों से मुक्ति पाने और मन की निर्मलता के लिए भी ध्यान किया जाता है। ध्यान जब गहन होने लगता है तो व्यक्ति को समाधि की प्राप्त होने लगती है। ध्यान के जरिए आत्मा का परमात्मा से मिलन ही ब्रह्माकुमारीज़ का राजयोग है। यानि ध्यान वह योग प्रक्रिया है जिसके जरिये हम स्वयं पर सिद्धि प्राप्त करते हैं। ध्यान करने वाले व्यक्ति का मन नियंत्रित रहता है और वो वर्तमान में जीता है। मानसिक और शारीरिक स्थिरता को ही ध्यान कहा जा जाता है। गीता के पंचम और षष्ठम अध्याय में योग करने की सही विधि की जानकारी हमको मिलती है।

**विश्व ध्यान दिवस 21 दिसंबर पर विशेष**

श्रीकृष्ण ने परमात्म निमित्त बन अर्जुन को महाभारत के युद्ध के समय बताया है कि, कैसे मन और इंद्रियों को वश में करने के लिए ध्यान क्रिया की जानी चाहिए। गीता के अनुसार, ध्यान करने के लिए सबसे पहले किसी शुद्ध स्थान पर आसन बिछाकर बैठना चाहिए। हालांकि इस बात का ध्यान रखें कि, ना ही स्थान बहुत ऊंचा हो और ना ही बहुत नीचे। आसन पर बैठने के बाद अपनी सांसों पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करनी चाहिए और इंद्रियों और मन को नियंत्रिण में लाने का अभ्यास करना चाहिए। ध्यान करने के लिए सिर व गले को समान और अचल रखते हुए सुखासन में योगी को बैठना चाहिए। बाहरी चीजों से ध्यान को हटाकर नासिका के अग्र भाग यानि दोनों भौहों के बीच जहां आत्मा निवास करती है, के प्रति ध्यान केंद्रित करना चाहिए। तत्पश्चात सभी प्रकार के विषयों से मन को हटाकर नेत्रों को भृकुटी के मध्य में स्थिर करने का प्रयास करना चाहिए। इसके बाद प्राण और अपान वायु को सम करना चाहिए। इसके बाद मन के सभी विकारों से दूर होकर, उत्तेजनारहित और शांति के साथ ध्यान और ईश्वर के चिंतन में बैठे रहना चाहिए। इस तरह से निर्मल और निर्विकार व्यक्ति परमतत्व का ध्यान करते हुए आनंद की अंतिम सीमा को प्राप्त करता है और उसे शांति मिलती है। गीता के अनुसार, ध्यान उसका ही सिद्ध होता है, जो न अधिक खाता है और ना ही अधिक भूखा रहता है। अधिक जगाने या सोने वाले को भी ध्यान की सिद्धि प्राप्त नहीं होती। सुख में अत्यधिक खुश और दुख में ज्यादा दुखी होने वाला व्यक्ति भी ध्यान को सिद्ध नहीं कर पाता। गीता में बताया गया है कि जो व्यक्ति उचित आहार-विहार करता है, उसी को ध्यान-योग में सिद्धि प्राप्त होती है।

गीता में बताई गई इन शिक्षाओं को जीवन में आजमाकर हम ध्यान कर सकते हैं और मानसिक शांति पा सकते हैं। ध्यान करने से हमको न केवल मानसिक शक्ति मिलती है, बल्कि अपने लक्ष्यों को भी हम पा सकते हैं। ध्यान हमारी एकाग्रता को बढ़ाता है और हम अपना शतप्रतिशत अपने लक्ष्य को दे पाते हैं। इसके साथ ही एक आदर्श और व्यवस्थित समाज भी ध्यान के जरिए हम स्थापित कर सकते हैं। ध्यान मानसिक और शारीरिक विकारों को दूर करता है, यानि स्वस्थ जीवन जीने के लिए भी ध्यान करना अति आवश्यक है। इस वर्ष विश्व ध्यान दिवस की थीम 'आंतरिक शांति, वैश्विक सद्भाव' है। पतंजलि के योगसूत्र से लेकर गीता के उपदेश तक हर जगह ध्यान को बहुत महत्वपूर्ण बताया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में कोर समूह के अन्य देशों के साथ मिल कर भारत ने 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित करने के प्रस्ताव को स्वीकार किया है। वास्तव में ध्यान मानसिक तथा शारीरिक विकारों को दूर करने में कारगर होने के साथ ही यह स्वस्थ जीवन जीने के लिए भी प्रेरित करता है। विश्व ध्यान दिवस को एक अंतरराष्ट्रीय उत्सव भी हम कह सकते है जिसमें शारीरिक, मानसिक तथा भावनात्मक कल्याण के लिए ध्यान का अभ्यास करने का संकल्प लिया गया है।

भारत के साथ श्रीलंका, नेपाल, मैक्सिको, लिकटेंस्टीन और अंडोरा जैसे 193 सदस्यीय देशो ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'विश्व ध्यान दिवस' के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित करने में अहम भूमिका निभाई जिसे आत्मसात करने के लिए 140 देशों की अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्था ब्रह्माकुमारीज़ ने एक सार्थक पहल की है। ब्रह्माकुमारीज़ का मकसद है दुनिया में शांति को बहाल करना। इसके लिए यह संस्था लोगों को सहज राजयोग की विधि सिखाती है। साथ ही ब्रह्माकुमारीज़ के ज़रिए लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान भी दिया जाता है। **(लेखक के अपने विचार हैं)**

# एक देश-एक चुनाव का विरोध क्यों ?


क्रांति कुमार पाठक

केंद्र सरकार की तरफ से बीते 17 दिसंबर को कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बहुप्रतीक्षित बिल 'एक देश एक चुनाव' लोकसभा में पेश किया, लेकिन विपक्षी दलों के भारी विरोध के चलते हंगामा हो गया। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों एनसीपी (शरद पवार), तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, एआईएमआईएम और इंडियन मुस्लिम लीग ने इस बिल का विरोध किया। वहीं शिवसेना (शिंदे गुट) तेलुगू देशम पार्टी, जनता दल यूनाइटेड जैसे राजग के घटक दलों के अलावा वाईएसआर की पार्टी भी खुलकर इस बिल के समर्थन में खड़ी नजर आईं। इस सबके बीच इस पर चर्चा और इसे पारित किए जाने को लेकर मतदान कराया गया। मतदान में बिल के पक्ष में 269 तो विपक्ष में 198 मत पड़े। उसके बाद इस बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया है।

दरअसल, यह पहली बार हुआ है कि किसी बिल पर विपक्ष के विरोध की वजह से मत विभाजन कराया गया। विपक्ष इससे संविधान पर असर पड़ने की बात कर रहा है तो सरकार इस आशंका को निराधार बता रही है, लेकिन इतना तो इस बार हुआ कि विपक्ष की एकजुटता की वजह से सरकार ने इसे जेपीसी को भेजा। लेकिन सवाल यह है कि क्या वाकई में इससे संविधान पर असर पड़ेगा या यह विपक्ष का महज प्रोपोगंडा मात्र है। दो महीने पूर्व केंद्रीय मंत्रिमंडल के जरिए 'एक देश एक चुनाव' को मंजूरी दिए जाने पर भी तमाम राजनीतिक दलों की मिली जुली प्रतिक्रिया आई थी, लेकिन अधिकांश लोगों ने निहित स्वार्थ से ऊपर उठकर इसका वेलकम किया था। इस साल लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 'एक देश एक चुनाव' की प्रणाली चुनाव जीतने के बाद लागू करने का वादा किया था। यह उसी वादे को पूरा करने की दिशा में उठाया गया कदम है। वैसे तो पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित 8 सदस्यीय समिति की रिपोर्ट आने के बाद ही मान लिया जाना चाहिए था कि विरोधियों की आलोचनाओं व आशंकाओं के बावजूद नरेंद्र मोदी सरकार पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने के अपने लक्ष्य को हर हाल में हासिल करना चाहती है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि रिपोर्ट में लिखी गई बातें, सिफारिशें और नियम सभी राष्ट्र को मजबूत और विकसित राष्ट्र बनाने के अनुरूप है। हालांकि कुछ पार्टियां या बुद्धिजीवी कहे जाने वाले लोग इसे महज भाजपा का ध्यान भटकाने का एजेंडा कह रहे हैं।

दरअसल, यह उनकी सतही सोच का परिणाम ज्यादा लगता है। सच्चाई से कोसों दूर। दरअसल, जब देशहित में सरकार कोई निर्णय लेती है तो उस निर्णय का भविष्य में होने वाले सभी क्षेत्रों पर असर और समाज पर पड़ने वाले सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों पर भी गौर करती है। विपक्षी दलों को यह नहीं भूलना चाहिए कि सबसे पहले देश है फिर कोई दल या मजहब। जो लोग 'एक देश एक चुनाव' को विकास का मिशन बता रहे हैं, उनके तर्क को भी बगैर किसी दुराग्रह के समझा जाना चाहिए। तभी तो सोच और चिंतन निष्पक्ष माने जाएंगे। एक सकारात्मक तर्क इसके पक्ष में यह भी दिया जा रहा है कि इससे प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी और मतदान का प्रतिशत भी बढ़ सकता है, जो लोकतंत्र की मजबूती के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है। मिसाल के तौर पर चुनाव आयोग की रिपोर्ट बताती है कि 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान लगभग 60 हजार करोड़ रुपए की हैरान करने वाली राशि का उपयोग किया गया था। इसमें चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाली राजनीतिक पार्टियों के जरिए वाहन की लागत और चुनावों के आयोजन में देश के चुनाव आयोग का खर्च शामिल है। इसके अलावा सुरक्षाकर्मियों की बार-बार तैनाती और स्थानांतरण से जुड़ी लागतें शामिल हैं। दरअसल 'एक देश एक चुनाव' ऐसा दूरगामी देश नवनिर्माण का मिशन होगा जिसमें साल भर चलने वाले चुनावों से तकरीबन छुटकारा मिल जाएगा। जाहिर तौर पर बार-बार के चुनाव से जहां विकास और प्रगति में जबरदस्त रुकावट आती है, वहीं पर जन-धन-संसाधनों की बेतहाशा बर्बादी को रोकने में मदद मिलेगी। रामनाथ कोविंद समिति ने रिपोर्ट तैयार करने से पहले कई देशों की चुनाव प्रक्रियाओं का अध्ययन किया।

दक्षिण अफ्रीका, स्वीडन, इंडोनेशिया में एक साथ चुनाव कराए जा रहे हैं। अगर इतने सारे देश एक साथ चुनाव करा सकते हैं तो हम क्यों नहीं? हालांकि, चुनाव आयोग के पर्व आयुक्त ओपी रावत भी कुछ सुझाव दिए हैं। वे सरकार को इसके लिए चार काम करने की बात कही है, जिसमें संविधान के उन अनुच्छेदों में संशोधन जरूरी होगा जिसमें विधानसभाओं के कार्यकाल और राष्ट्रपति शासन लगाने के प्रावधानों को बदलना होगा। पूर्व चुनाव आयुक्त के मुताबिक जनप्रतिनिधित्व कानून और सदन में अविश्वास प्रस्ताव को लाने के नियमों को बदलना होगा। इसके लिए अविश्वास प्रस्ताव की जगह रचनात्मक विश्वास प्रस्ताव की व्यवस्था करनी होगी। यानी अविश्वास प्रस्ताव के साथ यह भी बताना होगा कि किसी सरकार को हटाकर कौन सी नई सरकार बनाई जाए, जिसमें सदन को विश्वास हो ताकि पुरानी सरकार गिराने के बाद नई सरकार के साथ विधानसभा या लोकसभा का कार्यकाल पांच साल तक चल सके।

हालांकि ऐसे भी सवाल उठाए जा रहे हैं कि इसके लागू होने के बाद केंद्र और राज्य सरकारों के बीच टकराहट बढ़ जाएगी। लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचारी का मानना है कि 'एक देश एक चुनाव' का मुद्दा व्यवहारिक नहीं है क्योंकि इसके लिए जरूरी है कि देश की सभी विधानसभाएं एक साथ भंग हों, जो संभव नहीं है। वहीं पर पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने का मतलब है आपको स्थानीय निकाय के चुनाव भी साथ कराने होंगे। ऐसे में जनता एक बार बटन दबाए या तीन बार, इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। सवाल यह भी उठाया जा रहा है कि राज्य में चुनाव के बाद किसी एक दल या गठबंधन को बहुमत न मिले तो ऐसे हालात में राजनीतिक अस्थिरता खड़ी हो सकती है। ऐसे तमाम मुद्दों को लेकर एक राष्ट्र एक चुनाव पर सवाल किए जा रहे हैं। देखना यह है कि केंद्र सरकार ऐसा कौन सा रास्ता व कदम उठाती है जिसमें सबकी सहमति हासिल हो सके। उम्मीद करनी चाहिए कि धीरे-धीरे ज्यादातर दलों और नेताओं की सहमति मिलेगी। **(लेखक के अपने विचार हैं)**

## एक नजर

### डीएम ने अमर शहीद जवान आशुतोष को दी श्रद्धांजलि

**देवरिया।** राष्ट्र सेवा के पथ पर राजस्थान के सूरतगढ़ में युद्धाभ्यास के दौरान शहीद हुए भारतीय सेना के अमर बलिदानी आशुतोष मिश्र के पैतृक गांव मईलौटा पहुंचकर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि अमर शहीद आशुतोष मिश्र जी ने राष्ट्र सेवा के पथ पर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका यह अमूल्य त्याग हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सूरतगढ़ में युद्धाभ्यास के दौरान शहीद हुए इस वीर सपूत ने देश के प्रति अपने कर्तव्य को सर्वोपरि रखा। हम प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर इस दु:खद घड़ी में उनके परिवार को संबल प्रदान करे और शहीद को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

### ऐतिहासिक होगा तहसील का घेराव : विजय रावत

**देवरिया।** आज सातवें दिन क्रमिक अनशन पर बैठे किसानो ने क्रमिक अनशन पर 24 को तहसिल घेराव की रणनीति बनाई किसानो को सम्बोधित करते हुए युवा सपा नेता विजय रावत ने कहा की 24 को ट्रैक्टर रैली ऐतिहासीक होगी जिसके लिए आप सभी किसानो को मजबुती से लग जाए यह ट्रैक्टर रैली नगर होते हुए तहसिल को जाएगी और तहसिल घेरने का काम करेगी। समर्थन करते हुए कहा की यह भाजपा सरकार किसान विरोधी है सपा नेता रणविजय सिह ने कहा की अब आर पार की लड़ाई हो मैं आप लोगों से आह्वान करता हू की चौबिस तारीक को आप सभी किसान मज़दूर एक होकर तहसिल को घेरने का काम करे जब तक आप अपनी ताक़त नही देंगे। सपा नेता सत्येन्द्र ने कहा की यह सरकार विकास विरोधी वह किसान विरोधी है इस सरकार मे सिर्फ किसानो का शोषण कर रही है। इस लिए इस सरकार से लड़ने की ज़रूरत है दौरान मुख्य रूप से कामरेड नेता विकास यादव अरविन्द कुशवाहा रणविजय सिह शिवलोचन यादव अमेरीका यादव राजाराम यादव अरविन्द कुशवाहा अमित प्रधान धीरज पान्डे सत्येन्द्र यादव सत्या अरविन्द उपाध्याय अजितप्रसाद रामआसरे यादव राजाराम यादव इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### उर्दू प्रेस क्लब ने की शोक सभा

**आजमगढ़।** उर्दू प्रेस क्लब द्वारा शुक्रवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी आजमगढ़ नवनीत सिंह चहल की माता का लखनऊ में इलाज के दौरान निधन हो गया था। इसकी जानकारी जैसे ही जनपदवासियों को हुई शोक की लहर दौड़ गयी। शुक्रवार को उर्दू प्रेस क्लब द्वारा शोक संवेदना प्रकट की गई और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। प्रेस क्लब के अध्यक्ष काजी मोहम्मद अरशद ने कहा कि दुख की घड़ी में हम सब शोकाकुल परिवार के साथ है। मालिक परिवार को सबरे जमील अता फरमाए। इस दौरान प्रेस क्लब के पूर्व पदाधिकारी सैयद जमील हैदर, सैयद असगर मेहंदी, एहतेशाम अहमद, किशन कुमार, जितेंद्र कुमार मौर्य, शकील अहमद खान, अमर सिंह उर्फ मटरू आदि लोगों ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**कुशीनगर ।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के रुदवलिया गांव में आज सबेरे एक महिला ( 23 वर्षीय का शव उसके घर में बरामद हुआ। मौत का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है।पुलिस वाले शव को अपने कब्जे में ले कर अन्त्य परीक्षण हेतु भेजने के साथ ही तहकीकात में जुटे हुए हैं । मिली जानकारी के अनुसार उक्त गाँव के सिकंदर पुत्र लालसा चौहान की शादी करीब चार वर्ष पूर्व तरयासुजान थाना क्षेत्र के दनियाड़ी गांव के निवासी स्वर्गीय हरिशंकर चौहान की पुत्री मुन्नी देवी से हुयी थी।विवाहोपरान्त चार वर्ष तक मुन्नी को कोई संतान न होने से परिवार में तनाव चल रहा था।गाँव वालों की मानें तो परिवार में आये दिन संतान पैदा न होने एवं मुन्नी का दवा कराने को लेकर पति–पत्नी के बीच अक्सर कहासुनी एवं मारपीट होती रहती थी ।बताया जाता है कि कल सायंकाल भी किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था । सिकंदर की मां यानी मुन्नी की सास थागी देवी ने दोनों को समझा–बुझाकर शांत कराया और उसके बाद वे घर के बरामदे में सोने चली गयी। परिजनों के अनुसार आज सुबह आठ बजे तक मुन्नी के कमरे से बाहर नहीं दिखने पर घर में देखा गया तो वह मरी पड़ी थी । घटना की सूचना तत्काल मुन्नी के मायके वालों व ईंट भट्ठे पर कार्य कर रहे उसके पति को दी गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुँची तुर्कपट्टी थाने की पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण हेतु भेजने के साथ ही तहकीकात में जुटी हुई है । इस क्रम में मृत महिला के पति सिकन्दर को पूछताछ के लिये थाने पर ले जाया गया है । इस सम्बन्ध में संबंधित थाने के प्रभारी पुलिस निरीक्षक संजय कुमार ने बताया है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है । मामले की जाँच की जा रही है।

### शिक्षा से वंचित बच्चों को मुख्य धारा में जोड़ें

**भटनी।** नगर के बीआरसी सभागार में शारदा प्रशिक्षण का दूसरा सत्र शुक्रवार को आरम्भ हुआ। प्रशिक्षण की शुरुआत प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलामंत्री अवनी श कुमार दीक्षित ने सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। प्रशिक्षक माधव शुक्ल ने कहा कि शिक्षा से वंचित या किसी कारण से 30 दिनों से अधिक स्कूल से गायब बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शारदा प्रशिक्षण शुरु हुआ है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्राथमिक तथा जूनियर वर्ग में भाषा, गणित, विज्ञान सहित सभी प्रमुख विषयों के लिए अलग किताब शासन स्तर से उपलब्ध कराया गया है। ऐसे चिन्हित बच्चों को उनके आयु वर्ग के हिसाब कक्षा में नामांकित किया जाएगा। बच्चों को बेहतर तरीके से शिक्षण विधि से जोड़ने के लिए भाषा में चित्र आदि के जरिए कक्षा कक्ष में जोड़े रखने का प्रयास करना है। प्रशिक्षक कुंवर अजीत ने भाषा, रवि चौधरी ने गणित तथा मारुति नंदन ने पर्यावरण संबंधी प्रशिक्षण दिया। नोडल शिक्षकों ने चार्ट आदि के जरिए बच्चों को कक्षा में जोड़ने के लिए विषय वस्तु रखी। इस दौरान प्रमुख रुप से आशुतोष पति त्रिपाठी, अजय कुमार दीक्षित, अनिल कुमार तिवारी, छेदी लाल यादव, राजा राम प्रसाद, गीता राय, बिन्दु राय, श्रीराम प्रसाद, महेन्द्र यादव आदि प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

### मिर्जा अध्यक्ष उमेश दुबे महामंत्री निर्वाचित

**कप्तानगंज ( कुशीनगर )।** तहसील इकाई के अधिवक्ता संघ के सम्पन्न हुए चुनाव मे मिर्जा इक़्तेदार हुसैन अध्यक्ष व उमेश कुमार दुबे महामंत्री निर्वाचित हुए ।नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अधिवक्ताओं ने जीत की शुभकामनाएं दी। कप्तानगंज तहसील अधिवक्ता संघ के सम्पन्न हुए चुनाव में कुल 69 मतो में से 67 वोट पोल हुआ। अध्यक्ष पद के दो प्रत्याशियों मिर्ज़ा इक़्तेदार हुसैन को 40 वोट हीरा पांडेय को 24 वोट व 3 अवैध मत पड़े। जिसमे मिर्ज़ा इक़्तेदार हुसैन 16 वोट से अध्यक्ष निर्वाचित हुए। महामंत्री पद के लिए तीन प्रत्याशियों में अमरनाथ शर्मा को 21वोट उमेश दुबे 41 वोट व गिरजेश कुमार को 4 वोट मिले ।एक वोट अवैध पड़ा। जिसमें उमेश दुबे 20 वोट से महामंत्री निर्वाचित हुए। इस प्रकार आये चुनाव परिणाम मे मिर्जा इक़्तेदार हुसैन अध्यक्ष, उमेश दुबे महामंत्री निर्वाचित हुए हैं ।वही कोषाध्यक्ष के लिए आशुतोष कुमार ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए उदयभान पटेल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष दो पद के लिए लालमन सिंह सतीश चंद्र गोड, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु दो पद मनोज कुमार राय ब्रह्मानंद प्रसाद, संयुक्त मंत्री तीन पद के लिए अभिनेंद्र प्रताप सिंह ,राजन पांडेय, गोविंद कुमार पूर्व में निर्विरोध निर्वाचित हो गए थे।

### महिलाओं को दी उनके अधिकारों की जानकारी

**बलिया।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया अमित पाल सिंह के आदेशानुसार शुक्रवार को ब्लॉक दुबहड़ में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं के हित संरक्षण व उनके अधिकारों के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश /सचिव हरीश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र ओझा खंड विकास अधिकारी ब्लॉक दुबहड़ द्वारा किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया द्वारा नामित रिर्सोस पर्सन सपना पाण्डेय एवं श्रीमती पिंकी तिवारी द्वारा उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में विधिक रूप से जागरूक किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव हरीश कुमार द्वारा अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को बताया कि यह कार्यक्रम उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं के प्रति होने वाले घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, महिलाओं के विरूद्ध विभिन्न अपराध, दहेज मृत्यु, आत्महत्या का दुष्प्रेरण, पति या पति के नातेदारों द्वारा क्रूरता महिला की लज्जा भंग करने, लैंगिक उत्पीड़न, पीछा करना, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिकउत्पीड़न के अलावा महिलाओं के स्वास्थ्य अधिकार, गिरफ्तारी एवं बंदी महिलाओं के अधिकार सहित बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण– पोषण, रख–रखाव तथा कल्याणअधिनियम के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति तक सुलभ न्याय पहुंचाना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य है। इसी के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी को समान अवसर प्रदान करते हुए समाज के निर्बल वर्गों को आवश्यक विधिक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। समाज के अन्तिम पायदान पर रहने वाले व्यक्ति तक विधिक सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिये नालसा द्वारा एलएसएमएस पोर्टल तथा टोल फ्री हेल्प लाइन नं0 15100 की सेवायें दी जा रही है, जिसके माध्यम से विधिक सहायता आसानी से घर बैठे प्राप्त कर सकते है। इस अवसर मनोज राय तहसीलदार सदर रिर्सोस पर्सन सपना पाण्डेय, पिंकी तिवारी, पीएलवी राजीव कुमार शास्त्री, विजय शंकर सिंह, वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर प्रिया सिंह एवं हर्षवर्धन व उनकी टीम आगंनबाडी कार्यकत्री, आशा बहु , समूह की महिलाएं व अन्य महिलायें उपस्थित रही।

# ट्रक की चपेट में आने से भाई बहन की मौत, मचा कोहराम

## घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर हुआ फरार, हादसे में दो हुए घायल

विश्ववार्ता संवाददाता

**आजमगढ़।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के ढोलीपुर गांव के पास ट्रक की धक्के से बाइक सवार भाई-बहन की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जबकि उसका पिता व एक बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा गया। बता दे कि रौनापार थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी ४५ वर्षीय राजू अपनी ९ वर्षीया




बेटी जान्हवी, १२ वर्षीय रोहन व १७ वर्षीया दिव्या के साथ बाइक से चक्रपानपुर अपनी बुआ के घर जन्मदिन में शामिल होने जा रहा था। वह जैसे ही जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के ढोलीपुर गांव के पास पंहुचा तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में जानवी व रोहन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि राजू व उसकी बेटी दिव्या गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल में भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बलिया में डिवाइडर से टकराई बाइक, तीन जख्मी

**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर सुरेश होटल के सामने निर्माणाधीन डिवाइडर से टकराकर बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आस-पास के लोगों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से एक युवक की हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने वाराणसी रेफर कर दिया। जबकि दो का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घायल शहर कोतवाली क्षेत्र के बहेरी निवासी समीर खान- 18 पुत्र मोहम्मद शमीम तथा इसी गांव के आमिर खान-22 पुत्र सरल खान तथा उमरगंज निवासी फरहान अहमद-31 पुत्र रेयाज शेख है। बता दें कि माल्देपुर से लेकर कदम चौराहा तक सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसमें सड़क के बीच में माल्देपुर की ओर से डिवाइडर बनाया जा रहा है। इससे बाइक सवार युवक टकराकर घायल हो गए।

# प्रदर्शन कर कांग्रेसियों ने उठाई गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग

» आंबेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में किया प्रदर्शन

विश्ववार्ता संवाददाता

**देवरिया।** राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामजी गिरि के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अपर उपजिलाधिकारी हरिशंकर लाल को सौंपा और गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा, "डॉ. अंबेडकर दबे-कुचले, निराश्रित और पिछड़े वर्गों के मसीहा थे। गृह मंत्री अमित शाह ने उनके खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी कर न केवल बाबा साहब बल्कि पूरे देश का अपमान किया है। संविधान के बल पर ही समाज का हर वर्ग सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर रहा है, और इस अपमान को कांग्रेसी बर्दाश्त नहीं करेंगे। गृह मंत्री को तत्काल इस्तीफा देकर देश से माफी मांगनी चाहिए।

**भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप**

रामजी गिरि ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, "आज भाजपा नेता राहुल गांधी को अपमानित कर फर्जी मुकदमों में फंसा रहे हैं। संसद चलाने की जिम्मेदारी जिनके हाथों में है, वही इसे बाधित कर रहे हैं। भाजपा नेता देश में अराजकता और नफरत फैला रहे हैं। लेकिन कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता भाजपा के इन इरादों को सफल नहीं होने देगा।

ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, जयदीप त्रिपाठी, मुकुन्द भाष्कर मणि त्रिपाठी, समीर पांडेय, दीनदयाल प्रसाद, सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, जुलेखा खातून, नीलेश मणि, ऋषिकेश मिश्र, नागेन्द्र शुक्ल, आलोक त्रिपाठी, हासन आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# कुशीनगर रजवाहा में गन्दा पानी गिरने क्षेत्रीय लोगों को हो रही परेशानी

विश्ववार्ता संवाददाता

**कसया , कुशीनगर।** रजवाहा की दोनों पटरियों पर बने मकानों का गंदा पानी कुशीनगर रजवाहा मे गिराने की वजह से इसकी साफ सफाई का कार्य ठीक से नही हो पा रहा है जिसके चलते टेल तक पानी पहुंचाने मे रजवाहा जगह जगह से टूट जाती है और किसानो की फसलों के नुकसान के साथ ही लोगो के घरो मे भी पानी घुसने की तक नौबत आजाती है.विभागीय लापरवाही के चलते आम जन परेशान हो जाता है।

जानकारी के अनुसार कुशीनगर रजवाहा जो पिपरी से निकल कर सिसई तक किसानो की सिंचाई के लिए बनी है विभाग के जिम्मे दारो की लापरवाही के चलते नहर की पटरियों के अगल बगल मे बने मकानों के घरों का गंदा पानी रजवाहा मे ही पाइप लगा कर गिराया जाता है जिसके चलते रजवाहा की सफाई के समय गंदा पानी भरा होने के चलते जहाँ सफाई मे दिक्क़त तो होती ही है ठीक से सफाई भी नही हो पाती जिसके चलते ज़ब विभाग हेड से टेल तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने का प्रयास करता तो है।

लेकिन रजवाहा जगह जगह से टूटनी शुरू हो जाती है और किसानो की सैकड़ों एकड़ फसल भी बर्बाद हो जाती है, इतना ही नही बरसात के दिनों मे तो आलम यह हो जाता है कि एन एच 28 से दक्षिण झुगवा गांव के सामने बार बार रजवाहा के टूटने की वजह से जहां फसल तो बर्बाद होती ही है लोगो के घरों मे भी पानी घुस जाता है ।सुचना पर जिम्मेदार जब पहुंचते है तो नहर को ठीक करवाने के लिएं उनको भगीरथ प्रयास भी करना पड़ता है।

### अंग्रेजी शराब का गोदाम सील

**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कदम चौराहा स्थित अंग्रेजी शराब का गोदाम आबकारी विभाग ने जांच कर सील कर दिया। आबकारी विभाग के अनुसार गोदाम में स्टॉक से अधिक शराब होने की शिकायत काफी दिनों से मिल रही थी।

जांच में मामला सामने आते ही कार्रवाई हुई है। बता दें कि गोदाम संगीता देवी के नाम से है। यह कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कदम चौराहा के पास संचालित होता है। अचानक अंग्रेजी शराब के गोदाम पर आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में पहुंची टीम ने घंटों चली कार्रवाई के बाद गोदाम को विभाग ने सील कर दिया। गौरतलब हो कि जनपद के चर्चित शराब दुकान संचालिका संगीता देवी का गड़बड़ झाला सामने आया है। सूचना पर गोदाम में स्टॉक के हिसाब से अधिक शराब होने की बात सामने आई है। शराब दुकान संचालिका के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई के संकेत मिल रहे हैं। फिलहाल गोदाम को निलंबित कर दिया गया है।

# एक्सपोजर विजिट पर 100 छात्र बसों से रवाना

## खंड शिक्षाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर दल को किया रवाना

विश्ववार्ता संवाददाता

**गाजीपुर।** शासन के निर्देश पर राष्ट्रीय आविष्कार अभियान की आयोजित परीक्षा में सफल प्रतिभागियों का ब्लाक स्तरीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के रेवतीपुर और जमानियां ब्लाक के 100 छात्र-छात्राओं का एक दल शुक्रवार को मेदनीपुर गांव से एक्सपोजर विजिट पर भारतीय बीज शोध संस्थान कुसमौर मऊ के लिए दो बसों में रवाना हुआ।

एक्सपोजर विजिट में शामिल छात्र-छात्राओं के इस 100 सदस्यीय दल को बीईओ द्वय अशोक कुमार गौतम और सुरेंद्र सिंह पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान छात्र काफी प्रफुल्लित रहे। इस दौरान छात्रों को निःशुल्क टी-शर्ट कैप, लंच पैकेट आदि वितरित किया गया। इस दौरान बीईओ द्वय अशोक कुमार गौतम और सुरेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि इस एक्सपोजर विजिट से न सिर्फ अपने ऐतिहासिक और विज्ञान से सम्बन्धित जानकारी छात्र ग्रहण कर सकेगें। जिसका लाभ वह भविष्य में अध्यापन कार्य के दौरान ले सकेगें।

कहा कि इससे वैज्ञानिक सोच का विकास भी होता है। बीईओ द्वय ने कहा कि इस विजिट से छात्र- छात्राएं विज्ञान में अपनी प्रतिभा दिखा सकेगें। इससे कि उनकी जिज्ञासाओं को भी बल मिलेगा। कहा कि इसका उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच व समझ को विकसित करना भी प्रमुख है। इसके तहत छात्र विज्ञान के गूढ़ रहस्यों और अनसुलझे सोध व उसके प्रश्नों को सहजता से हल कर सकेंगे। कहा कि शासन के निर्देश पर शिक्षा विभाग के द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि पैदा करने के लिए यह राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। कहा कि बीते दिनों ब्लाक स्तर पर राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत परीक्षा हुई थी। जिसमें सफल टाप 50-50 छात्रों का चयन इस विजिट के लिए किया गया।बीईओ द्वय ने कहा कि इस एक्सपोजर विजिट में छात्र- छात्राओं को भारतीय बीज सोध संस्थान कुसमौर के

रीजनल साइंस लैब,म्यूजियम,रिसर्च इंस्टीट्यूट, प्रयोगशाला और वैज्ञानिक अनुसंधान में घूमने व वहां की स्थिति को समझने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर एआरपी संत कुमार गुप्ता, ओम प्रकाश सिंह,अजय यादव, योगेंद्र पटेल,सुधाकर सिंह,सतीश उपाध्याय, अनिल यादव,धर्मेंद्र सिंह, रमाकांत जयसवाल,अजय यादव, सत्यप्रकाश, शंभूनाथ चौरसिया,राधेश्याम भारती, संध्या राय, विभा पाण्डेय, मंजू चौहान, विनोद सिंह, अखिलेश सिंह, गोरख, रीता यादव,तृप्ति यादव, निलेश, अंकित भारती आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च निकालकर दिवंगत नेता को दी श्रद्धांजलि

विश्ववार्ता संवाददाता

बलिया। पिछले दिनों लखनऊ में प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता प्रभात पांडे की कांग्रेस कार्यालय में रहस्यमई मौत को लेकर पूरे प्रदेश में कांग्रेस नेताओं में आक्रोश है, इस क्रम में बलिया जिले के कांग्रेस नेताओं ने अध्यक्ष उमाशंकर पाठक व महामंत्री मुन्ना उपाध्याय, उषा सिंह के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला।

कैंडल मार्च सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में स्टेशन से होते हुए शहीद चौक तक शहीद पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने दिवंगत कांग्रेसी नेता प्रभात पांडे की फोटो रखकर कैंडल जलाकर दो मिनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया, इस दौरान बलिया कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश साफ देखने को मिला जिसमें कार्यकर्ताओं ने योगी एवं मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी किया।



जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाठक ने कहा कि लखनऊ में प्रदर्शन के दौरान हमारे जुझारू कार्यकर्ता प्रभात पांडे को पुलिस ने टारगेट करते हुए छति पहुंचाईं, हमारा प्रदेश व्यापी लखनऊ में प्रदर्शन प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में हुआ, श्री पाठक ने बीजेपी एवं योगी और मोदी सरकार को दलित विरोधी एवं अंबेडकर विरोधी बताया उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अंबेडकर पर दिया गया बयान बीजेपी के वास्तविक दलित विरोधी मुखौटे को प्रदर्शित करता है, तो वही दूसरी तरफ जिला महामंत्री मुन्ना उपाध्याय ने प्रभात पांडे की हत्या का जिम्मेदार योगी सरकार को ठहराया, श्री मिश्रा ने योगी सरकार को अत्याचारी निर्लज एवं हत्या करने वाली सरकार बताया और योगी सरकार से प्रभात पांडे की मौत का निष्पक्ष जांच करने की मांग किया।

जिससे कि रहस्यमय तरीके से हुई दिवंगत कांग्रेस नेता प्रभात पांडे की मौत का वास्तविक सच्चाई सामने आ सके,वहीं अपनी आक्रामक तेवरों से पहचान बनाने वाली कांग्रेस नेत्री उषा सिंह ने मोदी और योगी सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहां की यह सरकार तानाशाही सरकार है उन्होंने कहा कि हमने कांग्रेसी एवं गैर कांग्रेसी तमाम सरकारों को देखा लेकिन यह मोदी सरकार दलित, वंचित शोषण एवं समाज में अराजकता फैलाने वाली सरकार है।

ऐसी सरकार को हम कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी के नेतृत्व में उखाड़ फेंकने का काम करेंगे हम पीछे हटने वाले कार्यकर्ता नहीं है, हम अपनी अंतिम लड़ाई लड़ते रहेंगे। इस दौरान शाहिद अली खान, अमरनाथ रौनियार, राशिद कमाल, ओमप्रकाश तिवारी एवं सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आप सांसद संजय सिंह का फूंका पुतला



विश्ववार्ता संवाददाता

**ठेकमा, आजमगढ़।** नवनिर्माण हिंदू सेना परिषद जिला इकाई द्वारा शुक्रवार को आप सांसद संजय सिंह का पुतला फूंका गया। सांसद संजय सिंह ने संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी किये थे। आक्रोशित लोगों का कहना है कि आम आदमी पार्टी भ्रष्ट और चोर है और कई दिग्गज नेता भ्रष्टाचार के मामले में जेल भी जा चुके हैं और कुछ जेल में है। इस पार्टी का सांसद संजय सिंह जो खुद भ्रष्टाचार में लिप्त है उनके द्वारा प्रधानमंत्री के लिए अभद्रता टिप्पणी बेहद शर्मनाक है। जिसकी नवनिर्माण हिंदू सेना परिषद घोर निंदा करती है। नवनिर्माण हिंदू सेना परिषद जिला ईकाई विनोद सिंह के नेतृत्व में शंकर जी तिराहा फूलपुर में आप सांसद संजय सिंह का पुतला फूंका। विनोद सिंह जी ने कहा कि आज भारत में जो काम सदियों से कोई प्रधानमंत्री नहीं कर पाया उसका सपना सरकार सिर्फ और सिर्फ यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर दिखाया है जो विपक्षियों को किसी तरह से पच नहीं रहा है। उनका अपमान किसी परिस्थिति में बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। इस दौरान देवेश राय, महेन्द्र सिंह, प्रताप राणा सिंह जी, सुनील गौड़, सपना सिंह, प्रतिभा राय, वंदना सिंह, मंजू सिंह, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एएसपी के आदेश को थानेदार ने हवा में उड़ाया, नहीं दर्ज की रिपोर्ट

विश्ववार्ता संवाददाता

**ठेकमा, आजमगढ़।** दीदारगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली एक पीड़ित महिला गांव के ही दबंगों के खिलाफ मारपीट व अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए जब थाने पहुंची तो जांच का हवाला देकर मामले को टरका दिया गया।

जिसके बाद पीड़िता ने एसपी ग्रामीण से न्याय की गुहार लगाई है। बता दे कि दीदारगंज थाना क्षेत्र के रसावां गांव निवासिनी सुषमा राय पत्नी नरेंद्र राय ने दो दिन पूर्व ग्रामीण एसपी को जनसुनवाई के दौरान एसपी ग्रामीण चिराग जैन को सीसीटीवी फुटेज दिखाते हुए गांव के ही कुछ लोगों पर देर रात्रि शराब पीकर घर में घुसकर मारपीट व अभद्रता करने का आरोप लगाया था। जिस पर एसपी ग्रामीण ने थाना प्रभारी अखिलेश कुमार को तत्काल मुकदमा दर्ज कर दोषियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। बावजूद इसके अभी तक दीदारगंज थाने में पीड़िताा का मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। पीड़ित महिला थाने का चक्कर लगाने को मजबूर है।

वहीं जब इस संबंध में थाना प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि महिला ने घटना की शिकायत रात्रि में डायल 112 से भी की थी। यह मामला 15 दिसंबर का है शिकायत पत्र मिला है। जिसकी जांच हल्का दरोगा धर्मेंद्र तिवारी कर रहे हैं। बड़ा सवाल यह है कि या घटना घटित हुए लगभग एक हफ्ते हो गए और सीसीटीवी फुटेज में भी स्पष्ट हो रहा है कि एक महिला के साथ धक्कामुक्की व अभद्रता की जा रही है तो पुलिस मुकदमा दर्ज करने में क्यों टाल मटोल कर रही और एसपी ग्रामीण के आदेश को भी ताक पर रख दिया गया है।

### पर्यावरण संरक्षक जैदुल्लाह ने रोपे सरकारी स्कूल में पौधे

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के बनरहा रेग्यूलेटर पर नहर की दोनों पटरियों पर अपने श्रम व धन से शोभादार फूल पत्तियां व पौध लगाकर तीन दशक से पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित करने वाले जैदुल्लाह को जब भी अवसर मिलता है पेड़ पौधे लगाने, उनकी सेवा करने व सार्वजनिक स्थानों की सफाई करने में जुट जाते हैं।

इस क्रम में उन्होंने गुरुवार को नहर के समीप स्थित कंपोजिट विद्यालय भगवानपुर में स्वयं के धन से खरीद कर एरिका पाम व बाक्सलीफ यूनेजिया प्रजाति के शोभादार व जामुन का फलदार सहित कुल पांच पौध लगाकर छात्रों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि पौधों से घिरे रहने से मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है सुंदरता बढ़ती है और तापमान भी कम रहता है, सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है व जीवन में उन्नति, शांति, और सुखद वातावरण मिलता है।

# दी क्रिसेंट स्कूल में मेगा खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित

विश्ववार्ता संवाददाता

**कप्तानगंज (कुशीनगर)।** नगर के दी क्रिसेंट स्कूल में 6 दिवसीय वार्षिक मेगा खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसके मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्या रहे।उनके द्वारा मशाल दीप जलाकर व सौ मीटर बालक दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ किया गया।

कप्तानगंज तहसील क्षेत्र में स्थित दी क्रिसेंट स्कूल में मेगा वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्या द्वारा फीता काटने के उपरांत माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।इसके पूर्व बच्चो ने गार्ड ऑफ ऑनर व मार्चपाट्स देकर उनका स्वागत किया। इस मेगा वार्षिक प्रतियोगिता में संस्था के 250 विद्यार्थी खेल प्रतिभा द्वारा अपने क्षमता का प्रदर्शन कर स्वयं को श्रेष्ठ साबित करने के लिए जोर आजमाइश करेंगे। प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणी की दौड़,लंबी कूद,ऊची कूद,रिले रेश, खो खो,कबड्डी,आदि का आयोजन किया जाएगा।प्रतियोगिता के प्रथम दिन के आयोजन में आयोजित सौ मीटर की बालक दौड़ प्रतियोगिता का आरंभ श्री मौर्या द्वारा हरी दिखाकर किया गया।विजेता सूरज सिंह अमन पासवान धीरज यादव को मैडल देकर सम्मानित किया गया।उन्होंने अपने सम्बोधन में कहाकि सफलता के लिए कोई शार्ट कट का रास्ता नही होता



है।सफलता हमेशा कड़े मेहनत,लगन व इच्छा शक्ति से हासिल किया जा सकता है।शिक्षा में मानसिक विकास के लिए इस प्रकार के खेल प्रतियोगिता का आयोजन आवश्यक होती है।

अंत मे स्कूल प्रवन्धक मोहम्मद शबीब ने आगन्तुको के प्रति आभार व्यक्त कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रवन्धक मो शबीब शिफा फातिमा मोहम्मद हसीब खुर्शेद आलम आनंद सिंह राकेश राय आशुतोष बंका कृष्णा सिंह दिवाकर गौड़ पीताम्बर यादव राकेश राय रागिनी मिश्रा दिलीप गुप्ता अनिल दुबे संतोष शर्मा आयुष सुप्रिया अंजली अर्पित माही मनमोहन अमन अभय राज आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** मनमोहक नृत्य, लघु नाटिका, कविता व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मोहा मन, खूब बजीं तालियां

# खेल प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

विश्ववार्ता संवाददाता

» स्टूडेंट ऑफ दी ईयर के रूप में चयनित छात्र हुए पुरस्कृत

**तमकुहीराज(कुशीनगर)।** दुदही विकास खंड पडरौन मंडुरही में स्थित के पीएम श्री विद्यालय में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के प्रथम दिन जहां छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया तो दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति कर वाहवाही बटोरी।

वार्षिकोत्सव के प्रथम दिन वार्षिक खेलों के बैडमिंटन प्रतियोगिता के बालक वर्ग में कक्षा छह छात्र विवेक कुमार व साहिल व बालिका वर्ग में कक्षा सात की छात्राएं मिक्की व नन्दिनी विजेता रहीं। लाड़ली व पलक उपविजेता रहीं। कबड्डी के जूनियर बालक वर्ग में कक्षा छह विजेता, कक्षा आठ उपविजेता, खो खो में कक्षा आठ विजेता व कक्षा छह के छात्र उपविजेता रहे। प्राथमिक वर्ग के कबडडी व खो खो के बालक व बालिका वर्ग में कक्षा पांच विजेता व कक्षा तीन के छात्र उपविजेता रहे। लंबी कूद में विजय कुमार प्रथम, कृष्णा द्वितीय, तबरेज तृतीय, प्राथमिक स्तर ऊंची कूद में धीरज प्रथम, अंकित द्वितीय, सूरज तृतीय, लंबी कूद में धीरज प्रथम, अंकित द्वितीय व सलमान तृतीय स्थान पर रहे। टेबल टेनिस में कक्षा आठ के कृष्णा व आकाश विजेता व कक्षा छह के विवेक व साहित उपविजेता रहे। रंगोली निर्माण में आठवीं की छात्राएं




लाडली, तन्नू, रीमा, मन्नू, रेशमी प्रथम, छठवी कक्षा की सादिका, सानिया, साइस्ता, पलक, नन्दिनी द्वितीय व कक्षा सातवीं कक्षा की संध्या, नन्दिती, कुमकुम तृतीय स्थान पर रहे। इसके अतिरिक्त प्राथमिक वर्ग में गुच्छा दौड़ बोरा दौड़, बिस्किट दौड़, कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। द्वितीय दिन छात्रों ने मनमोहक भावनृत्य, लघु नाटिका, कविता व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। रीमा ने गीत व कृष्णा ने अभियान गीत- दिह हथवा में कलमिया धरा प्रस्तुत कर सारा आकर्षण चुरा लिया।

इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। रेशमी व शोभा ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अनुशासन, नियमितता एवं कक्षा गतिविधि के आधार पर वर्ष 2024-25 के सर्वश्रेष्ठ छात्र (स्टूडेंट आफ दी ईयर) के रूप में जूनियर स्तर पर विवेक कुमार व साहिल अंसारी, बालिका वर्ग में पलक, प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में धीरज व बालिका वर्ग में शालू गुप्ता का चयन किया गया। अतिथिगण प्रधानाध्यापक विद्या सिंह, प्राशिसं के मंत्री रामनिवास जायसवाल, उपाध्यक्ष अशोक यादव, जूशिसं के मंत्री योगेन्द्र शर्मा, खेल शिक्षक राजेश यादव द्वारा विजेता व श्रेष्ठ छात्रों को मेडल व ट्राफी देकर पुरस्कृत किया जाता। विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्राशिसं के ब्लाक अध्यक्ष अरुणेंद्र कुमार राय ने आभार प्रकट किया। इस दौरान जूशिसं के अध्यक्ष बांके बिहारी लाल, शिक्षकगण संध्या यादव, सुनील कुमार, राजेन्द्र मोहन, माधुरी यादव, रंजीत सिंह, सत्यम पांडेय आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### छात्रों से पहले की अश्लीलता, फिर कर दी पिटाई

**बहराइच।** छात्रों के साथ कुछ छात्रायें स्कूल जा रही रही थी इसी दौरान कुछ शोहदों ने अश्लीलता करते हुए छींटाकसी करने लगे, इस बात का विरोध करने पर विरोध करने पर शोहदों उन छात्र छात्राओं की पिटाई कर दी। इस बात की जानकारी मिलने पर परिजनों ने थाने पर तहरीर दी। पुलिस ने शोहदों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। प्रतिदिन की तरह गुरुवार को ग्राम सिलेटनगंज के कुछ छात्र छात्राएं कस्बे के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने आ रहे थे। तभी छोटू पुत्र कमरुद्दीन, शमसुद्दीन पुत्र अन्नू मास्टर, अज्ञात पुत्र पीर अली, अज्ञात पुत्र शेर अली के लड़के छात्राओं से छीटाकशी करने लगे ज़ब साथ चल रहे है छात्र मुकेश सिंह पुत्र जैश सिंह ने विरोध किया तो चारो छात्र पर टूट पड़े और गाली देते हुए छात्र के साथ छात्राओं को मारने पीटने लगे तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। छात्र चोटिल हालत में कोतवाली पहुंच कर चारो के खिलाफ तहरीर देते हुए न्याय माँगा। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि चारों के खिलाफ मुकदमा लिख कर जांच की जा रही है। शीघ्र ही उनकी गिरफ्तारी की जायेगी।

### नगर में बंदरों का आतंक, स्थानीय लोग परेशान



**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला नगर में बंदरों का आतंक दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। नगर के लगभग हर मोहल्ले में बंदरों की बढ़ती संख्या से लोग परेशान हैं। बंदरों के झुंड की उधमबाजी से स्थानीय निवासियों और दुकानदारों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बंदर अक्सर सड़क के बीच बैठकर रास्ता जाम कर देते हैं, जिससे राहगीरों और वाहनों को आने-जाने में मुश्किल होती है। कई बार बंदर छतों पर चढ़कर पानी की टंकियों को खोल देते हैं, जिससे पानी बर्बाद होता है। इसके अलावा, छतों पर सूखने के लिए रखे कपड़ों को फाड़कर नुकसान पहुंचाना आम बात हो गई है। बंदरों का सबसे अधिक आतंक दुकानदारों को झेलना पड़ रहा है। मौका मिलते ही बंदर दुकानों से सामान उठा ले जाते हैं। कई बार वे सामान को फेंक देते हैं या तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाते हैं। इससे दुकानदारों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि बंदरों की इन हरकतों के कारण ग्राहक भी परेशान होकर जल्दी लौट जाते हैं, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। ठंड के मौसम में लोग धूप सेंकने के लिए छतों पर जाते हैं, लेकिन बंदरों के झुंड के अचानक आ जाने से बच्चों और बुजुर्गों को डरकर भागना पड़ता है। इस दौरान दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। स्थानीय निवासियों ने इस समस्या को गंभीर मानते हुए समाधान की मांग की है। मोहल्ले के लोगों ने बंदरों को पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़े जाने की मांग की है। उनका कहना है कि बंदरों की बढ़ती संख्या और उनकी हरकतों से उन्हें मानसिक और आर्थिक तनाव झेलना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि बंदरों की इस समस्या को लेकर प्रशासनिक विभागों से कई बार शिकायत की गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उतरौला नगर में बंदरों का बढ़ता आतंक प्रशासन की उदासीनता को उजागर करता है। यह न केवल स्थानीय निवासियों और दुकानदारों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी पैदा कर रहा है। प्रशासन को तत्काल बंदरों को नियंत्रित करने के लिए विशेष अभियान चलाना चाहिए, ताकि नगरवासियों को इस समस्या से राहत मिल सके।

### सादुल्लानगर में अलाव जलवाने की मांग

**सादुल्लानगर, बलरामपुर।** ठंड ने इलाके में दस्तक दे दी है, लेकिन प्रशासन की लापरवाही के चलते आम लोग ठंड में ठिठुरने को मजबूर हैं। सरकार की ओर से सर्दी के मौसम में अलाव जलाने की व्यवस्था का वादा किया गया था, लेकिन सादुल्लानगर में यह व्यवस्था अब तक नहीं दिखाई दे रही है। इलाके के नागरिकों का कहना है कि उन्होंने कई बार शिकायतें दर्ज करवाईं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया। सर्द रातों में गरीब और बेघर लोग भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। हम ठंड से कांप रहे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। अलाव की व्यवस्था करना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन हमें खुद ही अपनी परेशानी का हल ढूंढ़ना पड़ रहा है, स्थानीय निवासी रामलाल ने कहा। ठंड के कारण खासकर बच्चे और बुजुर्ग बीमार पड़ रहे हैं। अस्पतालों में ठंड लगने के कारण निमोनिया और बुखार के मामले बढ़ते जा रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाएं भी इस चुनौती से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। जब स्थानीय प्रशासन से संपर्क किया गया, तो अधिकारियों ने दावा किया कि अलाव जलाने के निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही है। फंड की कमी के कारण काम धीमा चल रहा है, लेकिन जल्द ही व्यवस्था की जाएगी, एक अधिकारी ने बताया। राधेश्याम, विवेक, मनोज, झिंकू,राजू,अशोक,आकाश आदि स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि प्रशासन तुरंत कदम उठाए और अलाव जलाने के साथ-साथ ठंड से बचाव के अन्य उपायों पर ध्यान दे। यदि समय पर कार्रवाई नहीं की गई, तो ठंड से होने वाली समस्याएं गंभीर रूप ले सकती हैं।

### आईडी बनाने के काम में तेजी लाएं: डीएम



**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।** एग्री स्टेट योजना के तहत फॉर्मर रजिस्ट्री/आईडी बनाए जाने के कार्य के तहत विकास खंड श्रीदत्तगंज में ग्राम बफावां में पंचायत भवन में आयोजित शिविर का डीएम पवन अग्रवाल ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान शिविर में आईडी जनरेट किए जाने में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रात: 08 बजे से सायं 09 बजे तक कैंप आयोजित कर फॉर्मर आईडी बनाने का कार्य किया जाए। डीएम ने बताया कि फॉर्मर स्वयं स्मार्ट फोन से जरूरी जानकारी भरकर आधार से खतौनी लिंक कर आईडी जनरेट कर सकते है। उन्होंने इसका व्यापक प्रचार प्रसार एवं सुविधा के लिए वीडियो के माध्यम से प्रचार किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि शतप्रतिशत कृषकों का फॉर्मर रजिस्ट्री / आईडी जनरेट किया जाना सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार,एसडीएम सदर संजीव कुमार यादव, उपनिदेशक कृषि,जिला कृषि अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# वाह रे नायब तहसीलदार! आदमी की जान की कीमत भी नहीं पता आपको

## हादसे के बाद करीब 30 किलोमीटर तक गाड़ी में फंसे शव को घसीटा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» हादसे के दौरान गाड़ी में मौजूद थे नायब तहसीलदार, परिजनों में मचा कोहराम

**बहराइच।** राजस्व वसूली व आपदा में होने वाले नुकसान का आंकलन करने वाले एक नायब तहसीलदार को आदमी की जान की कीमत नहीं पता है। इतना ही नहीं उनके अंदर शायद मानवता भी नहीं थी।

तभी तो हादसे के बाद एक व्यक्ति को इलाज कराने की बजाए उसके शव को करीब 30 किलोमीटर तक अपनी गाड़ी से घसीटते हुए चले गए। जिससे शव के चीथड़े तक गायब हो गए। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान नायब तहसीलदार खुद सरकारी गाड़ी में मौजूद थे। राहगीरों द्वारा सूचना मिलने पर जब पुलिस ने गाड़ी का पीछा किया तो चालक ने गाड़ी रोकी। पुलिस ने चीथड़ों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सरकारी वाहन तहसीलदार का बताया जा रहा है।

हादसा रामगांव थाना क्षेत्र का है। पयागपुर थाना क्षेत्र के कृष्णानगर में रहने वाले नरेंद्र कुमार की भांजी लखीमपुर में रहती है। गुरुवार को नरेंद्र कुमार अपनी भांजी को लखीमपुर छोड़ने गए थे। वापसी में वह अकेले बाइक से आ रहे थे। बताते हैं कि रास्ते में तहसीलदार की सरकारी गाड़ी ने उनको टक्कर मार दी। उस वक्त गाड़ी में नायब तहसीलदार



मौजूद थे। टक्कर लगने के बाद नरेंद्र कुमार गाड़ी में फंस गए। चालक ने गाड़ी रोकने की बजाए स्पीड और तेज कर दी। जिससे नरेंद्र कुमार सड़क पर घिसटते हुए चले गए। आलम यह रहा कि लोग शोर मचाते रहे लेकिन चालक ने गाड़ी नहीं रोकी।

नतीजा यह रहा कि नरेंद्र कुमार के चीथड़े तक उड़ गए। कुछ राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जब पीछा किया तो करीब 30 किलोमीटर बाद चालक ने नानपार तहसील पहुंचकर गाड़ी को रोका। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हादसे की सूचना मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। रोत-बिलखते परिजन भी मौके पर आ गए। राम गांव थाना प्रभारी आलोक सिंह ने बताया कि नायब तहसीलदार के सरकारी वाहन से हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है । मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है

# डीएम ने किया छात्रावास का औचक निरीक्षण, छात्रों से पूछीं समस्याएं

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» राजकीय छात्रावास जेल रोड गोंडा के कैम्पस में लगेगा नया वाटर कूलर

**गोण्डा।** जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने देर शाम को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति राजकीय छात्रावास (बालक) जेल रोड गोंडा का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अचानक अनुसूचित जाति राजकीय छात्रावास जेल रोड गोण्डा में पहुंची और वहां पर छात्रावास में आवासित छात्रों से वार्ता की, वार्ता के दौरान जिलाधिकारी ने छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान छात्रों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि छात्रावास के कैम्पस में लगी सोलर लाइट विगत कई दिनों से खराब चल रही है। छात्रों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि कैंपस में लगी पानी की टंकी खराब है पानी की टंकी से बराबर पानी बराबर नहीं आता है, जिससे छात्रावास में आवासित छात्रों को लाइट एवं पानी की समस्याएं हो रही है। छात्रों द्वारा अवगत कराए गए समस्याओं को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि अनुसूचित जाति राजकीय छात्रावास (बालक) जेल रोड गोंडा में सोलर लाइट तथा पानी की टंकी को जल्द से जल्द सही कराया जाए, ताकि छात्रों को लाइट एवं पानी से समस्याओं का सामना ना करना पड़े।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्रावास के कैंपस में नया वाटर कूलर दो दिवस में लगवाने के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारी को यह भी निर्देश दिए हैं कि छात्रावास के कैंपस तथा आसपास में साफ सफाई की व्यवस्था भी तत्काल सही कराया जाए और संबंधित अधिकारी के द्वारा छात्रावास का बराबर निरीक्षण किया जाए, ताकि छात्रावास में आवासित छात्रों को किसी प्रकार की कोई समस्याओं का सामना न करना पड़े।

## शिक्षण कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित की गईं प्रधानाचार्य




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मिहींपुरवा(बहराइच)।** मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र में संचालित इंग्लिश मीडियम स्कूल लिटिल एंजेल्स स्कूल मिहींपुरवा की प्रधानाचार्य कमल सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सितारा होटल में आयोजित प्राइवेट स्कूल एवं चिल्ड्रेंस वेलफेयर एसोसिएशन के 12वें अधिवेशन में आईपीएस बिहार विकास वैभव एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम मंडल के द्वारा सम्मानित किया गया।

## सोलर पैनल की रोशनी से गुलजार होंगे विद्युत विहीन मजरे

**कैसरगंज(बहराइच)।** बिजली संकट का समाधान निकालने के उद्देश्य से यूपी नेडा बहराइच द्वारा डीडीजी योजना के अंतर्गत विकासखंड कैसरगंज के ग्राम पंचायत गोडहिया नंबर दो के मजरे नारोहलियन पुरवा, करसहन पुरवा, व नरपत पुरवा, व हतहन पुरवा के 130 लाभार्थियों को सोलर पावर पैक का निशुल्क वितरण किया गया।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बलराम यादव ने बताया कि यूपी नेडा बहराइच की ओर से 130 ग्रामीणों को सोलर सोलर पावर पैक का वितरण किया गया है, जिसमें एक छत वाला पंखा, दो सोलर पैनल, पांच एलईडी बल्ब, बैटरी व इनवर्टर था वितरण किया गया है। सोलर पावर पैक के मिलने से ग्रामीणो मे हर्ष व्याप्त है।

# नर सेवा ही नारायण सेवा है : डॉ अरविन्द

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कैसरगंज।** बहराइच जीबी हास्पिटल कैसरगंज के तत्वावधान में जनपद के कैसरगंज एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन जीबी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ अरविन्द सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे लगभग 350 मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर, ऑपरेशन और अन्य बीमारियो का परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया ।

चिकित्सा शिविर के उद्‌घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ अरविन्द सिंह ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है। क्योंकि प्रत्येक मनुष्य में ईश्वर का निवास होता है इसलिए यदि हम जब किसी रोगी का इलाज करते हैं सेवा करते हैं तो यह मन में जरुर एक भाव रखें कि मैं किसी आदमी की नहीं अपितु नारायण की



सेवा कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि कैसरगंज क्षेत्र में जी बी हास्पिटल दशकों से लोगों की सेवा कर रहा है और भविष्य में भी करता रहेगा केवल ईश्वर की कृपा बनी रहे। इस अवसर पर प्रधान हैदराबाद जसवंत सिंह ,प्रधान देवीदासपुर रानू सिंह, प्रधान चिरौली ,डॉ अनिल वर्मा ,डॉ डब्लू यादव, शिवानी ,डॉ रुखसार ख़ान, चंदन सिंह, शिवम वर्मा ,शिव गोबिंद यादव सहित अनेक क्षेत्रीय लोगों का सहयोग संस्था को प्राप्त हुआ।

# सीएमओ कार्यालय पर फार्मासिस्टों ने किया प्रदर्शन

» धरने को फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने संबोधित किया

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच के कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर प्रांतीय नेतृत्व किया ने किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन। धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें पूरे जनपद के काफी संख्या में फार्मासिस्ट मौजूद रहे ।

डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने सरकार के रवैया से काफी उत्तेजित है फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुमुख शरण पाठक ने बताया कि फार्मासिस्ट चिकित्सा विभाग की रीड़ है जो मरीजों के दैखभाल के साथ साथ कार्ययालयी काम भी निपटाते हैं । श्री पाठक ने बताया कि आयोजित धरने में में अपनी मांग पूरी कराने हेतु सरकार



मांग की गयी है लेकिन सरकार हमारी मांगे नहीं मान रही है इस क्रम में एक दिन का आज धरना आयोजित हुआ जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन दिया गया।

धरने को संबोधित करते हुए जिला मंत्री प्रेम प्रकाश सिंह ने बताया कि हमारे मांगे नहीं मानी गयी तो हम आगे और ओर जोरदार आंदोलन की रूप रेखा तय की करेंगे और उसे विस्तृत रूप देंगे, धरने को फार्मासिस्ट अजीजुर रहमान अशोक शुक्ला प्रेमचंद तिवारी देवेंद्र मिश्रा के के शुक्ला, कमलेश कुमार अर्जुन सिंह जे के मौर्य राजकुमार मुजीब अहमद बलबीर सिंह करुणेश मिश्रा राजेंद यादव,प्रमोद शुक्ला अतर रजा,ओम प्रकाश संबोधित किया।

## ओमप्रकाश ने पुरुष नसबन्दी कराके कायम की मिसाल

**कैसरगंज( बहराइच)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज अंतर्गत ग्राम मूसेपुर निवासी ओमप्रकाश ने पुरुष नसबंदी कराके एक मिशाल कायम की है।आशा रीनिता सिंह,संगिनी संगीता सिंह बीसीपीएम रामप्रताप ठाकुर के प्रयास से ओमप्रकाश की पुरुष नसबंदी हो सकी है।,इस अवसर पर डॉ एन के सिंह अधीक्षक द्वारा वस्त्र,उपहार,एवं नगद धनराशि प्रदान कर लाभार्थी एवं आशा के मनोबल को बढ़ाने का कार्य किया है, अधीक्षक श्री सिंह ने बताया कि ऐसे प्रयास करके पुरुषों में भी नसबंदी कराने की परंपरा को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ताकि परिवार नियोजन की जिम्मेदारी महिला एवं पुरुष में समान रूप से विकसित हो सके।। इस अवसर पर एआरओ दीप चंद्र,समाजसेवी पंकज सिंह ,संगिनी नसरीन,ज़किया,बिंदु,प्रेमलता, रेनू,प्रमिला,सुधा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# पीड़ित परिजनों से मुलाकात करने पहुंचा सपा का प्रतिनिधि मंडल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» मार्ग दुर्घटना में दो सगे भाइयों की मौत के मामले में सपाईयों ने सरकार से की 10 लाख मुआवजे की मांग

**गोंडा।** विधान सभा क्षेत्र कटरा बाजार अंतर्गत पशुराम पुर मे एक ही परिवार के दो सगे भाई नवयुवक अजय यादव उम्र(26)और दिलीप यादव उम्र (19) की पेड़ से बाइक टकरा जाने से दो सगे भाईयो की हृदय विदारक मृत्य हो जाने की सूचना पाने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रयी अध्यक्ष अखिलेश यादव के आदेश पर व प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देश पर जिला अध्यक्ष अरशद हुसैन मृतक के घर पहुँच कर मृतक के पिता राम नारायण यादव व परिवार वालो से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया। एवं अखिलेश यादव के शोक संतप्त शब्द को परिवार वालो से साझा किया। एवं जिला अध्यक्ष अरशद् हुसैन ने शोक संतप्त परिवार को विश्वास दिया की अखिलेश यादव जी सहित पूरी पार्टी इस दुःख की घडी मे परिवार के साथ खड़ी है। और जिला अध्यक्ष ने पार्टी की तरफ से हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। और सरकार से मांग की है सरकार 10 लाख रुपया का आर्थिक मदद इस परिवार की करे। इसमें प्रतिनिधि मण्डल मे स्थानीय प्रधान सहित जिला सचिव संतोष तिवारी, जिला सचिव राजेश मिश्रा, वारिस्ठ नेता राजेश दीक्षित, जिला प्रवक्ता / सचिव जावेद मंटू, सोमनाथ तिवारी सहित कई स्थानीय साथी उपस्थित रहे।

# ठंड से बचाव के करें पर्याप्त इंतजाम लापरवाही मिलने पर होगी कार्यवाही

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उतरौला (बलरामपुर) ।** ठंड के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर तहसील क्षेत्र में एसडीएम अवधेश कुमार ने शुक्रवार रात को रात्रि भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका क्षेत्र में ठंड से बचाव के लिए किए गए इंतजामों की समीक्षा की।

एसडीएम अवधेश कुमार ने बस स्टेशन पर बने रैन बसेरा का निरीक्षण किया और वहां मौजूद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रैन बसेरों में साफ-सफाई को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। इसके साथ ही, महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालयों की समुचित व्यवस्था करने और महिलाओं के लिए अलग से प्रवेश मार्ग का प्रबंध सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि रैन बसेरों का उद्देश्य जरूरतमंदों और बेघर लोगों को ठंड से राहत प्रदान करना है। ऐसे में यहां की व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम ने नगर के विभिन्न स्थानों पर जल रहे अलाव का भी निरीक्षण किया। रात्रि भ्रमण के दौरान एसडीएम अवधेश कुमार ने ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किए।

इस निरीक्षण अभियान में तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति, अधिशासी अधिकारी राजमणि, और अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। एसडीएम अवधेश कुमार द्वारा ठंड से बचाव के लिए की गई व्यवस्थाओं का यह निरीक्षण एक सकारात्मक कदम है। रैन बसेरों और अलाव की समुचित व्यवस्था से न केवल जरूरतमंदों को राहत मिलेगी, बल्कि ठंड के कारण होने वाली समस्याओं को भी कम किया जा सकेगा। प्रशासन के इस प्रयास से क्षेत्र के लोगों को काफी मदद मिलने की उम्मीद है।

## छप्पर के मकान में आग लगने से दो परिवार बेघर



**सादुल्लानगर, बलरामपुर।** स्थानीय थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत गूमाफातमा जोत निवासी भुसैली कंकाली पुत्र कोदई के छप्पर के मकान में बच्चों के कौरा तापते समय आग लग गई। जिसमें उनके दो पुत्रों विक्की, पप्पू के रिहायशी का सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्राम वासियों ने कड़ी मेहनत कर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक विक्की और पप्पू का सारा सामान कपड़ा बिस्तर अनाज बर्तन जलकर राख हो गया था। अग्नि की लपटों ने अगल बगल के पड़ोसियों को भी प्रभावित किया। बताते हैं कि घर के दो बच्चे आग जला कर ताप रहे थे धीरे-धीरे आग फूस घर में पहुंच गई और थोड़ी देर में भुसैली कंकाली के दो परिवारों का सब कुछ जलकर खाक हो गया।

# नियमित रूप से करें क्षय रोगियों की निगरानी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बलरामपुर।** शुक्रवार को देवी पाटन मंडल गोंडा के अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. जयंत कुमार ने बलरामपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत आयोजित किया गया था।

अपर निदेशक डॉ. जयंत कुमार ने प्रशिक्षण में भाग ले रहे सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि टीबी (क्षय रोग) एक गंभीर बीमारी है, जिसे जड़ से खत्म करने के लिए समुदाय स्तर पर सक्रिय प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समूहों पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिनके टीबी से ग्रसित होने की संभावना अधिक है। उन्होंने निर्देश दिया कि लक्षणयुक्त मरीजों की पहचान कर उन्हें



तत्काल उचित चिकित्सा इकाई पर संदर्भित किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि वे अपना इलाज पूरा करें। साथ ही, उन्होंने जोर दिया कि सरकारी योजनाओं के तहत टीबी रोगियों को दी जाने वाली सुविधाओं और सेवाओं का लाभ प्रत्येक मरीज तक पहुंचाया जाए।

डॉ. जयंत कुमार ने कहा कि टीबी उन्मूलन में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे क्षय रोगियों की निगरानी नियमित रूप से करें और समुदाय को इस बीमारी के प्रति जागरूक बनाएं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अजय कुमार शुक्ला, मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक राहुल पटेल, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम समन्वयक अविनाश विक्रम सिंह, और विभिन्न ब्लॉकों से आए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से अमित शाह को बर्खास्त करने की मांग उठाई

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर संसद में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी पर की गई टिप्पणी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी गोंडा द्वारा वर्तमान जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्र के नेतृत्व में कचेहरी परिसर में बाबा साहेब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान अमित शाह को बर्खास्त करो नारे के साथ महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर दिया गया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए नि जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने कहा भाजपा सरकार के केंद्रीय और राज्य के मंत्रियों द्वारा आए दिन देश की आजादी के साथ-साथ ही देश को देश बनाने में अपना महान मूल्य योगदान देने वाले महापुरुषों के विरुद्ध बोलने की आदत पड़ गई है इसी क्रम में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी के प्रति अनुचित टिप्पणी की गई जो देश की अवाम को बर्दाश्त नहीं है हम कांग्रेस जन देश के राष्ट्रपति जी से मांग करते हैं की बाबा साहब का अपमान करने वाले गृहमंत्री अमित शाह को केंद्रीय मंत्रिमंडल से तुरंत बर्खास्त कर जेल भेजा जाए ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से जिला प्रवक्ता शिवकुमार दुबे अल्पसंख्यक का अध्यक्ष सगीर खान विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुभाष पांडे अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ओम प्रकाश सोनकर,विनय प्रकाश त्रिपाठी शाहिद अली कुरेशी, अवसार अहमद ब्लॉक अध्यक्ष हरिश्चंद्र श्रीवास्तव नगर पंचायत प्रत्याशी अवधेश तिवारी दीप कुमार मिश्र अब्दुल्ला, राजू सेवादल, सहित तमाम कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

**नाराजगी** बसपा, कांग्रेस और अन्य दलों ने राष्ट्रपति को सौंपा चार सूत्रीय ज्ञापन, गृह मंत्री को बर्खास्त करने की मांग

# 'बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान, नहीं सहेगा हिन्दुस्तान'

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» अमित शाह के खिलाफ ज्ञापन, बाबा साहब अंबेडकर के अपमान को लेकर सख्त कार्रवाई की मांग

**उतरौला (बलरामपुर)।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति अपमानजनक शब्दों के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और अन्य दलों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ शुक्रवार को राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। उपजिलाधिकारी उतरौला के माध्यम से सौंपे गए इस ज्ञापन में गृह मंत्री को बर्खास्त करने और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई।

बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ओम प्रकाश गौतम और कांग्रेस के पूर्व पीसीसी सदस्य मार्कंडेय मिश्र के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में चार प्रमुख मांगें गृह मंत्री अमित शाह को तत्काल बर्खास्त किया जाए। उनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें जेल भेजा जाए।



संसद सदस्यता को रद्द किया जाए। अमित शाह पर किसी भी सरकारी पद पर कार्य करने के लिए आजीवन प्रतिबंध लगाया जाए। आदि थी। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि बाबा साहब अंबेडकर के प्रति की गई टिप्पणी न केवल अपमानजनक है, बल्कि यह संविधान और दलित समाज का भी अपमान है। ज्ञापन में कहा गया कि यदि इन मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो व्यापक जन आंदोलन शुरू किया जाएगा। आंदोलन की जिम्मेदारी पूरी तरह सरकार पर होगी।

इस विरोध प्रदर्शन में बसपा और कांग्रेस के अलावा अन्य राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर आनंद कुमार, राम सरन, अनिल कनौजिया, जोगीराम, जयकरन भारती, सुजाउद्दीन खां, छब्बू शाह, फूलचंद, मोहम्मद रफीक, दिलीप कुमार, और रमेश प्रसाद समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

ज्ञापन में बाबा साहब अंबेडकर की विरासत और उनके योगदान की रक्षा करने की बात कही गई। नेताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर देश के संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के प्रतीक हैं। ऐसे में उनके खिलाफ किसी भी अपमानजनक टिप्पणी को सहन नहीं किया जाएगा।

बसपा और अन्य दलों द्वारा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एक गंभीर राजनीतिक और सामाजिक मुद्दे की ओर इशारा करता है। सरकार से इस मामले में सख्त और त्वरित कार्रवाई की मांग की जा रही है। यदि समय रहते इस पर उचित कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## एक नजर

### शिविर में 130 लोगों की हुई नेत्र जांच

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय विकास खंड के गलरा ग्राम पंचायत के पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को द हंस फाउंडेशन की ओर से निशुल्क नेत्रपरीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मां आई केयर के नेत्र चिकित्सक डॉक्टर ओपी सिंह ने 130 लोगों का नेत्र जांच कर सुझाव दिए। इस दौरान नेत्र चिकित्सक ओपी सिंह ने बताया कि नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए हमें इनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। इस दौरान 50 मरीजों को नि :शुल्क चश्मा और दवाएं दी गई।नेत्र जांच शिविर का आयोजन किए जाने पर ग्राम प्रधान पति अरूण मिश्र ने टीम का आभार जताया। इस दौरान डा0एस डी मिश्र, फार्मासिस्ट राजेश कुमार यादव एलटी विनय कुमार पटेल,फगुनी देवी, एसपीओ आरती तिवारी, पायलट चरण सिंह आदि मौजूद रहे।

### बटाई पर जमीन न देने से मारपीट

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के झगरहा बरया गांव में बटाई पर जमीन न देने पर भू स्वामी को मारपीट कर किया घायल तहरीर के आधार पर देर शाम पुलिस ने एक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी। स्थानीय थाना क्षेत्र के झगरहा बरया गांव निवासी रामनाथ ने थाने में तहरीर देकर बताया कि चार भाइयों के बीच में 9 बीघा जमीन सिधवनियां गांव में है। दो बीघा जमीन गांव निवासी फूले कोल 4 वर्ष से बटाई पर जोत बो रहा था। इस वर्ष हम लोग अपने खेत का कास्त करने का निर्णय लिया था खेत में सरसों की फसल बोया जिससे नाराज हो गया और धमकी देने लगा। बीते बुधवार को भाई लालता खेत की देखरेख करने के लिए गया था कि विपक्षी मौके पर पहुच कर गाली देते हुए मारने लगा। भाई लालता को कुल्हाड़ी से कई जगह मार दिया था। दवा इलाज के बाद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### उद्यान विभाग द्वारा पावर टिलर का वितरण

सीखड (मिर्जापुर)। क्षेत्र के बगहां गाव के किसान कृष्ण देव सिंह व शैलेन्द्र कुमार सिह को उद्यान विभाग द्वारा पावर टिलर दिया गयाजिसका वितरण महामहिम राज्यपाल द्वारा किया गया जिसको पाकर किसान बहुत खुश है। इस मौके पर महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन व उत्तर प्रदेश के मंत्री आशीष पटेल आदि लोग उपस्थित थे।

### युवक की ट्रेन से कटकर हुई मौत

शाहाबाद हरदोई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हैदरपुर के पास रेलवे फाटक के निकट एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार चुकरी उर्फ अभिषेक उम्र 26 वर्ष पुत्र पप्पू पाठक निवासी ग्राम रैगवां थाना मझिला की गुरुवार की शाम क्षेत्र के गाँव हैदरपुर के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर मौत हो गयी।घटना के बाबत मृत युवक के परिजनों ने बताया कि वह 3 दिन पूर्व अपनी बाईक से परौर गांव को रिश्तेदारी में कहकर गया हुआ था।गुरुवार को चुकरी की ट्रेन से कटकर मौत होने की सूचना उन्हें मिली।सूचना पर परिजन मौके पर पँहुचे और शव की शिनाख्त चुकरी उर्फ अभिषेक पुत्र पप्पू पाठक के रूप में की।मृत युवक के चचेरे भाई ने बताया कि वह 3 दिन पहले बाईक से अपनी रिश्तेदारी में गया हुआ था। उपरोक्त रेलवे फाटक के पास उसकी ट्रेन से कटकर मौत हो गई तथा उसकी बाईक रेल लाइन के किनारे झाड़ियों में मिली।घटना की सूचना पर पँहुचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।मृतक की अभी शादी नही हुई है।

### भाषण प्रतियोगिता में शिवांगी, अनमोल रहे अव्वल

हरदोई । सीतापुर रोड स्थित जीडीसी में शुक्रवार को भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जनपद स्तरीय भाषण एवं काव्यपाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 निखिलेश शरण ने की। भाषण प्रतियोगिता का विषय अटल जी एवं सुशासनर में शिवांगी पाण्डेय प्रथम, निशा राठौर द्वितीय और अंजली तृतीय स्थान पर रहीं। काव्यपाठ प्रतियोगिता– का विषय अटल जी की कविताएंर में अनमोल शुक्ला प्रथम, सूरज मिश्रा द्वितीय और अमृता सिंह तृतीय पर रहीं।प्रतियोगिताओं के आयोजक डॉ0 कमलेश यादव एवं निर्णायक मण्डल के रूप में डॉ0 रवि अग्रवाल, गुलशन कुमार एवं डॉ0 साधना शुक्ला ने कार्य किया।

### हादसे में घायल युवक की मौत

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के महमूदपुर में तीन दिन पूर्व जीने से उतरते समय 35 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। गुरूवार की देर शाम घर में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महमूदपुर गांव निवासी फूलचन्द्र का पुत्र राधेश्याम 17 तारीख को जीने से उतरते समय पैर फिसल जाने से नीचे गिर पडा और घायल हो गया। जिसे परिजन उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दूसरे दिन परिजन घायल को लेकर घर चले गये और वहीं इलाज कर रहे थे। तभी गुरूवार की देर शाम घर में ही इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। उधर सूचना पाकर पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### ट्रैक्टर ने अधेड़ को कुचला, मौत

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के बडनपुर के समीप वाहन का इन्तेजार कर रहे 55 वर्षीय अधेड का शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार आ रहे ट्रैक्टर ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। घटना के बाद के चालक भाग जाने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार थाने के सोनही गांव निवासी निवासी जो दो दिन से बीमार चल रहा था। आज सुबह वह बडनपुर डाक्टर को दिखाकर चौराहे पर बैठकर वाहन का इन्तेजार कर रहा था। तभी तेज रफ्तार आ रहे ट्रैक्टर ने उसे रौंद दिया। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के बहरामपुर रेलवे क्रासिंग पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ जाने से 45 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के सांतो धरमपुर गांव निवासी अमर सिंह का पुत्र लाल सिंह गुरूवार की देर रात थरियांव किसी काम से आ रहा था। जब वह रेलवे क्रासिंग पार करने लगा तभी ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### तालाब में डूबने से मासूम की मौत, मचा कोहराम

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम गौरी में खेलते खेलते तलाब में गिरकर दो वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार गौरी गांव निवासी जीतू सोनकर का पुत्र हनी कुमार घर के बाहर खेल रहा था, तभी अचानक समीप में स्थित तलाब में जा गिरा और उसकी मौत हो गयी। काफी देर बीत जाने के बाद जब मां गुडिया को बच्चे की याद आयी तो उसे ढूंढने लगी लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा।

# शार्ट सर्किट से घर में लगी आग

## पांच लाख का सामान हुआ राख, मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

विश्ववार्ता संवाददाता



आग बुझाते दमकल कर्मी।

**असोथर, फतेहपुर।** बिजली की शार्ट सर्किट से शुक्रवार की दोपहर थाना क्षेत्र के टीकर गांव निवासी रामखेलावन के घर में आग लग गई। जिसके बाद आग ने अपना रौद्र रूप लेते हुए घर के बाहर बनी दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें किराना की दुकान रखें सातों निवासी रवि के यहां एक बैग केसर, पांच गत्ता रिफाइंड, दो बोरी अरहर की दाल, एक बोरी उड़द की दाल, एक बोरी मूंग की दाल जलकर राख हो गई।

भवन स्वामी रामखेलावन के घर में सारा गृहस्थी का सामन समेत गद्दा, रजाई, लकड़ी, एक मोटर साइकिल, 150 बोरे में रखा अरेस्टन हाइब्रिड धान, खाद्य सामग्री, खाने पीने का सामन सहित सब कुछ जलकर राख हो गया। वहीं आग की चपेट में आए पड़ोसी करन सिंह का भी छत में रखा घरेलू सामान लकड़ी कंडा, रजाई गद्दा सहित कुछ खाद्य सामग्री जलकर खाक हो गया।

ग्रामीणों ने आग की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को सूचना दिया।

हालांकि ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड के पहुंचने के पहले ही हैंडपंप और घरेलू सबमर्सिबल (टुल्लू) से आग पर काफी हद तक काबू पा लिया था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिसके बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। वहीं घटनास्थल की जांच पड़ताल करने पहुंचे लेखपाल नजीमुद्दीन ने दोनों घरों सहित किराना व्यापारी के समानों के नुकसान का लगभग 5 लाख रूपये का अनुमान बताया है।

# मार्गों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण न किए जाने की दर्ज कराई शिकायत

विश्ववार्ता संवाददाता

» डिप्टी सीएम से मिलीं पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री

**फतेहपुर।** जिले की पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने लखनऊ पहुंचकर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से औपचारिक मुलाकात की। उन्होने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से निर्मित कराई जा रही सड़कों में गुणवत्ता का ध्यान न दिए जाने की शिकायत दर्ज कराई। जिस पर डिप्टी सीएम ने लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया।

यह जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री एवं पूर्व सांसद कार्यालय प्रवक्ता शिव प्रताप सिंह ने बताया कि पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंची और उन्होने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात की। सर्वप्रथम उन्होने बुके भेंटकर डिप्टी सीएम को सम्मानित किया। तत्पश्चात जिले की मूलभूत समस्याओं के साथ-साथ प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से निर्मित कराई जा रही सड़कों के बाबत जानकारी दी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने डिप्टी सीएम को बताया कि विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की मनमानी के चलते जिले में निर्मित कराई जा रही सड़कों में गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके चलते मार्ग बने हुए सिर्फ तीन से छह माह ही बीते थे कि सड़क फिर से उधड़ने लगी है, जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है।

समस्या सुनने के बाद डिप्टी सीएम ने कहा कि ऐसे लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सरकार की छवि धूमिल करने वाले अधिकारियों व ठेकेदारों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

# डाक्टर और एलटी अस्पताल छोड़ निकले घर, मरीज हुए निराश

विश्ववार्ता संवाददाता

» अक्सर दोपहर दो बजे के बाद स्टॉफ चला जाता है घर

**हलिया (मिर्जापुर)।** नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ड्रमंडगंज में तैनात प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर बाल कृष्ण मिश्र और लैब टेक्नीशियन राकेश पटेल के शुक्रवार दोपहर दो बजे नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से चले जाने पर मरीजों को इलाज के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दोपहर तीन बजे अस्पताल में इलाज कराने के लिए आए ड्रमंडगंज निवासी दिवाकर केशरी, महोगढ़ी गांव निवासी अंकित सरोज, पुष्पेन्द्र विश्वकर्मा आदि को डाक्टर के नही मिलने पर निराश होकर घर लौट गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नियुक्त चिकित्सक आते हैं लेकिन दोपहर दो बजे नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से निकल जाते हैं।दो बजे के बाद स्वास्थ्य में जाने वाले मरीजों का डाक्टर और लैब टेक्नीशियन के अभाव में इलाज नही हो पाता है। अस्पताल में फार्मासिस्ट व वार्ड ब्वाय मौजूद रहे। फार्मासिस्ट सुभाष सिंह ने बताया कि डाक्टर साहब आए थे लेकिन दोपहर दो बजे चले गए।

नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर बाल कृष्ण मिश्र ने बताया कि नियमित रूप से अस्पताल आता हूं।आज पत्नी की तबीयत खराब है इसलिए दोपहर दो बजे तक मरीजों को देखकर घर के लिए निकल गया।

# वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की बैठक आयोजित

**हरदोई।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति' की कार्यसमिति की आवश्यक बैठक शुक्रवार को धर्मशाला रोड स्थित वेद प्रकाश अवस्थी के आवास पर आहूत की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति 29 दिसंबर को ग्राम-बहोरवा में जरूरतमंदों को कम्बल-वितरण का वृहद् कार्यक्रम आयोजित करेगी। समिति जनवरी में एसडी इंटर कॉलेज में अपनी तरफ से बुजुर्गों के लिए एक स्वास्थ्य-शिविर का आयोजन करेगी। जिसमें जनपद के प्रमुख चिकित्सक परामर्श देंगे तथा दवा-वितरण करेंगे। समिति इसी माह अन्त तक अपनी आन्तरिक-पत्रिका का प्रकाशन भी सुनिश्चित करेगी। बैठक में डॉ. ईश्वर चन्द्र वर्मा, डॉ. ब्रह्मस्वरूप पाण्डेय, डॉ. नरेश चन्द्र शुक्ल, डॉ. शीला पाण्डेय, गिरीश चन्द्र बाजपेयी, वेद प्रकाश अवस्थी आदि सदस्य प्रमुखरूप से सहभागी रहे।

# धरना देकर फार्मेसिस्टों ने उठाईं समस्याएं

## सीएमओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा 24 सूत्रीय ज्ञापन

विश्ववार्ता संवाददाता



सीएमओ कार्यालय के सक्षम अधिकारी को ज्ञापन सौंपते फार्मेसिस्ट

» शासनादेश निर्गत न हुआ तो होगा चरणबद्ध आंदोलन

**फतेहपुर।** चौबीस सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में धरना देकर अपनी आवाज बुलंद की। तत्पश्चात सीएमओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। जिसमें कहा गया कि यदि जल्द ही मांगों पर शासनादेश निर्गत न हुआ तो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

शुक्रवार को डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अरूणेश चन्द्र सिंह की अगुवई में कर्मचारियों ने सीएमओ कार्यालय में धरना दिया। धरने में फार्मेसिस्ट संवर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रदेश में कार्यरत फार्मेसिस्टों एवं संवर्ग में उच्च पदों के वेतनमान पद योग्यता एवं कार्यदायित्व के अनुरूप प्रदान न किए जाने पर रोष जताया। फार्मेसिस्ट समुदाय ने पदनाम परिवर्तित किए जाने सहित संवर्ग की अन्य लंबित मांगों को शीघ्र पूरा किए जाने की सरकार से मांग की। फार्मेसिस्ट समुदाय ने इस बात पर तीव्र आक्रोश व्यक्त किया कि शासन एवं महानिदेशालय स्तर पर अधिकारियों की उदासीनता के कारण लंबे समय से संगठन से वार्ता नहीं की जा रही है। जिस कारण समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है। धरना के पश्चात सीएमओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया और निर्णय लिया गया।

# भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर शिक्षकों ने किया हंगामा

## बोले शिक्षक प्रशिक्षण में दिया जा रहा है घटिया और बासा खाना

विश्ववार्ता संवाददाता



बीआरसी पर हंगामा करते शिक्षक

» पहले भी शिक्षक अधिकारियों पर लगा चुके हैं आरोप

**कछौना हरदोई।** जिले में बेसिक शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार के रोज ही नए-नए कारनामें सामने आ रहे हैं।

बीएसए विजय प्रताप सिंह सहित कई बीईओ अपनी दूषित मानसिकता भ्रष्टाचार व शिक्षकों के शोषण आदि के चलते जांच और कार्यवाई का सामना कर रहे हैं। बीएसए विजय प्रताप सिंह की हनक और भ्रष्टता के आगे तो एक महिला बीएसए रतन कीर्ति को लज्जित होकर जिले से लौटना पड़ा था। विभाग में आज भी शिक्षकों को हर जगह,हर काम के लिए कमीशनखोरी, रिश्वत और भ्रष्टाचार के बोझ तले दबना पड़ता है। विभाग में भ्रष्टाचार इस कदर हावी है कि जिम्मेदारों और कमीशनखोरों द्वारा अब शिक्षकों की 'थाली' को भी नहीं छोड़ा जा रहा है। ताजा मामला जिले के ब्लॉक संसाधन केंद्र-कछौना में आयोजित 'शारदा प्रशिक्षण' में प्रशिक्षुओं को घटिया और बासी,गुणवत्ता-विहीन खाना मिलने पर हंगामा खड़ा हो गया। खुद के 'निवाले' पर कमीशनखोरी से का सब्र जवाब दे गया और उन्होंने इसका कड़ा विरोध दर्ज कराया। खंड शिक्षा अधिकारी(बीईओ) के.के.त्रिपाठी के संरक्षण में खाने की सप्लाई उनके चहेते प्रवीण कुमार नाम के एक शिक्षक द्वारा ही कराई जा रही है।

# 21 को भारी वाहनों का प्रवेश रहेगा बंद

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने बताया कि राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा०) परीक्षा 22 दिसंबर को दो सत्रों (प्रथम पाली पूर्वान्ह 9.30 से 11.30 बजे एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 2.30 से 4.30 बजे तक) आयोजित की गयी है। परीक्षा हेतु जनपद फतेहपुर में 10 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। आयोजित परीक्षा के दृष्टिगत परीक्षार्थियों व सामान्य जनमानस के आवागमन को सुगम एवं सुरक्षित बनाए रखने हेतु जनपद महोबा, हमीरपुर, बाँदा, झाँसी एवं जालौन आदि जनपदों से उपखनिज बालू, मोरम व गिट्टी लदे हुए ट्रकों का प्रवेश जनपद सीमा में 21 दिसंबर की रात्रि 11 बजे से 22 दिसंबर की रात्रि 11 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। जनपद के समस्त खनन पट्टाधारकों, भण्डारण अनुज्ञप्तिधारियों, अनुज्ञा पत्र धारकों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त के दृष्टिगत खनिज की निकासी व परिवहन किसी भी दशा में न करें।

# पारिवारिक लाभ योजना के कोई भी प्रकरण लंबित न रहें : डीएम

विश्ववार्ता संवाददाता

» हाट कुक न मिलने पर वेतन रोकने के निर्देश

**हरदोई** शुक्रवार को डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने विवेकानंद सभागार में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक की। डीएम ने कहा कि 17 जनवरी को होने वाले सामूहिक विवाह की तैयारियां प्रारम्भ कर दी जाएं।पारिवारिक लाभ योजना का कोई भी प्रकरण लंबित न रखा जाये।वृद्धाश्रम का कोई भी भुगतान लंबित न रखा जाये।दिव्यांग कल्याण विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि पात्र दिव्यांगों को उपकरण वितरण के लिए कार्रवाई की जाये।

दिव्यांगों के लिए शादी विवाह प्रोत्साहन योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। पात्र लाभार्थियों को नियमानुसार वर-वधू में से एक दिव्यांग होने पर 20 हजार व दोनों दिव्यांग होने पर 35 हजार की धनराशि उपलब्ध करायी जाये।कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत पात्र बालिकाओं को आच्छादित किया जाये। प्रत्येक हॉस्पिटल में पम्पलेट लगवाए जाएं।जिसमें कोटेदारों, आँगनबाड़ी और आशाओं का सहयोग लिया जाये।पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग पात्र कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर सीसीसी का प्रमाण पत्र दिलाये।

बाल विकास पुष्टाहर विभाग पोषाहार उत्पादन की प्रगति बढ़ाकर बैकलॉग पूरा करे। तथा सभी आँगनबाड़ी केंद्रों पर केवल स्टील के बर्तन ही ख़रीदे जाएं।अन्यथा की स्तिथि में सीडीपीओ की जवाबदेही तय की जाएगी।

# प्रधानाध्यापक के साथ ही प्रधानों को दिए बच्चों को पढ़ाने के टिप्स

विश्ववार्ता संवाददाता

» शिक्षक नेताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष का किया स्वागत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र के परिसर में शुक्रवार को बेसिक शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान के तहत हलिया विकास खंड के ग्राम प्रधानन व स्थानीय प्राधिकारी एवं प्रधानाध्यापक का एक दिवसीय कार्याशाला तथा उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी हलिया डॉक्टर राजीव कुमार शर्मा ने मां वीणा वादिनि के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र यादव द्वारा माल्यार्पण कर तथा बैज अलंकृत कर मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी का स्वागत किया गया। सभी उपस्थित ग्राम प्रधान गण का एकेडमिक टीम द्वारा माल्यार्पण एवं बैज अलंकृत करके किया गया।शिक्षक नेताओं में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ व उत्तर प्रादेशिक के ब्लॉक अध्यक्ष कौशल सिंह व पदाधिकारी का भी माल्यार्पण से स्वागत किया गया। विकास खंड के ग्राम प्रधान, प्रधानाध्यापक, सहायक शिक्षक, सैकड़ों अभिभावक गण के साथ छात्रों की सहभागिता रही।व्याख्यान बिंदुओं में डीबीटी पर निपुण भारत मिशन तथा बालिका शिक्षा व द्वारा ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले सहयोग एवं कार्यो पर प्रकाश डाला गया।

इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र यादव, कौशल सिंह, गजेंद्र बहादुर प्रताप सिंह, अजीत यादव, दिवाकर द्विवेदी, आंनद सिंहआदि मौजूद रहे।

# दो जनवरी को आयोजित होगा कृषक मेला : डीएम

**हरदोई।** शुक्रवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने उप निदेशक कृषि,जिला कृषि अधिकारी,जिला उद्यान अधिकारी,मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र से कहा है कि मा0 विधायक बिलग्राम मल्लावां आशीष सिंह आशू के पत्र के अनुसार अमर लोकतंत्र सेनानी स्व0 शिवराज सिंह की छठी पूण्य तिथि पर 02 जनवरी को उनकी विधान सभा क्षेत्र के जूनियर हाईस्कूल मल्लावां में विशाल कृषक मेले का आयोजन किया जायेगा।जिसमें किसानों को सब्जी बीज का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। जिलाधिकारी ने उक्त अधिकारियों को निर्देश दिये है कि विशाल कृषक मेले में अपनी टीम के साथ प्रतिभाग कर मेले में आने वाले किसानों को प्रदेश एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित करायें।

# ग्राम पंचायत में लगी चौपाल, सुनीं समस्याएं

## पेंशन, आवास और किसान सम्मान निधि से संबंधित आईं शिकायतें

विश्ववार्ता संवाददाता



गांव लोगो की समस्याएं सुनते अधिकारी

» एडीओ एसटी ने मांगो को पूरा करने का दिया आश्वासन

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत पटपरा व फुलियारी में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी व एडीओ आईएसबी ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया है।

ग्राम चौपाल में पेंशन, आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय की मांग ग्रामीणों ने रखी ग्राम पंचायत पटपरा में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी मनोहर लाल ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना जिसमें पेंशन, आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय की मांग ग्रामीणों ने रखी जिसमें एडीओ एसटी ने मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत फुलियारी में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ आईएसबी हरिओम बिंद ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जिसमें पेंशन, आवास, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, शौचालय की मांग को ग्रामीणों ने रखी जिसमे एडीओ आईएसबी ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का भरोसा दिया है। ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यों का एडीओ ने स्थलीय निरीक्षण किया।

इस संबंध में एडीओ एसटी ने बताया की ग्राम पंचायत पटपरा व फुलियारी में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, शौचालय की मांग को रखा।

# ग्राम चौपाल में सीडीओ ने सुनीं समस्याएं

विश्ववार्ता संवाददाता




**बाबन हरदोई ।** शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी द्वारा उ0प्रा0 विद्यालय,मुजाहिदपुर ब्लाक बावन में ग्रामीण चौपाल बेहटी ब्लाक बावन तथा प्राथमिक विद्यालय पिरोजापुर ब्लाक बावन का निरीक्षण किया गया। उ0प्रा0 विद्यालय मुजाहिदपुर ब्लाक बावन में टी.एल.एम. कक्ष में बच्चों द्वारा बनाये प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया । बच्चों द्वारा प्रदर्शनी के माध्यम से काकोरी काण्ड का बड़ा सुरूचि पूर्ण ढंग से वर्णन किए गया। इसके अतिरिक्त भारत के विभिन्न राज्यों, गणित,विज्ञान साइंस के विभिन्न प्रोजेक्ट का प्रर्दशन किया गया।

परिषदीय विद्यालयों में उच्च प्रतिभा के धनी बच्चों को देखकर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी साथ शिक्षकों की सराहना की गयी। इसके उपरान्त सीडीओ द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय नन्दापुरवा मजरा बेहटी के परिसर में आयोजित ग्रामीण चौपाल में प्रतिभाग कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया व उनके निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

चौपाल कार्यक्रम में अधिकतर लोगों द्वारा सम्पर्क मार्ग जल निकासी एवं नाली खण्डंजा न बनाये जाने, ग्राम में सोलर लाईट खराब होने,हैण्डपम्प खराब होने की शिकायत की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव को पंचायती राज एक्ट के सुसंगत प्राविधानों के अन्तर्गत नोटिस जारी कर कार्यवाही कराने के निर्देश दिये।

कुछ ग्राम वासियों द्वारा विद्युत बिल अधिक आने की शिकायत की गयी जिस पर उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण हरदोई को कैम्प लगाकर बिल ठीक करने के निर्देश दिये।इसके अतिरिक्त ग्रामीणों द्वारा वृद्धावस्था पेंशन बनाये जाने, उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया।

आयोजन | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय पीजी कालेज में चल रहा है शिविर

# प्रशिक्षण शिविर में क्विज व निबंध प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

विश्ववार्ता संवाददाता

**चुनार(मिर्जापुर)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय पीजी कालेज में रोवर्स रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन रोवरध्रेंजर्स को ध्वज शिष्टाचार, कलर पार्टी निर्माण, गांठ फांस बंधन, टेंट की जानकारी, बैज की जानकारी, कब बुलबुल, स्काउट गाइड एवं रोवर्स रेंजर्स की जानकारी के साथ साथ क्विज प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रशिक्षण शिविर में प्राचार्य प्रो डॉ माधवी शुक्ला, पूर्व प्राचार्य डॉ राम निहोर, रोवर प्रभारी डॉ0 रजनीश, रेंजर प्रभारी डॉ0 शिखा तिवारी,डॉ0 कुसुम लता, डॉ0 देव कुमार, डॉ अरुणेश कुमार, डॉ0 शेफालिका राय, डॉ0 अवधेश सिंह, डॉ0 राजेश कुमार दुबे, डॉ0 शैलेन्द्र कुमार, डॉव विद्या सिंह शिविर प्रशिक्षक मुकेश कुमार सिंह, प्रदीप कुमार मौर्य,संगीता विश्वकर्माजिला संगठन स्काउट गाइड मिर्जापुरके साथ साथ अधिक संख्या में रोवर रेंजर ने शिविर में प्रतिभाग किया।



एनयूजे यूपी की दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी बैठक आज से

चुनार (मिर्जापुर)।नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट्स उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 21-22 दिसंबर को चुनार में आयोजित है। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। संगठन के जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि जिला इकाई द्वारा संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक बाला जी वाटिका, रामबाग, चुनार में आयोजित किया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्षध्पूर्व सूचना आयुक्त उ0प्र0 वीरेंद्र सक्सेना, प्रदेश महामंत्री संतोष भगवन, कोषाध्यक्ष अनुपम चौहान सहित प्रदेश पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, जिलों के अध्यक्ष एवं महामंत्री प्रतिभाग करेंगे। बैठक में प्रादेशिक संरक्षकध्सलाहकार के0 बक्स सिंह, राष्ट्रीय महामंत्रीध्संपादक राज एक्सप्रेस भोपाल प्रदीप तिवारी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रमोद गोस्वामी एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डा0 अरविंद सिंह बैठक में प्रतिभाग करेंगे।

श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिला महामंत्री, जिला पदाधिकारियों, तहसील अध्यक्षों के साथ चार टीमें बनाई गई हैं जो अपनी तय जिम्मेदारी के स्थान पर कार्य करेंगी। रविवार को तीन सत्र में बैठक होगी जिसमें प्रदेश संगठन और जिला इकाइयों के कार्यों की समीक्षा और संगठन के भावी रणनीति पर चर्चा होगी। इस मौके पर शंकर शर्मा शिवा, विजय कुमार सिंह, कविंद्र साहू, जितेंद्र श्रीवास्तव, गोपीनाथ मिश्रा, बसंत लाल, अनिल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### ऋचा घोष ने महज 18 गेंदों पर जड़ा पचासा



**मुबंई।** वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी 20 मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऋचा घोष ने महज 18 गेंदों पर पचासा जड़कर सनसनी मचा दी। स्टार ओपनर स्मृति मंधाना ने भी 77 रनों की शानदार पारी खेली और भारत ने वेस्टइंडीज को 60 रनों से हराकर 2-1 से सीरीज अपने नाम किया। ऋचा घोष ने 18 गेंद पर अर्धशतक जड़कर बड़ा कीर्तिमान रच दिया। वो महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज फिफ्टी जड़ने वाली खिलाड़ी बन गईं हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की फोबे लिचफील्ड और न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन की बराबरी कर ली है। वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की ये जीत ऐतिहासिक है क्योंकि महिला टीम ने 5 सालों के लंबे इंतजार के बाद अपने घर पर टी 20 सीरीज अपने नाम किया है। स्मृति मंधाना की अगुवाई में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कोरबोर्ड पर 217 रनों का पहाड़ खड़ा किया। महिला क्रिकेट में ये भारत का सर्वाधिक टी 20 स्कोर है। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर सिर्फ 157 रन बना सकी और भारत ने आसानी से ये मुकाबला जीत लिया।

### ऑस्ट्रेलिया ने सैम कोंस्टास को टीम में किया शामिल

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के शेष दो टेस्ट मैचों के लिए अनकैप्ड सैम कोंस्टास को टीम में जगह दी हैं। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने मेलबर्न और सिडनी टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। अंतिम दो टेस्ट मैचों के लिए अनकैप्ड ओपनर सैम कोंस्टास को टीम शामिल किया है। इसके अलावा तेज गेंदबाज जाय रिचर्डसन को चोटिल जॉश हेजलवुड की जगह टीम में वापस बुलाया गया है। जसप्रीत बुमराह समेत अन्य भारतीय गेंदबाजो के खिलाफ संघर्ष कर रहे सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी को टीम से बाहर कर दिया गया है।चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा, "इस टीम के पास अपनी प्लेइंग एकादश को सही तरीके से संतुलित करने के लिए पर्याप्त विकल्प हैं। सैम को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

### स्कूल स्तर पर बेसिक कोच की आवश्यकता : खडसे

**नयी दिल्ली।** युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने शुक्रवार को कहा कि खेलो इंडिया मुहिम की कीर्ति योजना के जरिए देश से खेल प्रतिभाओं को तलाश और निखारा जा रहा है तथा स्कूलों में बेसिक स्तर पर कोच की आवश्यकता महसूस की जा रही है। श्रीमती खडसे ने यहां संवददाता सम्मेलन में कहा स्कूलों में पहले से ही खेल को एक विषय के रूप में पढ़ाया जा रहा है और वहां से व्यापक स्तर पर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने खेलों इंडिया मुहिम के तहत विद्यालयों को कार्यक्रम तैयार करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि स्कूल स्तर पर बेसिक कोच की आवश्यकता है और इसके लिए तैयार की जा रही है। राज्यों में जिला स्तर पर जानकारी मांगी गयी है।

### अंपायर के फैसले का विरोध करने के लिए लगा जुर्माना

**दुबई।** अफगानिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी पर हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे वनडे के दौरान अंपायर के फैसले का विरोध करने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। फारूकी पर आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया।

# पाक ने द. अफ्रीका को व बांग्लादेश ने विंडीज को हराया

» बांग्लादेश ने टी-20 में विंडीज का किया क्लीन स्वीप

» वन डे में पाक ने द. अफ्रीका पर 2-0 से बनाई बढ़त

एजेंसी

**केपटाउन/किंग्सटाउन।** कप्तान मोहम्मद रिजवान (80), बाबर आजम (73) और कामरान गुलाम (63) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद शाहीन शाह अफरीदी (चार विकेट) तथा नसीम शाह (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 81 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है जबकि जाकेर अली (नाबाद 72), परवेज हुसैन इमॉन (39) की शानदार बल्लेबाजी के बाद रिशाद हुसैन (तीन विकेट), तसकीन अहमद और महेद हसन (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 80 रनों से शिकस्त देते हुए तीन मैचों की टी-20 सीरीज में क्लीन स्विप कर दिया।

पाकिस्तान के 329 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान तेम्बा बवूमा और टोनी डीजॉर्जी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 34 रन जोड़े। छठे ओवर में नसीम शाह ने तेम्बा बवूमा (12) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 12वें ओवर में अबरार अहमद ने डीजॉर्जी (34) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरा झटका दिया। रासी वान दर दुसें (23), एडन मारक्रम (21) और डेविड मिलर (29) रन बनाकर आउट हुई। हाइनरिक क्लासन ने 74 गेंदों में आठ चौकों और



दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज को आउट करने के बाद जश्न मनाना पाकिस्तानी खिलाड़ी

चार छक्को की मदद से (94) रनों की पारी खेली। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 43.1 ओवर में 248 रन पर सिमट गई। कामरान गुलाम को उनकी आतिशी बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी ने चार विकेट तथा नसीम शाह ने तीन विकेट लिये। अबरार अहमद को दो विकेट मिले। आगा सलमान ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले कल देर रात खेले गये मुकाबले में पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 330 रनों का लक्ष्य दिया था। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में अब्दुल्लाह शफीक (पांच) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाज करने आये बाबर आजम ने सईम अयूब के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में वेना मफाका ने सईम अयूब (25) को आउट कर पाकिस्तान को दूसरा झटका दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान मोहम्मद रिजवान ने बाबर आजम के साथ तीसरे विकेट के लिये 115 रनों की साझेदारी की। तीसरे विकेट के रूप में बाबर आजम (73) रन बनाकर आउट हुये। आगा सलमान (33), इरफान खान (15) और शाहीन शाह अफरीदी (16) रन बनाकर आउट हुये। मोहम्मद रिजवान ने 82 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए (80) रन बनाये। वही कामरान गुलाम ने 32 गेंदों में चार चौक और पांच छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में (63) रनों की पारी खेली। पाकिस्तान की टीम निर्धारित 50 ओवरों में 329 रन बनाये। वेना मफाका ने चार विकेट लिये।

किंग्सटाउन में कल देर रात खेले गये मैच में बांग्लादेश के 189 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 60 के स्कोर तक लगातार अपने छह विकेट खो दिये। ब्रैंडन किंग (शून्य), जस्टिन ग्रीव्स (छह), निकोलस पूरन(15), रॉस्टन चेज (शून्य) कप्तान रोवमन पॉवेल (दो) और जॉनसन चार्ल्स (23) रन बनाकर आउट हुए।

# मुकेश को कार्लसन की चुनौती मंजूर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चीन के डिंग लिरेन को हराकर शतरंज के सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बने चेन्नई के डी. गुकेश (18) नई चुनौती के लिए तैयार हैं। उनका मैच 26 मई से 6 जून के बीच नॉर्वे में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी व 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्लसन से होगा। गुकेश के चैंपियन बनने के बाद कार्लसन ने कहा था कि वो वर्ल्ड चैंपियन में नहीं खेलते। वहां उन्हें हराने वाला कोई नहीं है। जब भास्कर ने गुकेश से पूछा तो उन्होंने कहा कि वे सर्वश्रेष्ठ हैं, लेकिन, मौका मिला तो उनके सामने बिसात पर खुद को परख लूंगा। लिरेन की वो कौन सी चाल थी, जिससे आपको जीत का यकीन हो गया?

एक चाल कैसे गेम बिगाड़ सकती है। लिरेन की एक चाल से मैं हैरान था, क्योंकि इसकी उम्मीद नहीं थी। फिर खुद को संभालने के लिए मैंने एक घूंट पानी





पिया। सांस ली और खुद को शांत किया। फिर ध्यान से चेसबोर्ड देखा कि कहीं कोई गलती तो नहीं हो रही। इसके बाद मैच जीतने वाली चालों को दिमाग में सेट किया। थोड़ी देर में मुझे लगा कि अब खेल खत्म करने का समय आ गया है। आपके लिए परिवार ने सबकुछ दांव पर लगाया। क्या वो संघर्ष याद है?

मैं उन्हें कैसे भूल सकता हूं। वो ही दिन थे, जिन्होंने मुझे चेसबोर्ड से नजर नहीं हटाने दी। जब भी नजर हटाने की कोशिश करता, माता-पिता के संघर्ष के पल याद आ जाते। एक वक्त उम्मीदों के बहुत ज्यादा दबाव ने मेरे खेल पर भी असर डाला। वो 2023 की शुरुआत के दिन थे। इसलिए मैंने तय किया है कि बस सीखते रहना है, खुद में सुधार करना है। इसी लाइन पर आगे बढ़ा और घर के सपोर्ट से दबाव से बाहर आया। कभी-कभी उम्मीदों का दबाव आपका लक्ष्य बदल सकता है, इसलिए सही समय पर इससे बाहर आना ही ठीक है।

### द. अफ्रीका ने अंडर-19 महिला टीम की घोषित

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका ने मलेशिया में अगले महीने होने वाले अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप 2025 के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। दक्षिण अफ्रीका ने 18 जनवरी 2025 से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए टीम की कमान ऑलराउंडर कायला रेनेके को सौंपी है। टीम में अनुभवी लेग स्पिनर सेशनी नायडू और विकेटकीपर कराबो मेसो को जगह दी हैं। नायडू ने आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2024 से पहले पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में पदार्पण किया। हालांकि उन्हें संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल किया गया था। लेकिन वह किसी भी मैच में नहीं खेली। वहीं मेसो ने मार्च की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। टीम चयन को लेकर मुख्य कोच दिनेश देवनारायण ने कहा, "यह टीम उस भूख और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है जो हमने पिछले 18 महीनों की किया है।

# भारत करेगा पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी

एजेंसी



» सभी मुकाबले राजधानी के जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम में होंगे

**नयी दिल्ली।** अगले वर्ष पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी भारत करेगा। वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स (डब्ल्यूपीए) ने विश्व चैम्पियनशिप के आयोजन की मेजबानी भारत को दिये जाने की घोषणा की है।

डब्ल्यूपीए ने कहा कि पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप के सभी मुकाबले राजधानी के जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम में 26 सितंबर से पांच अक्टूबर तक आयोजित किये जायेंगे। यह पहली बार होगा जब भारत में इस तरह वैश्विक खेल चैंपियनशिप का आयोजन करेगा। डब्ल्यूपीए के प्रमुख पॉल फिट्जगेराल्ड ने कहा, "हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि लॉस एंजिल्स 2028 की ओर नए पैरालंपिक चक्र की पहली प्रमुख चैंपियनशिप नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2025 भारत में होने वाला अब तक का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय पैरा खेल आयोजन होगा, जो हमारे खेल, हमारे खेलप्रेमियों का आधार बढ़ाने और दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में दिव्यांग लोगों के बारे में समाज की धारणा को प्रभावित करने का एक बड़ा मौका होगा।

### ऊर्जा मेला युवाओं में नवोन्मेष व जिम्मेदारी को देगा बढ़ावा

**नयी दिल्ली।** देश में ऊर्जा क्षेत्र की अग्रणी निजी कंपनी टाटा पावर ने आज कहा कि राष्ट्रीय ऊर्जा मेला युवाओं में नवोन्मेष और ज़म्मिेदारी की भावना को बढ़ावा देने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। टाटा पावर ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय ऊर्जा मेला 2024 का आयोजन किया, जिसमें देश भर के 10 राज्यों के 150 स्कूलों के 1000 से अधिक छात्र और शिक्षक नवोन्मेष और वहनीयता के लिए एकजुट हुए। इस मौके पर टाटा पावर के सीएचआरओ और सस्टेनेबिलिटी तथा सीएसआर प्रमुख हिमाल तिवारी ने कहा, वहनीयता जागरूकता से शुरू होती है और राष्ट्रीय ऊर्जा मेला युवाओं में नवोन्मेष और ज़म्मिेदारी की भावना को बढ़ावा देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# पांचवें दिन भी शेयर बाजार ने लगाया गोता

» पांच दिनों मे सेंसेक्स ने 4092 और निफ्टी ने 1181 अंक की लगाई डुबकी

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के संभावित निर्णय को लेकर जारी अटकलें और अंततः फेड के अगले वर्ष ब्याज दर में कटौती के पूर्वानुमान को वापस लेने के फैसले से निराश निवेशकों की स्थानीय स्तर पर लगातार जारी बिकवाली के दबाव में इस सप्ताह लगातार पांच कारोबारी दिवस में सेंसेक्स करीब 4092 अंक और निफ्टी 1181 अंक लुढ़क गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स बीते सप्ताह अंतिम कारोबारी दिवस को 843.16 अंक की छलांग लगाकर 82,133.12 अंक पर



पहुंचा लेकिन इस सप्ताह सोमवार को यह 384.55 अंक का गोता लगाकर 81,748.57 अंक, मंगलवार को 1064.12 अंक टूटकर 80,684.45 अंक, बुधवार को 502.25 अंक लुढ़ककर 80,182.20 अंक, गुरुवार को 964.15 अंक की गिरावट लेकर 79,218.05 अंक और शुक्रवार को यानी आज 1176.46 अंक अर्थात 1.49 प्रतिशत कमजोर होकर एक माह के निचले स्तर 78,041.59 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी सोमवार से लगातार गिरता हुआ आज शुक्रवार को 364.20 अंक यानी 1.52 प्रतिशत का गोता लगाकर 23,587.50 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह शुक्रवार को मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 2.43 प्रतिशत की गिरावट लेकर 46,226.50 अंक और स्मॉलकैप 2.11 प्रतिशत टूटकर 55,149.22 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4085 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2950 में बिकवाली जबकि 1045 में लिवाली हुई वहीं 90 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 45 कंपनियों में गिरावट जबकि अन्य पांच में तेजी रही। विश्लेषकों के अनुसार, फेडरल रिजर्व ने वर्ष 2025 में केवल दो तिमाही में ब्याज दर में कटौती की उम्मीद जताई है।

### बिहार में 423 कंपनियां करेंगी निवेश

**पटना।** बिहार सरकार की औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन, क्षेत्र विशेष, स्टार्टअप एवं निर्यात प्रोत्साहन समेत अन्य निवेशक फ्रेंडली नीतियों की बदौलत राज्य में निवेशकों की लगातार बढ़ रही रुचि से इस बार के वैश्विक निवेशक सम्मेलन बिज़नेस कनेक्ट में अलग-अलग क्षेत्र की 423 कंपनियों ने एक लाख 80 हजार 899 करोड़ रुपये के सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 के शुक्रवार को समापन के मौक़े पर अलग-अलग क्षेत्र की 423 कंपनियों ने राज्य में एक लाख 80 हजार 899 करोड़ रुपये का निवेश करने को सहमत हुए। एमओयू पर हस्ताक्षर करने वाली प्रमुख कंपनियों में सन पेट्रोकेमिकल्स, एनएचपीसी, भारत पेट्रोलियम, एसएलएमजी बेवरेजेज, श्री सीमेंट एवं हल्दीराम स्नैक्स शामिल हैं।

# अडानी समूह बिहार में करेगा ₹ 27900 करोड़ का निवेश

» प्री-कमीशनिंग चरण में कम से कम 12,000 नौकरियां के अवसर होंगे सृजित

एजेंसी

**पटना।** उद्योगपति गौतम अदाणी का ऊर्जा समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाला देश का अग्रणी अदाणी समूह की बिहार में अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल ताप विद्युत संयंत्र स्थापित करने के लिए 20 हजार करोड़ रुपये समेत कुल 27 हजार 900 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना है।

अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के निदेशक प्रणव अदाणी ने राजधानी पटना में आयोजित दो दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन 'बिहार बिजनेस कनेक्ट-2024 में शुक्रवार को बिहार में कुल 27 हजार 900 करोड़ रुपये निवेश की योजना का उल्लेख करते हुए कहा, "हम बिहार के ऊर्जा क्षेत्र में भी निवेश के अवसर तलाश रहे हैं। हमारी योजना अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने के लिए लगभग 20,000 करोड़ रुपये निवेश करने की है। हमें उम्मीद है कि इस तरह की विशाल परियोजना से प्री-कमीशनिंग चरण में कम से कम 12,000 नौकरियां और परिचालन चरण के दौरान लगभग 1,500 कुशल नौकरियों के अवसर सृजित होंगे। अदाणी ने कहा कि तीन क्षेत्रों, लॉजिस्टिक्स, गैस वितरण और कृषि-लॉजिस्टिक्स में हमने पहले ही लगभग 850 करोड़ रुपये का निवेश किया है और लगभग 25,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी सृजित किए हैं।

### विदेशी मुद्रा भंडार 1.99 घटकर 652.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में आई गिरावट से 13 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.99 अरब डॉलर घटकर 652.9 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.24 अरब डॉलर लुढ़ककर 654.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 13 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.1 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 562.6 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.12 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 68.1 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 3.5 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18 अरब डॉलर रह गया।

## फिल्म पुष्पा 2 द रूल की बॉक्स ऑफिस पर धूम



दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2 द रूल' ने वर्ल्डवाइड ग्रॉस 1508 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2 द रूल' ने सिनेमाघरों में अपने दो हफ्ते पूरे कर लिए हैं, बावजूद इसके फिल्म की रफ्तार नहीं थमी है। इसके साथ ही पुष्पा 2 लगातार बॉक्स ऑफिस पर अन्य बड़ी फिल्मों को पछाड़ते हुए रोज दमदार कमाई कर रही है, साथ ही नए रिकॉर्ड भी बना रही है। 'पुष्पा 2 द रूल' घरेलू बॉक्स ऑफिस के साथ दुनियाभर में रिकॉर्डतोड़ कमाई कर रही है।सुकुमार के निर्देशन में बनी पुष्पा 2 इसी साल 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में काफी धांसू कमाई कर रही है।अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' ने वर्ल्डवाइड 1508 करोड़ रुपये की कमाई करके धमाल मचा दिया है। माइथ्री मूवी मेकर्स ने सोशल मीडिया पर लिखा,व्यावसायिक सिनेमा को पुनर्परिभाषित किया गया।बॉक्स ऑफिस पर रचा इतिहास।#पुष्पा2 द रूल ने दुनिया भर में 1508 करोड़ की कमाई की। पुष्पा : द राइज के सीक्वल पुष्पा 2 : द रूल में अल्लू अर्जुन पुष्पा राज की भूमिका में और रश्मिका मंदाना श्रीवल्ली की भूमिका में वापस आ गयी हैं। इस फिल्म में फहाद फासिल की भी अहम भूमिका है।इस फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स ने किया है और इसका संगीत टी-सीरीज ने दिया है।

## अर्जुन और माही का लोकगीत 'चंचल बसंती' रिलीज




गायक अर्जुन पांडेय और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव,का लोकगीत 'चंचल बसंती' रिलीज हो गया है। भोजपुरी लोकगीत 'चंचल बसंती' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी ने अपने ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया है। इस गाने के वीडियो में माही श्रीवास्तव नजर आ रही है। निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा कि यह गाना बहुत ही बेहतरीन तरीके से बनाया गया है. जो दर्शकों के बीच खूबसूरत पॉपुलर हो गया है। इस गाने में अर्जुन पांडेय की आवाज एक दम परफेक्ट बैठ रही है, जिससे गाने में चार चाद लग गए है। इसके साथ ही गाने में माही का नया अवतार भी लोगो को खूब भा रहा है है। आप सभी का तहेदिल से धन्यवाद जो आपने गाने को इतना प्यार दिया। अर्जुन पांडेय ने कहा कि चंचल बसंती सांग को गाने में मुझे बहुत मजा आया क्योंकि ये गाना मस्ती से भरपूर है। इस गाने को मुझे जब कहा गया गाने के लिए तो मैंने झट बसे हाँ कर दी थी। क्योंकि गाना है ही बहुत शानदार। ये गाना मुझे देने के लिए रत्नाकर सर का बहुत बहुत धन्यवाद।

## धूम मचाने के लिये तैयार हैं किआरा आडवाणी





बॉलीवुड अभिनेत्री किआरा आडवाणी अपनी वर्सेटिलिटी और स्टार पावर को दिखाते हुए आने वाली फिल्मों की ऍक प्रभावशाली लाइन-अप के साथ दर्शकों को चकित करने के लिए तैयार हैं। वर्ष 2025 में रिलीज़ के लिए निर्धारित, फ़ल्मि गेम चेंजर प्रशंसित एस. शंकर द्वारा निर्देशित है। इस फिल्म में किआरा राम चरण के साथ हैं, जो एक डायनामिक ऑन-स्क्रीन जोड़ी का वादा करता है। शंकर के दूरदर्शी निर्देशन के साथ, फ़ल्मि "गेम चेंजर" किआरा के करियर में एक प्रमुख आकर्षण होने की उम्मीद है।एक और दिलचस्प प्रोजेक्ट टॉक्सिक है, जो दर्शकों के लिए एक फेरीटेल है, जिसे गीतू मोहनदास ने लिखा और निर्देशित किया है। किआरा इस फिल्म में यश के साथ स्क्रीन साझा करेंगी, जो उनके विविध पोर्टफोलियो में उत्साह की एक और परत जोड़ देगा। अयान मुखर्जी की ब्लॉकबस्टर वॉर की महत्वाकांक्षी सीक्वल में ऋतिक रोशन और किआरा आडवाणी एक साथ नज़र आएंगे। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस और मनोरंजक ड्रामा देने का वादा करती है, जो किआरा की एक डायनामिक और पावरहाउस कलाकार के रूप में स्थिति को और मजबूत करती है।

किआरा इस फिल्म में यश के साथ स्क्रीन साझा करेंगी

## सीआईडी के नए एपिसोड होंगे रोमांचक



जानेमाने चरित्र अभिनेता शिवाजी साटम का कहना है कि सीआईडी के नए एपिसोड काफी रोमांचक होंगे, जिनमें नई और विविधतापूर्ण कहानियां दर्शकों को देखने को मिलेगी। 'सीआईडी 21 दिसंबर 2024 से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर शानदार वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार है, और यह हर शनिवार-रविवार रात 10 बजे प्रसारित होगा। शिवाजी साटम (एसीपी प्रद्युमन), दयानंद शेट्टी (दया), और आदित्य श्रीवास्तव (अभिजीत) प्रशंसकों के पसंदीदा इस ड्रामा में अपनी भूमिकाएं दोहराएंगे। अभिनेता शिवाजी साटम (एसीपी प्रद्युमन) ने शो में लौटने और दर्शकों के साथ फिर से जुड़ने के उत्साह के बारे में बात की, और बताया कि नए सीज़न में पुरानी यादों का मिक्स और नए, आकर्षक मामलों के साथ ही बहुत कुछ होगा। उन्होंने कहा,नए एपिसोड काफी रोमांचक होंगे, जिनमें नई और विविधतापूर्ण कहानियां होंगी। उनमें जांच करने की आधुनिक तकनीकों को शामिल किया जाएगा, जिससे दर्शकों के लिए केस और किरदारों के सामने आने वाली चुनौतियों से कनेक्ट कर पाना आसान हो जाएगा। शिवाजी साटम ने कहा,शो की मूल भावना वही रहेगी, लेकिन इसे ज़्यादा दिलचस्प और अपडेट तरीके से पेश किया जाएगा। इतने सालों के बाद, उसी पुराने चश्मे के साथ शो को पेश करना समझदारी भरा फैसला नहीं होता, खासकर तब जब दर्शकों की उम्मीदें बढ़ गई हों। आप जैसे लोग जिन्होंने बचपन में सीआईडी देखा था, और कॉलेज और उसके बाद भी इसे उतना ही पसंद किया, शो के प्रति उनका प्यार हमेशा बना रहेगा। अब, उम्मीदें और भी ज़्यादा बढ़ गई हैं, और हमारा लक्ष्य उन उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरना है।

## टेलीविज़न के सेलिब्रिटी मास्टरशेफ में गौरव खन्ना और तेजस्वी प्रकाश



मुंबई। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के शो मास्टरशेफ इंडिया में गौरव खन्ना और तेजस्वी प्रकाश नजर आयेगी। बहुप्रतीक्षित फ़ॉर्मेट - मास्टरशेफ इंडिया, इस सीज़न में पहले से कहीं अधिक रोमांचक होने का वादा करता है, क्योंकि अब यह 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ - अब उन सबकी सीटी बजेगी के रूप में लौट रहा है। सोनी चैनल ने सेलिब्रिटी प्रतियोगियों के लाजवाब लाइनअप को शामिल किया है, जो अपने कुकिंग के कौशल की परीक्षा देने और कुछ साबित करने के लिए तैयार हैं। अनुज कपाड़िया की भूमिका में एक दैनिक फिक्शन शो में दर्शकों का दिल जीतने वाले, गौरव खन्ना टेलीविज़न पर शानदार वापसी कर रहे हैं। इस बार वह अपनी रोमांटिक हीरो की छवि को बदलकर शेफ की हैट पहनने वाले हैं क्योंकि वह रोमांचक सेलिब्रिटी मास्टरशेफ में हिस्सा ले रहे हैं। गौरव का कुकिंग का सफर मुंबई में उनके बैचलर के संघर्षपूर्ण दिनों में शुरू हुआ था, जहां उन्होंने खाना पकाने के प्रति अपने जुनून के बारे में जाना था। समय के साथ, उन्होंने 'मुगलई व्यंजन बनाने की कला में महारत हासिल कर ली और दुनिया घूमने के दौरान अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों को बनाना भी सीखा।

## निर्माता प्रियंका दत्त को प्रशंसकों ने दी जन्मदिन की बधाई



जापान में प्रशंसकों ने कल्कि 2898 एडी के प्रीमियर पर निर्माता प्रियंका दत्त को जन्मदिन की हार्दिक बधाई देकर उन्हें सरप्राइज कर दिया। नाग अश्विन निर्देशित ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म कल्कि 2898 एडी जापान में रिलीज होने के लिए तैयार है। 19 दिसंबर को जापान में इसके विशेष प्रीमियर के दौरान कल्कि 2898 एडी को लेकर उत्साह चरम पर पहुंच गया। टोक्यो के प्रसिद्ध शिंजुकु पिकाडिली में आयोजित इस कार्यक्रम ने अप्रत्याशित रूप से एक सुखद मोड़ ले लिया, जब जापानी प्रशंसकों ने फिल्म की निर्माता प्रियंका दत्त के लिए एक सरप्राइज बर्थडे सेलिब्रेशन का आयोजन किया, जो निर्देशक नाग अश्विन के साथ दर्शकों में मौजूद थीं।जैसे ही स्क्रीनिंग खत्म हुई, पूरा थिएटर हैप्पी बर्थडे के जीवंत गायन से गूंज उठा। प्रशंसकों ने उत्साह से भरे हुए, एक साथ गाना गाया, और निर्देशक नाग अश्विन ने भीड़ के साथ मिलकर माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया।

## एक नजर

### पुरूष हैण्डबाल प्रतियोगिता 21 दिसम्बर को

अमेठी। जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी मो0 मोसर्रफ खॉ ने बताया कि वर्ष 2024-25 में आयोजित होने वाली पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरूष हैण्डबाल प्रतियोगिता हेतु जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि सीनियर पुरूष हैण्डबाल प्रतियोगिता का जिला स्तर ट्रायल्स अमेठी में 21 दिसम्बर एवं मण्डल स्तर ट्रायल्स अयोध्या में 22 दिसम्बर तथा क्षेत्रीय खेल कार्यालय बरेली में 28 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2024 तक प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उपरोक्त खेल का जिला स्तर चयन/ट्रायल्स 21 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे जनपद के डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा।

### रोजगार मेले का आयोजन 27 दिसम्बर को

अमेठी।जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज द्वारा 27 दिसम्बर को पूर्वान्ह 10 .30 बजे जनपद के राजकीय आई0टी0आई0 तिलोई में एक दिवसीय नि :शुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रोजगार में निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा जिसमें 12वीं, स्नातक तथा आई0 टी0 आई0 उत्तीर्ण एवं अन्य तकनीकी योग्यताधारक अभ्यर्थी रोजगार हेतु rojgaarsangam.up.gov.in पोर्टल पर अपना पंजीकरण करने के उपरान्त अपने योग्यता के अनुरुप इच्छुक, कम्पनी में आवेदन किया जा सकता है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी फोटो तथा बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते है, इस हेतु उन्हें कोई मार्ग व्यय देय नही होगा।

### 23 से 25 दिसम्बर तक होगा किसान मेला

अमेठी। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर विराट किसान मेला जनपद में 23 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक किसान सम्मान दिवस, मिलेट्स कार्यशाला एवं रबी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रबी उत्पादकता गोष्ठी के अवसर पर रबी 2023-24 एवं खरीफ-2024 में उत्कृष्ट उत्पादन प्राप्त करने वाले किसानों को सम्मानित करने के साथ ही कृषि विभाग द्वारा एक दिवसीय जनपद स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी, रंगोली, पेंन्टिग व सांस्कृतिक प्रतियोगिता, मिलेट्स रेसिपी एवं उपभोक्ता जागरूकता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

### समाधान दिवस का आयोजन 21 को गौरीगंज में

अमेठी। जनपद स्तरीय ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में दिनांक 21 दिसंबर, को गौरीगंज तहसील में आयोजित होगा एवं अमेठी तहसील में मुख्य विकास अधिकारी, मुसाफिरखाना तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा तिलोई तहसील में अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा।

### जानलेवा हमले के आरोपी को मिली जमानत

सुल्तानपुर। जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी अमेठी जिले के जगदीशपुर थाने के नसीराबाद गांव निवासी शिवकुमार सिंह ने अदालत में सरेंडर कर दिया। जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता रोहित अवस्थी व सरकारी वकील की बहस सुनने के बाद आरोपी को अंतरिम जमानत दे दी है। आरोपी की नियमित जमानत अर्जी पर शनिवाार को सुनवाई होगी। आरोप है कि 16 जून 2020 को गयानाथ यादव पर गांव के ही आरोपियों ने हॉकी, सरिया, असलहा व धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। उनको बचाने पहुंची शीला, अमरेश, देवपती, क्रांति और परिवार के कई अन्य लोगों को भी आरोपियों ने मारपीट कर चोटें पहुंचाई थी। गयानाथ के पुत्र रवींद्र कुमार की तहरीर पर आरोपी अमर सिंह, भोला सिंह, पप्पू सिंह व शिव कुमार सिंह के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज किया गया था।

### सपा अधिवक्ता प्रदेश सचिव ने जताया विरोध

सुल्तानपुर। समाजवादी अधिवक्ता सभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव अशोक सिंह बिसेन एडवोकेट ने कहा कि भारत रत्न संविधान निर्माता समतामूलक समाज के जनक डॉ भीम राव अम्बेडकर साहब के प्रति सरकार द्वारा सदन में अलोकतांत्रिक तरीके से टिप्पणी व लोकतंत्र संविधान की आस्था पर अमर्यादित भाषाओं के बयान ने दलित पिछड़े बुद्धिजीवी समाज को आहत करने वाले सिर्फ़ बाबा साहब का ही अपमान नहीं है बल्कि भारत रत्न संविधान निर्माता के साथ समतामूलक समाज के लोगों की भावनाएं भड़काए का काम किया देश के गृह मंत्री अमित शाह ने ऐसा करके धर्मनिरपेक्षता के साथ लोकतंत्र संविधान का अपमान करने का काम किया है इसके विरोध में कल 12बजे समाजवादी पार्टीअधिवक्ता सभा व सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव महासचिव सलाऊदीन प्रदेश सचिव अशोक सिंह बिसेन एडवोकेट के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा कर शांतपूर्ण प्रदर्शन करेंगे।

# सड़क पटरी के किनारे किया अतिक्रमण, बनाया गैस चेंबर

## बल्दीराय मुसाफिरखाना मार्ग पर दुर्घटना को दावत दे रहा निर्माण

विश्ववार्ता संवाददाता

**बल्दीराय -सुलतानपुर।** लोक निर्माण विभाग की सड़क में सटाकर ग्रीन गैस लिमिटेड द्वारा चेंबर का निर्माण करा दिया गया है चेंबर सड़क से ऊंचा होने के कारण आए दिन दुर्घटना का सबब बना रहता है।

पटरी पर अतिक्रमण के चलते आए दिन राहगीरों को गिरकर चोटिल होने की संभावना बढ़ गई हैबताते चलें कि देवरा मुसाफिरखाना मार्ग पर इसौली गांव के पास ग्रीन गैस लिमिटेड द्वारा सड़क की पटरी पर अतिक्रमण करके गैस का चेंबर बना दिया गया है।चेंबर का निर्माण कंपनी द्वारा सड़क में



एकदम सटा कर किया गया है ।

चेंबर की ऊंचाई सड़क से ऊंची की गई है।जिससे सड़क पर आने जाने वाले राहगीर गिरकर चोटिल होते है। एकतरफा मार्ग होने के कारण आमने सामने आने वाले वाहन पटरी पर बिना उतरे पार नही कर सकते।ऐसे में गैस कंपनी द्वारा मनमाने ढंग से निर्माण करके राहगीरों के लिए समस्या उत्पन्न कर दी है।यह समस्या इसौली से लेकर बहुरावां बाजार तक कई जगहों पर उत्पन्न हो गई है जिससे कुछ जानकारों का मानना है कि यह चेम्बर कुछ और किनारे होना चाहिए था।

इस संबंध में अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण खंड 03 आरएस आर्य ने बताया कि मेरे द्वारा कंपनी को चेंबर बनाने की अनुमति नहीं दी गई है।मामले को संज्ञान में लेते हुए गैस कंपनी को नोटिस निर्गत किया जा रहा है।जांच कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## जरूरतमंदों की सहायता कर मुस्कराने की वजह बनें

**फतेहपुर।** मानव सेवा की तरफ बढ़ते हुए कदम के रूप में युवा विकास समिति परिवार की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मलवां कस्बे पर नेकी की दीवार बनाई गई। जिसका शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने नेकी की दीवार पर कपडे टांग कर किया।

उन्होने संस्था की इस अनोखी पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह नेकी की दीवार समाज के गरीब और जरूरतमंदों के लिए एक वरदान साबित होगी। समाज के अग्रिम पंक्ति के लोगों का सहयोग बना रहे। इसी सोच के साथ इसकी शुरूआत की जा रही है क्योंकि गरीब व जरूरतमंदों की सेवा करने से कोई कमी नहीं आती है। प्रदेश अध्यक्ष श्री मिश्रा ने समाज के सभी वर्गों से यह अपील किया कि इस नेकी की दीवार के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे आकर किसी की मुस्कराने की वजह बने, क्योंकि रोये हुए को हंसाने से बड़ा पुण्य का काम इस धरा पर कोई नहीं है।

## कच्ची शराब व लहन किया बरामद

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुल्तानपुर।** आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी, सुल्तानपुर एवं उप आबकारी आयुक्त, अयोध्या प्रभार के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार तिवारी, के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-5 नेहा श्रीवास्तव तथा धनपतगंज थाना के उप निरीक्षक विजय कुमार गुप्ता मय स्टाफ की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र ५ बल्दीराय के चकरुपुर पीरो सरैया , मे दबिश दी गई। टीम द्वारा मौके पर 16 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुये 02 अभियोग पंजीकृत किया गया तथा मौके पर 400 किलोग्राम लहन को टीम द्वारा नष्ट किया गया। इसके पश्चात आबकारी निरीक्षक द्वारा क्षेत्र के अंतर्गत विदेशी मदिरा, देशी शराब तथा बियर की आबकारी दुकानों पर टेस्ट परचेज भी कराया गया ।

दुकानों पर मदिरा की बिक्री निर्धारित मूल्य पर होते पाई गई।



# अवैध आरा मशीन पर वन विभाग ने की कार्रवाई

विश्ववार्ता संवाददाता

**मोतिगरपुर(सुल्तानपुर)।** शुक्रवार को वन विभाग की टीम ने स्थानीय थाने के ग्राम भवानीपुर में अवैध आरा मशीन के संचालन का भंडाफोड़ किया। वनदरोगा कृष्णकांत और बीट प्रभारी रामलवट के नेतृत्व में की गई इस छापेमारी में गाँव निवासी हरिश्चंद्र विश्वकर्मा द्वारा अपने घर के परिसर में अवैध आरा मशीन स्थापित किए जाने का मामला सामने आया। बीट प्रभारी की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार वृहस्पतिवार को गश्त के दौरान वन विभाग की टीम ने यह पाया कि हरिश्चंद्र विश्वकर्मा ने चोरी-छिपे आरा मशीन का संचालन कर रखा था। मौके पर आरा मशीन के हुड़, प्लेट और निचला चक्का स्थापित पाया



गया, जो इसके अवैध संचालन का स्पष्ट संकेत दे रहा था। बीट प्रभारी रामलवट ने आरामशीन स्थापना एवं विनियमन नियमावली 1978 की धारा 3, 4, 7 और भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा-77 का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए मोतिगरपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष मोतिगरपुर प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि वन विभाग के बीट प्रभारी सेमरी रेंज रामलवट की शिकायत पर नामजद केस दर्ज किया गया है।

## खदान संचालक पर 49 लाख 50 हजार का जुर्माना

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह के निर्देश के क्रम में राजस्व विभाग व खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध खनन के खिलाफ संयुक्त रूप से छापेमारी की गई। अढ़ावल कंपोजिट वन के पट्टेधारक पर 49 लाख 50 हजार का जुर्माना लगाया गया और भविष्य में अवैध खनन न करने के निर्देश दिए गए।

गौरतलब है कि जिले में अवैध खनन की मिल रही शिकायतों के मद्देनजर डीएम रविन्द्र सिंह ने राजस्व व खनिज विभाग को निर्देशित किया कि समय-समय पर मौरंग खदानों में छापेमारी की जा जाए। निर्देशों पर अमल करते हुए संयुक्त टीम ने अढ़ावल कंपोजिट वन में छापेमारी की। जहां अवैध खनन पाया गया। अवैध खनन मिलने पर टीम ने 49 लाख 50 हजार रूपए का जुर्माना पट्टाधारक पर लगाया है। साथ ही जनपद के समस्त खनन पट्टा धारकों को कड़ी चेतावनी के साथ सचेत किया।

# एंबुलेंस को रास्ता दें अभियान का हुआ शुभारंभ

## कटका क्लब सामाजिक संस्था की ओर से हुआ आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुल्तानपुर।** कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संजय सिंह ने किया। इस मौके पर मुख्य वक्ता शिक्षक साहित्यकार सर्वेशकांत वर्मा ने बताया कि यातायात नियमों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। स्कूलों, कॉलेजों और ग्राहकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना और उसे बढ़ावा देने के साथ एंबुलेंस को रास्ता दें अभियान पर संस्था जोर दे रही है। संस्था के महामंत्री सूरज विश्वास ने बताया कि सड़क दुर्घटना रोकने में स्कूली बच्चों की भूमिका अहम है।

उन्होंने बच्चों से जिम्मेदार बनने और समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने का भी आह्वान किया।



फोटो कैप्शन

» सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता पैदा करना है उद्देश्य

कॉलेज के प्रधानाचार्य नवीन गुप्ता ने बताया है कि संस्था के द्वारा चलाए जा रहे अभियान सराहनीय है और मानवता के लिए मिसाल है। हम सभी का कर्तव्य है एंबुलेंस को रास्ता जरुर दें।

इस मौके पर उपस्थित संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा विनम्र ने आए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम लगातार महीने से चल रहा है।

# अमेठी स्टेशन पर 52 दिवसीय लंगर शुरू



फोटो कैप्शन

विश्ववार्ता संवाददाता

**अमेठी।** प्रकाश पर्व के अवसर पर रेलवे स्टेशन अमेठी पर श्री पटना साहिब जाने वाले यात्रियों के लिए 52दिवसीय लंगर का आयोजन शुरू हुआ।यह लंगर गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर आयोजन समिति के तत्वाधान में आठ सालों से लगातार किया जा रहा है। लंगर का शुभारंभ

» प्रकाश पर्व के अवसर पर किया जा रहा है आयोजन

भाजपा नेत्री रश्मि सिंह के हाथो शुरू हुआ उन्होंने यात्रियों को हलुआ बांटा।

सेवादार संजीव, अम्बरीष मिश्रा, गुरु मिंदर सिंह, रोहित, अजय , दिनेश सिंह , वीरेंद्र तिवारी आदि ने रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को लंगर वितरित किए।

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी चाणक्य पुरी मोहल्ले में गुरु साहब का प्रकाश हो गया हैगुरु ग्रंथ साहब के सहज पाठ के बाद शुक्रवार को बाबा मनोहर सिंह ने गुरु साहब को भोग लगाया।

## टूटी रेलिंग नहीं बनवा रहा है महकमा

**अमेठी।** बाजार शुकुल कस्बा के गायत्री चौराहा स्थित गेरावां रजबहा नहर पर बनी पुलिया की रेलिंग बीते कई माह से टूटी हुई है। जिससे गुजरने वाले रागीरों के दुर्घटना का खतरा बना हुआ है रेलिंग टूटने के चलते आए दिन राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इस बाबत ग्रामीणों ने तमाम शिकायतें भी दर्ज कराई हैं लेकिन विभाग सजग होने का नाम नहीं ले रहा है उसे महेश बड़ी दुर्घटना का इंतजार है। ग्रामीणों का कहना है कि टूटी हुई पुलिया की रेलिंग से कभी भी कोई अप्रिय दुर्घटना के घटने का अंदेशा बना हुआ है। कस्बा निवासी दुकानदार गिरधारी लाल मौर्या,अजय शर्मा,रामकुमार यादव,देशराज,रवि पाल,भवानी पाल,दीपक मौर्या,अंजनी पाण्डेय आदि ने सम्बंधित विभाग के जिम्मेदार से पुलिया की टूटी हुई रेलिंग को बनवाए जाने की मांग की है।

# पर्वों को संपन्न करवाने व बेहतर पुलिसिंग को लेकर दिया सम्मान

विश्ववार्ता संवाददाता

**फतेहपुर।** जनपद के साथ-साथ शहर में हिंदू मुस्लिम के समस्त पर्वों को पुलिस प्रशाशन द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से आपसी भाईचारे के साथ सम्पन्न करवाए जाने को लेकर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल सहित अन्य पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया।

सम्मान करने के उपरांत जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल व महामंत्री जितेंद्र सिंह यादव उर्फ सोनू, महामंत्री रिजवान डियर, जिला उपाध्यक्ष राजेश चौधरी व युवा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्त, शहर अध्यक्ष प्रमोद गुप्त ने संयुक्त रूप से जानकारी में बताया कि पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल की अगुवाई में व अपर पुलिस अधीक्षक विजयशंकर

» एसपी समेत पुलिस के अधिकारियों का सम्मान

मिश के उचित निर्देशन में समूचे जनपद में पूर्व में हिंदू मुस्लिम के समस्त पर्वों को भाईचारे एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाए जाने को लेकर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की उपस्थिति में एसपी धवल जायसवाल व अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र सहित सदर राधानगर थाना प्रभारी रमेश पटेल को शाल ओढ़ाकर व प्रतीक सिंह भेंटकर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल ने बताया कि इस तरह का कार्यक्रम सम्पूर्ण जिले में स्थानीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं।

# यह है भाजपा सरकार की असली किसान सम्मान निधि की हकीकत : अखिलेश यादव

विश्ववार्ता संवाददाता

**अमेठी।** अमेठी में तहसीलदार कर्मियों द्वारा कर्जदार की हुई पिटाई का मामला शुक्रवार को तब सुर्खियों में आ गया जब सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियो को खुद सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने फेश बुक आई डी से सार्वजनिक करते हुए भाजपा सरकार पर तंज कसा है । अखिलेश यादव ने कहा कि यह भाजपा सरकार के असली ₹किसान सम्मान ₹का वीडियो है ।

उन्होंने लिखा कि भाजपा किसान विरोधी थी है और हमेशा रहेगी ।धनजीवी भाजपा धनिकों की सरकार है जिसमें गरीबों, किसानों और मजबूरों के लिए कोई स्थान नहीं सिर्फ अपमान ही अपमान है। पूर्व मुख्यमंत्री के फेसबुक आईडी से कर्जदार की पिटाई

» कर्जदार की पिटाई मामले को अखिलेश यादव ने किया ट्रोल

का वीडियो वायरल होने के बाद मामले ने और भी तूल पकड़ लिया है प्रशासन की हो रही फजीहत में इजाफा हो रहा है। हर कोई सोशल मीडिया में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहा है। उधर प्रशासन बचाव में अपनी कसीदे पढ़ रहा है। प्रशासन का कहना है कि कर्जदार व उनके पिता से किसी प्रकार की अभद्रता वह मारपीट नहीं हुई है बल्कि उल्टे कर्जदार के पिता ने ही कर्मियों से हाथा पाई की है। जिस कारण उन लोगों ने हल्का बल प्रयोग किया है।

बड़े बकाये दारों के खिलाफ चल रही वसूली अभियान के तहत तहसीलदार तिलोई अभिषेक कुमार यादव मातहत कर्मियों व हमराहियों के साथ बतिया गांव वसूली के लिए पहुंचे, जहां वसूली के दौरान बकाए दार व परिजनों से तकरार हो गई। तभी तहसीलदार के हमराहियों ने बकाये दार को जमकर पीटा हस्तक्षेप करने बुजुर्ग पीटना चालू कर दिया। बेटे को मार खाता देख बुजुर्ग पिता बचाव में आया तो उन बेरहम प्रशासन द्वारा बुजुर्ग पर भी डंडे बरसाए गए ।

प्रशासन द्वारा बकाये दार को वाहन पर जबरिया बैठा कर तहसील लाया गया जहां उसे हवालात में रखा गया ।काफी देर के बाद बकाया जमा करने की शर्त पर उसे रिहा किया गया। यह मामला कई दिनों बाद सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है तहसील प्रशासन ने इस बाबत सफाई पेश की है।

# सत्यपथ फाउण्डेशन ने किया छात्रवृत्ति योजना का शुभारम्भ

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर में सत्यपथ फाउण्डेशन द्वारा संचालित राधेश्याम त्रिपाठी छात्रवृत्ति परीक्षा 2025 के कार्यक्रम का शुभारम्भ कादीपुर नगर पंचायत सभागार में हुआ। फाउण्डेशन के संरक्षक सत्या माइक्रो कैपिटल लिमिटेड के सीईओ विवेक तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, फाउण्डेशन के निदेशक गिरिजेश तिवारी, रामविनय सिंह ने किया।कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर संरक्षक विवेक तिवारी ने बताया कि आर्थिक रूप से वंचित लेकिन शैक्षणिक रूप से प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को वित्तीय सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करना है ताकि वे वित्तीय बाधाओं से से मुक्त होकर अपनी शिक्षा पूरी कर सके। और अपने गांव, तहसील, जिला, राज्य तथा राष्ट्र की उन्नति प्रगति में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए सक्षम हो सके। छात्रवृत्ति पात्रता के मापदंड को लेकर बताया कि प्रतिभागी केवल सुलतानपुर जिले की कादीपुर तहसील के स्थायी निवासी ही प्रतिभाग कर सकते हैं।

परीक्षार्थी शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान कादीपुर तहसील क्षेत्र स्थित स्कूल में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत होना चाहिए। छात्रवृत्ति की अवधि चार वर्षों की होगी।

कक्षा 9 के लिए 9000/- कक्षा 10- में 10000 कक्षा 11 में 11000 कक्षा 12 में 12000 रुपए प्रति वर्ष अभिभावक या छात्र के खाते में जमा की जायेगी। छात्रवृत्ति योजना कार्यक्रम आज से शुरू हुआ है अब छात्र-छात्राएं अपना आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अन्तिम तिथि 10 मार्च है।

# गृह मंत्री का पुतला फूंकने में दो गिरफ्तार



विश्ववार्ता संवाददाता

**अमेठी।** गुरुवार की रात अमेठी थाना क्षेत्र के अंबेडकर मोड़ के निकट केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंकने के मामले में पुलिस ने सपा के जिला पंचायत सदस्य समेत दो अन्य साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है । पुलिस ने नामजद आरोपियों में से दो को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया है।

» सपा नेता व जिला पंचायत सदस्य है एक आरोपी

सपा नेताओं के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमे को लेकर अमेठी की राजनीति और भी गरमा गई है।विरोध प्रदर्शन उग्र होने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

अमेठी पुलिस ने गुरुवार की रात केंद्रीय गृहमंत्री का पुतला फूंके जाने के आरोप में ग्राम भादर निवासी जिला पंचायत सदस्य विजय श्याम यादव उर्फ दादा समेत पूरे जोगजीत भावसिंहपुर निवासी अनुपम यादव पुत्र रामचंद्र यादव एवं बेसवन पट्टी भैरोपुर थाना संग्रामपुर निवासी सचिन यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने नामजत आरोपियों में से दो अभिक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने उठाईं समस्याएं

विश्ववार्ता संवाददाता

**खागा, फतेहपुर।** ऐरायां विकास खंड क्षेत्र के प्रेमनगर कस्बा स्थित दावतपुर मोड के समीप भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के किसानों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम व प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित सिंह चौहान के अलावा विशिष्ट अतिथि प्रदीप सिंह चौहान रहे। संचालन सुनील कुमार गौतम ने किया।

प्रेमनगर कस्बा के दावतपुर मोड़ पर आयोजित महापंचायत में किसानों की समस्याओं का निराकरण करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित सिंह चौहान ने कहा कि किसानों की हर समस्याएं अपनी समस्याएं हैं। इसे हरसंभव

» किसानों की समस्याओं पर अधिकारियों व पुलिस से की वार्ता

संबंधित विभाग के अधिकारियों से सुलझाई जाएगी और यदि आवश्यकता पड़ेगी तो महापंचायत के माध्यम से समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा।

महापंचायत में प्रदीप सिंह चौहान ने क्षेत्र से आए सैकड़ो किसानों की समस्याओं का निराकरण करते हुए कहा कि किसानों की बिजली से संबंधित शिकायतों को क्षेत्रीय विद्युत जेई गुलाब चंद्र और एसडीओ दीपक से वार्ता कर समस्याओं को शीघ्र निस्तारित किए जाने पर बल दिया।

**आयोजन** गौरव सोनी को मिला बेस्ट चैंपियन आप सपोर्ट डे का खिताब

# पंचवटी प्ले स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुल्तानपुर।** नगर के दरियापुर, भारत प्रिंटिंग प्रेस गली स्थित नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए पंचवटी प्ले स्कूल का आगामी वर्ष 2 जनवरी 2025 में विंटर चैंप का आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारी के लिए नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता पर्यावरण पार्क में एनुअल स्पोर्ट डे के नाम से मनाया गया। विभिन्न प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रतिभाग लेकर पुरस्कार प्राप्त किया।

पंचवटी प्ले स्कूल एण्ड डे केयर के डायरेक्टर कंचन कसौधन ने बताया कि दरियापुर भारत प्रिंटिंग प्रेस गली स्थित है। जिसका शुभारंभ 3 जुलाई 2024 को परम पूज्य श्री श्री रविशंकर महाराज (गुरु भाई) के कर कमलो द्वारा किया गया था।



जहां पर बच्चों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता में गौरव सोनी ने बेस्ट चैंपियन आफ स्पोर्ट डे का खिताब हासिल किया। इसी क्रम में मानुषी, अनिरुद्ध, अप्रमेय, अनन्या, विवान, अदिति ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त कर मेडल अपने नाम किया।

स्कूल की डायरेक्टर कंचन कसौधन ने बताया कि आगामी वर्ष के 2 जनवरी प्ले स्कूल के बच्चों द्वारा विंटर कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें बच्चों को आत्मरक्षा, म्यूजिक, गीत, संगीत, योग का क्लास चलेगा।

# जस्टिस शेखर यादव के समर्थन में उतरा अधिवक्ता परिषद

विश्ववार्ता संवाददाता

**फतेहपुर।** अधिवक्ता परिषद उत्तर प्रदेश ने जस्टिस शेखर यादव द्वारा पिछले दिनों राष्ट्रीय परिपेक्ष्य में दिए गए वक्तव्य के समर्थन में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। परिषद के ज़िलाध्यक्ष रवींद्र परमार की अगुवाई में अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधि मंडल डीएम से मिला और ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि देश विरोधी ताकते इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर यादव द्वारा राष्ट्रीय संदर्भ में दिए गए वक्तव्य को तोड़ मरोड़कर प्रस्तुत कर बदनाम करने व न्यायालयों पर हमला करने का कुत्सित प्रयास कर रही हैं। जिसमें अधिवक्ता समाज व्यथित व आहत महसूस कर

» राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, वक्तव्य को तोड़ मरोड़कर प्रस्तुत करने का आरोप

रहा है। कहा कि अधिवक्ता समाज देश विरोधी तत्वों द्वारा किए जा रहे ऐसे सभी प्रयासों एवं कथनों की निंदा करता है जो राष्ट्र में सौहार्दपूर्ण वातावरण को नष्ट कर विकास में बाधा उत्पन्न करना चाहते हैं।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि अधिवक्ता समाज जस्टिस शेखर यादव द्वारा दिए गए वक्तव्य का पुरजोर समर्थन करता है। कलकत्ता के मेयर और बंगाल सरकार के मंत्री फिरहाद हकीम के कथन की भर्त्सना व निंदा करता है।

## एक नजर

### बाल भिक्षा रोकने के लिए पंजाब में चला अभियान

**जालंधर।** पंजाब के सामाजिक सुरक्षा और स्त्री एंव बाल विकास विभाग के दिशा-निर्देशों अनुसार प्रोजेक्ट जीवन जोत के अंतर्गत ज़िले में बाल भिक्षा को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को दो लड़कियों को रेसक्यू किया गया। ज़िला बाल सुरक्षा अधिकारी अजय भारती ने इस सम्बन्धित जानकारी देते बताया हुए बताया कि बाल भिक्षा को रोकने के लिए इस मुहिम के अंतर्गत शहर के बी.एम.सी. चौंक, चुनमुन चौंक, गुरू नानक मिशन, कपूरथला चौंक सहित अलग-अलग स्थानों पर चैकिंग की गई, जिस दौरान दो लड़कियाँ को रेसक्यू किया गया, जो भीख मांग रही थी। उन्होंने बताया कि टीम ने रेसक्यू की गई लड़कियों का चार नंबर थाने में डी.डी.आर.करवाने उपरांत सिविल अस्पताल से मैडीकल करवाया गया। लड़कियों को बाद में बाल भलाई समिति जालंधर के पास पेश कर शेल्टर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सामाजिक सुरक्षा और स्त्री एंव बाल विकास विभाग द्वारा यह चैकिंग अभियान पूरे पंजाब में लगातार चलाया जा रहा है। जिससे दूसरे राज्यों से आए प्रवासियों को पंजाब में भीख मांगने से रोका जा सके और भीख मांगने में लगे बच्चों को शिक्षा के साथ जोड़ कर उनके भविष्य को रौशन किया जा सके।

### न्यूजर्सी व न्यूयॉर्क में ड्रोन उड़ानों पर प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विमानन अधिकारियों ने पूर्वी अमेरिका में अज्ञात ड्रोन देखे जाने के बाद न्यूजर्सी प्रांत में 22 और न्यूयॉर्क प्रांत में 29 बुनियादी ढांचा स्थलों पर ड्रोन के उपयोग पर 30 दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। बीबीसी की ओर से शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिबंध न्यू जर्सी और अन्य राज्यों में कई सप्ताह तक अज्ञात ड्रोन देखे जाने के बाद लगाया गया है। इन अज्ञात मानवरहित हवाई जहाज की बढ़ती गतिविधियों से स्थानीय लोगों में चिंता पैदा हो गई है। फिलहाल, अधिकारियों ने स्पष्ट उत्तर नहीं दिये हैं। एफएए ने कहा कि कानून प्रवर्तन एवं आपदा प्रतिक्रिया मिशन जैसी कुछ एजेंसियां प्रतिबंधों में शामिल नहीं हैं। कुछ वाणिज्यिक ड्रोन संचालन को कुछ प्रतिबंधों के तहत अनुमति दी जाती है, लेकिन ऑपरेटरों को एक वैध कार्य विवरण और एक स्वीकृत विशेष सरकारी हित हवाई क्षेत्र छूट प्राप्त करनी होगी।

### मेले में भीड़ के कुचले जाने से 35 बच्चों की मौत

**अबुजा (नाइजीरिया)।** दक्षिण पश्चिम नाइजीरिया में बुधवार को एक मनोरंजन मेले में भीड़ के कुचलने से कम से कम 35 बच्चों की मौत हो गई और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ओयो राज्य पुलिस के प्रवक्ता ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि इबादान शहर के इस्लामिक स्कूल में हुई घटना में कथित संलिप्तता के लिए आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों में कार्यक्रम का मुख्य प्रायोजक भी शामिल है।

### ईरान-तुर्की ने मध्य पूर्व की स्थिति पर की चर्चा

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने काहिरा में डी-8 मंत्रिस्तरीय बैठक के इतर अपने तुर्की समकक्ष हाकन फिदान के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने गाजा संघर्ष और सीरिया में नवीनतम घटनाक्रम सहित मध्य पूर्व की स्थिति पर चर्चा की। ईरानी विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा, "ईरानी और तुर्की के विदेश मंत्रियों ने नवीनतम क्षेत्रीय विकास की समीक्षा की, जिसमें गाजा की वर्तमान स्थिति और फिलिस्तीन और लेबनान में लोगों के खिलाफ यहूदी शासन द्वारा जारी अत्याचारों पर ध्यान केंद्रित किया गया। दो शीर्ष राजनयिकों ने विशेष रूप से सीरिया के रक्षा और आर्थिक बुनियादी ढांचे के खिलाफ शासन की आक्रामकता पर प्रकाश डाला।

### मिसाइलों की आपूर्ति के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर

**मॉस्को।** अमेरिका ने 131 टॉमहॉक लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों की खरीद के लिए 40 करोड़ डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। जिनमें से 42 मिसाइलें अमेरिकी सशस्त्र बलों के लिए और 78 जापान के लिए हैं। अमेरिका के रक्षा विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग ने गुरुवार को एक बयान में कहा, "रेथियॉन कंपनी, टक्सन, एरिजोना को 131 पूर्ण दर उत्पादन ब्लॉक वी टैक्टिकल टॉमहॉक ऑल अप राउंड मिसाइलों की खरीद के लिए फर्म-निर्धारित मूल्य से अधिक का अनिश्चित अनुबंध दिया गया है। जिसमें सेना के लिए 26, मरीन कॉर्प्स, के लिए 16 ,ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रमंडल के लिए 11 और जापान सरकार के लिए 78 मिसाईलें शामिल है।

### यूक्रेन में सैनिकों की तैनाती पर नहीं किया फैसला

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ ने यूक्रेन में अपने सैनिकों की तैनाती पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है। ज़ेलेंस्की ने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात उसय कही जब उनसे कीव के लिए सुरक्षा गारंटी के बारे में पूछा गया और क्या वे यूक्रेन में पश्चिमी सैनिकों की तैनाती को शामिल करेंगे। उन्होंने कहा, "वास्तव में, मैं अब इस पर सार्वजनिक रूप से चर्चा नहीं कर सकता... इस मुद्दे पर कोई निर्णय नहीं हुआ है। कुछ इच्छा है, राजनीतिक इच्छाशक्ति है... मैं निर्णय लेने से पहले विवरण साझा नहीं कर सकता, यह अमेरिका और यूरोपीय संघ का एकीकृत निर्णय है। यह बहुत महत्वपूर्ण है।

### रूस ने यूक्रेन के 36 ड्रोन मार गिराये

**मॉस्को।** रूस के वायु रक्षा बल ने गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात रूसी क्षेत्रों में 36 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, पिछली रात, कीव सरकार की ओर से रूसी संघ के क्षेत्र में लक्ष्यों पर ड्रोन के माध्यम से आतंकवादी हमले करने के प्रयासों को रोक दिया गया। वायु रक्षा प्रणालियों ने 36 यूक्रेनी यूएवी को नष्ट कर दिया। बयान के अनुसार, क्रास्नोडार क्षेत्र में 16 ड्रोन, काला सागर में 14, ब्रायंस्क क्षेत्र में पांच और बेलगोरोद क्षेत्र में एक ड्रोन को मार गिराया गया।

### रामाराव की गिरफ्तारी पर एक सप्ताह के लिए रोक

**हैदराबाद।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने फॉर्मूला-ई कार रेस मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव की गिरफ्तारी पर एक सप्ताह के लिए रोक लगा दी है। न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए शुक्रवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को अपनी जांच जारी रखने की अनुमति तथा तेलंगाना सरकार को 30 दिसंबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 27 दिसंबर को निर्धारित है। श्री रामाराव ने अपराध निरोधी ब्यूरो (एसीबी) द्वारा उनके खिलाफ दर्ज मामले को खारिज करने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय में लंच मोशन याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान अदालत में केटीआर की ओर से उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सुंदरम उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह मामला एक राजनीतिक साजिश का हिस्सा है।

# उत्तराखंड में अवैध मदरसों पर होगी कार्रवाई

## सीएम धामी का निर्देश, चारधाम यात्रा प्राधिकरण की सभी प्रक्रियाएं 30 जनवरी तक करें पूरी

एजेंसी

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कहा कि यदि मदरसे से अवैध पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सीएम धामी ने यहां सभा को संबोधित करते हुए कहा,"मैने गृह विभाग पुलिस एवं अल्पसंख्यक बोर्ड को निर्देश दिया है कि वह प्रदेश में चल रहे सभी मदरसों की जांच करें और उनमें पढ़ने वाले छात्र तथा छात्राओं की भी जांच की जाए। उनका पुराना रिकॉर्ड भी चेक किया जाए। मदरसे अवैध पाए जाते हैं और उन्हें पढ़ने वाले संदिग्ध लगते हैं तो उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। शासकीय आवास में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उत्तराखंड की आगामी चारधाम यात्रा के



सफल संचालन और सुगम बनाने के लिए अभी से पूरी तैयारी की जाए। यात्रा की सभी व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए यात्रा प्राधिकरण बनाने के लिए सभी प्रक्रियाएं 30 जनवरी, 2025 तक पूरी कर ली जाए।

सीएम ने कहा कि आगामी जनवरी माह 2025 में समान नागरिक संहिता बिल लागू कर दिया जाएगा। 2022 के चुनाव में हमने जनता से वादा किया था कि वह प्रदेश में सम्मान नागरिक संहिता कानून लाया जाएगा इसके लिए पहले ही हमने विधेयक पारित कर दिया है। धामी ने शुक्रवार को लगभग 54 लाख करोड़ रुपए की लागत से तैयार विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण किया जिसमें मुख्य रूप से भला स्टेडियम के पास स्थित नवनिर्मित सिटी स्पोर्ट्स कंपलेक्स का शिलान्यास किया। सिटी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में विभिन्न खेलों की गतिविधियां संचालित की जा सकेगी और खिलाड़ी इसका फायदा ले सकेंगे।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा रुड़की जनपद में विभिन्न नगर निगम एवं नगर पालिकाओं के अंतर्गत स्कूलों एवं अन्य योजनाओं का भी लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है जिसमें राजकीय प्राथमिक विद्यालय सालियर को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने की योजना भी शामिल है। सिटी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में बैडमिंटन कोर्ट के अलावा इनडोर क्रिकेट प्रैक्टिस पिच एवं बॉक्स बनाया गया है इसके अलावा स्क्वैश कोर्ट जिम तथा कैफे भी बनाया गया है। साथ ही साथ टेबल टेनिस खेलने की भी व्यवस्था की गई है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने शासकीय आवास में उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि आगामी 15 जनवरी तक चारों धामों के तीर्थ पुरोहितों और हितधारकों के साथ बैठक कर उनके सुझाव लिए जाएं। तीर्थ पुरोहितों और स्टॉक होल्डरों से सुझाव लेकर यात्रा प्रबंधन के लिए जो अच्छा हो सकता है, वह किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी का बेहतर इस्तेमाल करते हुए यात्रा पंजीकरण की व्यवस्था मजबूत की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के इन चारों धामों की यात्रा राज्य के मान और सम्मान से जुड़ी यात्रा है।

### एक सप्ताह में आरक्षण संबंधी अधिसूचना जारी करे सरकार

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने किच्छा नगर पालिका से जुड़े प्रकरण में सुनवाई करते हुए शुक्रवार को प्रदेश सरकार को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के अंदर किच्छा नगर पालिका के लिए अंतिम आरक्षण संबंधी अधिसूचना जारी करे।

किच्छा निवासी नईमुलसान खान की ओर से इस मामले को चुनौती दी गई। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ में गुरुवार और शुक्रवार को लगातार इस मामले में सुनवाई हुई।

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि प्रदेश में हरिद्वार जिले को छोड़कर 44 नगरपालिकाएं मौजूद हैं। प्रदेश सरकार ने विगत 14 दिसंबर को 43 नगर पालिकाओं के अध्यक्ष पदों के लिये आरक्षण की अंतिम अधिसूचना जारी कर दी। किच्छा नगरपालिका को इससे वंचित कर दिया गया। याचिकाकर्ता की ओर से आशंका जताई गई कि सरकार किच्छा नगर पालिका का चुनाव टालना चाहती है।

# रणनीति बना झारखंड में नशे के कारोबार पर कसें नकेल

» पोस्ते की खेती करने वालों को वन विभाग करें हतोत्साहित

एजेंसी

**रांची।** झारखंड के मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा है कि सभी संबंधित विभाग नशे के कारोबार पर रणनीति बना कर नकेल कसें। उन्होंने शुक्रवार को निर्देश दिया कि पोस्ते की खेती, उसकी फसल से अफीम का उत्पादन और वितरण मार्ग पर पैनी नजर रखें।

उन्होंने कहा कि पोस्ते की खेती से ज्यादा आमदनी होने के कारण ही लोग इसमें संलग्न होते हैं। वे जेल जाने तक से नहीं डरते। इसे लेकर पोस्ते की खेती से लोगों को निरुत्साहित करने और कृषि विभाग से मिलकर आमदनी का वैकल्पिक साधन उपलब्ध कराने की जरूरत है। वह शुक्रवार को सचिवालय में पोस्ते की खेती पर रोकथाम को लेकर गृह विभाग द्वारा आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की पहचान करने, धर-पकड़ करने के साथ ज्यादा जरूरी है। सजा दिलाने के बिंदू पर भी फोकस करें। नशे के कारोबार से जुड़े पूरे नेटवर्क को ध्वस्त कर ही हम मुकम्मल सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर पोस्ते की खेती जंगल में जलाशयों के पास होती है। वन विभाग जिला प्रशासन से समन्वय बनाकर ऐसे स्थलों को चिह्नित करे और फसलों को नष्ट करने के साथ इसकी खेती से जुड़े लोगों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# रक्षा प्रबंधन क्षमता में वृद्धि से रक्षा निर्यात बढ़ेगा : मुर्मु

» सिकंदराबाद में कॉलेज ऑफ डिफेंस में आयोजित कार्यक्रम को राष्ट्रपति ने किया संबोधित

एजेंसी

**हैदराबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि भारत की रक्षा प्रबंधन क्षमता में वृद्धि से कूटनीतिक और सैन्य साझेदारी मजबूत होगी तथा रक्षा निर्यात में बढ़ोतरी होगी।

सुश्री मुर्मु ने सिकंदराबाद में कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट (सीडीएम) में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इससे भारत को वैश्विक सुरक्षा मंचों पर सक्रिय रुख बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने जोर दिया कि भारतीय रक्षा क्षेत्र में वरिष्ठ रणनीतिक नेतृत्व



वैश्विक सुरक्षा खतरों का सक्रियता से जवाब देते हुए भारत को अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, "मुझे विश्वास है कि आपके सामूहिक प्रयास और व्यक्तिगत उत्कृष्टता 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने के सपने को साकार करने में मदद करेगी। हमारे सशस्त्र बलों के कर्मियों को नवीनतम तकनीकी विकास के साथ-साथ बदलती परिचालन गतिशीलता के साथ खुद को अपडेट रखने की आवश्यकता है। ग्रे जोन और हाइब्रिड युद्ध के इस युग में सीडीएम जैसी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा, "युद्ध के मैदानों से परे भी युद्ध लड़े जाते हैं। आज हम मनोवैज्ञानिक युद्ध देख रहे हैं।" अधिकारियों से समय के साथ निरंतर विकसित होने और तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा , "इस त्रि-सेवा प्रशिक्षण संस्थान को राष्ट्रपति ध्वज प्रदान करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। यह अवसर भविष्य के लिए हमारे सशस्त्र बलों के रणनीतिक नेताओं को विकसित करने में रक्षा प्रबंधन कॉलेज की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। मैं पिछले पांच दशकों में इस संस्थान की यात्रा में शामिल सभी लोगों को बधाई देती हूं।" राष्ट्रपति ने कहा कि यह जानकर खुशी हो रही है कि भारतीय अधिकारियों के अलावा, मित्र विदेशी देशों के सैकड़ों वरिष्ठ अधिकारियों को भी वर्षों से यहां प्रशिक्षित किया गया है।

# नदी जोड़ो परियोजनाओं पर राज्य बनाएं सहमति

» शनदियों को जोड़ने के लिए बनी विशेष समिति ने की बैठक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जल विकास प्राधिकरण (एनडब्ल्यूडीए) सोसायटी की 38 वीं वार्षिक आम बैठक और नदियों को जोड़ने के लिए विशेष समिति (एससीआईएलआर) की 22वीं बैठक का नयी दिल्ली में आयोजन किया गया जिसमें पार्वती कालीसिंध चंबल और केन बेतवा नदी संपर्क परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई।

पाटिल ने सभी राज्यों से प्रस्तावित नदी जोड़ो परियोजनाओं पर आपसी सहमति विकसित करने का अनुरोध है भी किया । जल शक्ति मंत्रालय की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्री



पाटिल ने एमपीकेसी (संशोधित पार्बती कालीसिंध चंबल) और केन बेतवा लिंक परियोजना पर हाल ही में हुई प्रगति का उल्लेख किया। उन्होंने हाल ही में जयपुर में राजस्थान की विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन के लिए आयोजित कार्यक्रम और प्रधानमंत्री द्वारा एमपीकेसी लिंक परियोजना के एमओए पर हस्ताक्षर करने की घोषणा के बारे में भी जानकारी दी।

पाटिल ने अन्य राज्यों से अनुरोध किया कि वे अपने देश के विकास में भविष्य की प्रगति के लिए अपनी संबंधित लिंक परियोजनाओं पर आम सहमति बनाएं। सचिव (डीओडब्लूआर, आरडी और जीआर) ने कहा कि हाल के वर्षों में नदियों को जोड़ने के कार्यक्रम में पर्याप्त प्रगति हुई है। उन्होंने विशेष रूप से केन-बेतवा लिंक परियोजना का उल्लेख किया यह कार्यान्वयन के तहत राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना की पहली कड़ी है। सचिव ने उल्लेख किया कि जल संसाधनों का प्रबंधन भारत सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक रहा है और नदियों को जोड़ने (आईएलआर) के कार्यक्रम को सरकार द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

बैठक में एनडब्ल्यूडीए महानिदेशक की ओर से बैठक के एजेंडा पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। आईएलआर परियोजनाओं के लिए विभिन्न कार्यों की स्थिति और लंबित मुद्दे और अड़चनों, एनडब्ल्यूडीए और इंट्रा स्टेट लिंक्स के वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट और लेखापरीक्षित खातों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### इसरो पहली बार अंतरिक्ष डॉकिंग स्पेडेक्स मिशन के लिए तैयार

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपनी अंतरिक्ष यात्रा में एक और मील का पत्थर कायम करने और चंद्रयान-4 (चौथे चंद्र मिशन) और गगनयान सहित भविष्य के मिशनों के लिए गेम चेंजर साबित होने के लिए पूरी तरह तैयार है। उसने 30 दिसंबर को शार रेंज से अपने पहले अंतरिक्ष डॉकिंग मिशन स्पेसडेक्स उपग्रह के लिए तैयारियां पूरी कर ली है। इसरो मिशन के लिए अपने विश्वसनीय और 'वर्कहॉर्स प्रक्षेपण वाहन पीएसएलवी -सी 60 का उपयोग करेगा और पूरी संभावना है कि इसे श्रीहरिकोटा के स्पेसपोर्ट में पहले लॉन्च पैड से प्रक्षेपित किया जायेगा। इसरो ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहाः "आंतरिक स्रोतों के माध्यम से, हमने पुष्टि की है कि स्पैडेक्स के अलावा, इसरो अपने अगले मिशन - पीएसएलवी-सी 60 पर रोबोटिक आर्म प्रयोग के माध्यम से अपने टेथर्ड सैटेलाइट कैप्चर का संचालन करने के लिए भी तैयार है!

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में अर्बन नक्सल भी थे

» महाराष्ट्र विधानसभा में सीएम फडणवीस का बड़ा खुलासा, काठमांडू में हुई बैठक

एजेंसी

**मुबंई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शुक्रवार को विधानसभा में आरोप लगाया कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा में अर्बन नक्सल संगठन शामिल थे। उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों को अस्थिर करने की साजिश रचने के लिए नेपाल में एक बैठक की।

विधानसभा में फडणवीस ने कहा कि वित्तीय राजधानी में अशांति पैदा करने के लिए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले 15 नवंबर को काठमांडू में बैठक की गई थी। फडणवीस ने कहा कि आतंकवाद



निरोधी दस्ते (एटीएस) ने चुनावों में आतंकवादी फंड के इस्तेमाल की जांच शुरू कर दी है और दावा किया है कि विदेशी हस्तक्षेप के सबूत हैं। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में बताया कि 15 नवंबर को, काठमांडू में एक बैठक हुई जिसमें (राहुल गांधी के नेतृत्व वाली) भारत जोड़ो यात्रा में भाग लेने वाले कुछ संगठनों ने भाग लिया। बैठक में ईवीएम का विरोध, और महाराष्ट्र और भाजपा शासित राज्यों में मतपत्र की शुरूआत जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

# सुतंथिरन ने ट्रूडो सरकार की नीतियों पर साधा निशाना

» कनाडा में भारतीय हिंदू प्रवासी के खिलाफ बढ़ती ज़ेनोफोबिया न्याय को पहुंचा रही ठेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** टीमबेस्ट ग्लोबल कंपनियों के संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. कृष्णन सुतंथिरन ने कनाडा में भारतीय व्यवसायियों के साथ हो रहे आर्थिक और धार्मिक भेदभाव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार पर भारतीय मूल के लोगों के खिलाफ षड्यंत्रकारी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार का उल्लंघन करार दिया।

डॉ. सुतंथिरन ने यहां प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में शनिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,"कनाडा में भारतीय हिंदू प्रवासी के खिलाफ बढ़ती ज़ेनोफोबिया की लहर न्याय और गरिमा के सिद्धांतों को ठेस पहुंचा रही है। ये केवल अधिकार नहीं हैं, ये हमारे अस्तित्व के आधारभूत सिद्धांत हैं।"भारतीय मूल से जुड़े होने पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासी पूरे विश्व में शांति, प्रगति और समृद्धि का संदेश दे रहे हैं।

### चीन और भारत के बयानों में कुछ भी अलग नहीं

**नयी दिल्ली।** भारत ने आज कहा कि चीन के साथ विशेष प्रतिनिधि स्तर की बैठक को लेकर चीनी पक्ष के बयान में ऐसा कुछ नहीं है जो भारत के प्रेस वक्तव्य में नहीं लिखा गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नियमित ब्रीफिंग में चीनी पक्ष के बयान में छह बिन्दुओं पर सहमति बनने की बात कहे जाने को लेकर संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा, "हमने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में चर्चा किए गए मुद्दों का विवरण दिया है। दोनों पक्षों ने 2005 में सहमत राजनीतिक मापदंडों और मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार सीमा प्रश्न के समाधान के लिए एक निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य ढांचे का पता लगाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।

# सांसद जनता की अपेक्षाओं का करें सम्मान

» धनखड़ ने सांसदों से जवाबदेही और आत्मनिरीक्षण का किया आह्वान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को सांसदों से जनता के विश्वास और अपेक्षाओं का सम्मान करने की अपील करते हुए कहा कि दुनिया हमारे लोकतंत्र को देखती है, फिर भी हम अपने आचरण से अपने नागरिकों को निराश करते हैं। ये संसदीय व्यवधान जनता के विश्वास और अपेक्षाओं का मज़ाक उड़ाते हैं।

श्री धनखड़ ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद विपक्ष



विशेषकर कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित करने से पहले सांसदों से जवाबदेही और आत्मनिरीक्षण का आह्वान भी किया। उन्होंने सदन में व्यवधान के बीच संसदीय कार्यवाही की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा,"माननीय सदस्यों, दुनिया हमारे लोकतंत्र को देखती है, फिर भी हम अपने आचरण से अपने नागरिकों को निराश करते हैं। ये संसदीय व्यवधान जनता के विश्वास और अपेक्षाओं का मज़ाक उड़ाते हैं। परिश्रम के साथ सेवा करने का हमारा मौलिक कर्तव्य उपेक्षित है। जहाँ तर्कसंगत संवाद होना चाहिए, वहाँ हम केवल अराजकता देखते हैं। मैं प्रत्येक सांसद से, चाहे वह किसी भी पार्टी का हो, अपने विवेक की जाँच करने का आग्रह करता हूँ।" उन्होंने कहा, " हमारे लोकतंत्र के नागरिक - मानवता का छठा हिस्सा - इस तमाशे से बेहतर के हकदार हैं। हम उन बहुमूल्य अवसरों को बर्बाद कर देते हैं, जो हमारे लोगों की भलाई के लिए काम आ सकते थे। मुझे उम्मीद है कि सदस्य गहराई से आत्मनिरीक्षण करेंगे, और नागरिक अपनी जवाबदेही का प्रयोग करेंगे।

### बुलेट ट्रेन निर्माण स्थलों पर श्रमिकों को किया जागरुक

**अहमदाबाद।** बुलेट ट्रेन निर्माण स्थलों पर 100 नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से 13,000 से अधिक श्रमिकों के लिए सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से शुक्रवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के निर्माण स्थलों पर श्रमिकों की सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए नुक्कड़ नाटक की श्रृंखला के अंतर्गत एक जागरूकता अभियान, 'प्रयास आयोजित किया गया। यह अभियान एमएएचएसआर कॉरिडोर के लिए 100 से अधिक निर्माण स्थलों पर 13,000 से अधिक श्रमिकों के लिए आयोजित किया गया। दो-भाग की यह श्रृंखला, इस वर्ष जून और दिसंबर में आयोजित की गई। इन नुक्कड़ नाटक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य एक आकर्षक और संवादात्मक प्रारूप के माध्यम से निर्माण स्थलों पर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में श्रमिकों को जागरूक करना और शिक्षित करना है ।

पहल | राजस्थान में पुलिस विभाग उर्दू के शब्दों और उनके हिंदी विकल्पों की जुटा रहा जानकारी

# उर्दू की जगह हिंदी शब्दों का प्रयोग करेगी राजस्थान पुलिस

एजेंसी

**जयपुर।** आम जनता को पुलिस की बात आसानी से समझाने के लिए राजस्थान की पुलिस अब उर्दू की जगह हिन्दी के शब्दों का प्रयोग करेगी। उर्दू के कुछ शब्द आम बोलचाल में कम इस्तेमाल होते हैं जबकि पुलिस उनका प्रयोग करती है, जिससे लोगों को खासी परेशानी होती है। इस समस्या को दूर करने के लिए राजस्थान की भाजपा सरकार पुलिस विभाग में भाषा को लेकर एक बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है।

बताया जा रहा है कि पुलिस की बात आम जनता को आसानी से समझाने के लिए पुलिस विभाग उर्दू के शब्दों और उनके हिंदी विकल्पों की जानकारी जुटा रही है। जनता को बात आसानी से समझ में आए इस बाबत राज्य के गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम पुलिस विभाग को पत्र भी लिखा था। उनके पत्र के बाद पुलिस हेडक्वॉर्टर ने ऐसे शब्दों और उनके हिंदी विकल्पों के बारे में जानकारी मांगने की कवायद शुरू कर दी है। पुलिस महानिदेशक यूआर साहू ने पिछले महीने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) को चिट्ठी लिखकर उर्दू के उन शब्दों का ब्योरा जुटाने को कहा था जो पुलिस के कामकाज में आमतौर पर इस्तेमाल हो रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिया था कि वे पता लगाएं कि पुलिसिंग में उर्दू के कौन-कौन से शब्दों का इस्तेमाल हो रहा है और उनकी जगह हिंदी के किन शब्दों का उपयोग किया जा सकता है। पत्र में उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को हिंदी के नए शब्दों की जानकारी देने, ट्रेनिंग मैटेरियल से उर्दू शब्दों को हटाने और फिलहाल जारी ट्रेनिंग प्रोग्राम में नए हिंदी शब्दों की जानकारी देने के भी निर्देश दिए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि राजस्थान पुलिस हेडक्वॉर्टर के निर्देशों के अनुपालन में जिला पुलिस अधीक्षकों को उर्दू शब्दों और उनके हिंदी विकल्पों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने को कहा गया है। वहीं, कांग्रेस महासचिव स्वर्णिम चतुर्वेदी ने इस कवायद को लेकर भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि यह अनुचित काम है। उन्होंने कहा कि ऐसे निर्देशों के बजाय राज्य सरकार को कानून व्यवस्था को सुधारने और अपराधों पर लगाम कसने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती जा रही है जिसकी सरकार को कोई परवाह नहीं है।




### राजस्थान के चिकित्सा संस्थानों का 16 दलों ने किया निरीक्षण

**भरतपुर।** राजस्थान में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, सुचारु संचालन एवं स्वास्थ्य मानकों में सुधार के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्टेट रिव्यू मिशन के तहत चिकित्सा संस्थानों का 16 दलों के 48 सदस्यों ने दो दिवसीय सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ भारती दीक्षित की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डॉ दीक्षित ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण करके स्वास्थ्य मानकों को अधिक बेहतर करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, साफ-सफाई सहित अन्य पैरामीटर में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिये चिकित्सा अधिकारी टीम भावना से कार्य करें।

### पंजाबी कलाकारों पर हो सकते हैं हमले

**चंडीगढ़।** पंजाब में लगातार पुलिस थानों और चौकियों पर हो रहे ग्रेनेड हमलों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआईए) ने पंजाब पुलिस को अब पंजाबी कलाकारों पर हमले होने की आशंका जाहिर की है। एनआईए के मुताबिक पंजाबी कलाकारों पर खतरा मंडरा रहा है। इनपुट के बाद चंडीगढ़ में होने वाले पंजाबी गायक एपी ढिल्लों के शो की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ढिल्लों का शो शनिवार को चंडीगढ़ में सेक्टर-25 में होगा, जिसमें दो हजार सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। स्टेज तक कोई संदिग्ध व्यक्ति न पहुंच सके, इसके लिए 4 किलोमीटर दूर पार्किंग बनाई गई है। शो की सुरक्षा में चंडीगढ़ पुलिस के 6 डीएसपी और 6 इंस्पेक्टर भी तैनात रहेंगे। सभी एंट्रीज पर मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। इसके अलावा मोहाली की होमलैंड सोसायटी की सुरक्षा भी बढ़ी दी गई है। यहां बड़ी संख्या में पंजाबी कलाकार रहते हैं।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह***, **एसोसिएट एडिटर-** मलय समीर शर्मा, **उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com